सुप्रभात
रांची, मंगलवार
07.05.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 292
पेज 12- अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

## न्यूज डायरी

### पीएम मोदी अब 11 मई को ही सिमरिया आयेंगे

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का झारखंड का दूसरा दौरा 11 मई को होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले 12 मई को झारखंड दौरे पर आने वाले थे। अब वे 11 मई को ही झारखंड आयेंगे। वे चतरा लोस के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरुवे मैदान में अपराह्न 3 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे।

### राहुल गांधी आज गुमला व चाईबासा में करेंगे जनसभा

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आज सिंहभूम लोस क्षेत्र से जेएमएम प्रत्याशी जोबा मांझी के पक्ष में चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में सभा करेंगे। इसके गुमला के बसिया में लोहरदगा से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में लोगों से वोट की अपील करेंगे।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 85000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## मंत्री आलमगीर के पीएस के नौकर के घर समेत नौ जगहों पर इडी छापा

# ₹30 करोड़ नकद बरामद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में इडी की टीम ने सोमवार की सुबह राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उनके सहायक (नौकर) जहांगीर आलम के ठिकानों समेत नौ जगहों पर छापेमारी की। इडी की टीम जब जहांगीर आलम के कोतवाली थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना स्थित शाहबाग कॉलोनी के फ्लैट में पहुंचे तो वहां जहांगीर सोया हुआ था। इडी के अधिकारियों ने फ्लैट की तलाशी ली तो वहां नोटों से भरा बैग मिला। पलंग के नीचे भी नोटो का बंडल सजा कर रखा गया था। इसके बाद जब पलंग की तलाशी ली गयी तो उसके अंदर से सोने के जेवरात भी मिले। अबतक वहां से 25 करोड़



नकद बरामद हुए, जबकि ठेकेदार मुन्ना सिंह के यहां से पांच करोड़ नकद मिले। समाचार लिखे जाने तक नोटों की गिनती जारी थी। गिनती में पंजाब नेशनल बैंक के कर्मियों को लगाया गया था। सूचना के मुताबिक देर रात तक 30 करोड़ रूपये जब्त किये जा चुके थे। वहीं देर रात तक मंत्री आलमगीर आलम के छह ठिकानों पर छापेमारी जारी रही। हालांकि, कितनी राशि मिली है, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं मिल पायी।

**कहां-कहां हुई ईडी की छापेमारी :** पीएस संजीव लाल का बरियातू स्थित घर, पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर विकास कुमार के सेल सिटी स्थित फ्लैट में, चिरौंदी स्थित इंजीनियर कुलदीप मिंज के आवास पर, पीपी कंपाउंड स्थित ठेकेदार मुन्ना सिंह के घर समेत कई ठेकेदारों के यहां दबिश दी गयी। छापेमारी के क्रम में सीएम के द्वारा इडी को लिखे गये पत्र की कॉपी भी मिली है।

**कौन है संजीव लाल :** बताया जा रहा है कि संजीव लाल झाप्रसे के पदाधिकारी हैं। पिछले चार साल से वह मंत्री आलमगीर आलम के पीएस हैं। इससे पहले वह मंत्री रहे सीपी सिंह का भी पीएस रह चुका है। संजीव लाल पूर्व में रांची के शहर अंचल के सीओ भी थे।

### क्या बोले आलमगीर

ईडी की कार्रवाई पर राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि मीडिया में जो खबरें आ रही हैं उन्हें भी उतनी ही जानकारी है। आलमगीर ने कहा कि अनुभवी लोगों को ही आप्त सचिव बनाया जाता है। संजीव मेरा विभागीय पीएस है, वो सरकारी मुजालिम है और हमलोग जो पीएस को रखते हैं, उसके अनुभव को देख कर ही रखते हैं। इसके पहले भी संजीव एक जगह नहीं दो-दो मंत्री के पीए रह चुके हैं। उसी आधार पर हमलोग उन्हें लाये थे। अब बाकी जो चर्चा चल रही है, जबतक उसका निष्कर्ष नहीं आयेगा, तब तक उसपर कुछ टिप्पणी करना उचित नहीं है। ईडी की जांच में जो आयेगा, उस पर हम बात करेंगे।

## गिरिडीह से एनडीए उम्मीदवार सीपी चौधरी और रांची से कांग्रेस की यशस्विनी ने किया नामांकन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी ने सोमवार को बोकारो समाहरणालय में जिला निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। मौके पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो मौजूद थे। नामांकन के बाद जैनामोड़ के बांधडीह मैदान में आयोजित जनसभा में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि गरीबों के कल्याण के साथ मोदी की गारंटी भ्रष्टाचारियों को जेल में डालने की है।

**मथुरा महतो ने किया नामांकन :** गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने सोमवार को दो सेट में नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान गठबंधन दलों के कई नेता-मंत्री मौजूद थे।



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में यशस्विनी सहाय ने सोमवार को रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष 4 सेटों में अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। नामांकन के समय राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी मौजूद रहे।

**पहली बार चुनावी राजनीति में उतर रही हैं यशस्विनी :** पेशे से अधिवक्ता यशस्विनी सहाय पहली बार राजनीति में उतरी हैं। वह कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनावी राजनीति में कदम रख रही हैं। कांग्रेस पार्टी ने इस बार पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की जगह उनकी बेटी यशस्विनी सहाय को रांची लोस क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। यशस्विनी ने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करूंगी।

## लोस चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग आज

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए आज वोट डाले जायेंगे। इस चरण में दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 94 सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें असम की चार, छत्तीसगढ़ की सात, गोवा की दो, गुजरात की 26, कर्नाटक की 14, बिहार की पांच, महाराष्ट्र की 11, मध्यप्रदेश की आठ, उत्तर प्रदेश की दस, पश्चिम बंगाल की चार, दादर नगर हवेली की दो और जम्मू की एक सीट शामिल है।

**इधर** लोकसभा निर्वाचन के सातवें चरण के चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी होगी।

## आईसीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं के नतीजे जारी, दसवीं में उत्कर्ष रांची टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आईसीएसई बोर्ड ने कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे सोमवार को घोषित कर दिये। आईसीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा में एक बार फिर से लड़कियों ने बाजी मारी है। लड़कियों का पासिंग परसेंटेज 99.31 प्रतिशत है, जबकि लड़कों ने 99.65 प्रतिशत प्रतिशत है। आईसीएसई के लिए कुल 2 लाख 43 हजार 617 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। वहीं, आईएससी के लिए 99,901 छात्र प्रतियोगिता में शामिल हुए।

### दसवीं में सिटी टॉपर बने सेंट थॉमस के उत्कर्ष

दसवीं में सेंट थॉमस स्कूल के छात्र उत्कर्ष कुमार 99 .6 प्रतिशत के साथ राजधानी के टॉपर बने। वहीं सेंट फ्रांसिस की वैष्णवी राज 99 .4 प्रतिशत के साथ दूसरे और सेक्रेट हार्ट स्कूल की सृष्टि सिंह 99 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

**12वीं सांईस की टॉपर बनीं सार्थक मिश्रा :** 12वीं सांइस में सेक्रेड हार्ट की सार्थक मिश्रा 98 प्रतिशत के साथ सिटी टॉपर बनीं। उज्जवल 95 .3 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

## 95 दिन बाद एक दिन के लिए जेल से बाहर आये पूर्व सीएम

# चाचा के श्राद्धकर्म में शामिल होने नेमरा पहुंचे हेमंत सोरेन, परिजनों ने पूछा हाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोर्ट की इजाजत के बाद सोमवार को जेल से निकलकर सीधे अपने पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा पहुंचे। वे वहां अपने चाचा राजाराम सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों का हाल-चाल पूछा और उससे ज्यादा उनके परिजनों ने उनका हाल पूछा। परिवार के सदस्यों और ग्रामीण भाई



बंधुओं के साथ मिलकर उन्होंने दुख इस घड़ी में सभी को सांत्वना दी। इस दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता भी वहां पहुंचे। साथ ही हेमंत सोरेन का हाल-चाल भी पूछा। बता दें कि हेमंत सोरेन 95 दिन बाद एक दिन के लिए जेल से बाहर निकले। उनके चेहरे पर दाढ़ी बढ़ी हुई थी। वे पिता शिबू सोरेन से मिले और उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद ग्रामीणों के साथ तलाब के किनारे बने घाट पर बैठ कर अपनी मातृभाषा में बात की।

### हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हेमंत सोरेन

**रांची/दिल्ली।** लैंड स्कैम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से शीर्ष अदालत में एसएलपी दाखिल की है। हेमंत सोरेन ने झारखंड हाइकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दी गयी थी। बता दें कि हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को झारखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

जय भारत
जय झारखंड
जय भाजपा






पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत प्रमुख उपलब्धियां

- पलामू में मेडिकल कॉलेज की स्थापना।
- पलामू में इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलटेक्निक संस्थान की स्थापना।
- पलामू में केंद्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय की स्थापना।
- हुसैनाबाद में नवोदय विद्यालय की स्वीकृति। निर्माण कार्य पूर्ण।
- भंडरिया में एकलव्य विद्यालय का निर्माण।
- पलामू में पासपोर्ट ऑफिस की स्थापना।
- उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना (मंडल डैम) का जीर्णोद्धार कार्य, जिससे पलामू एवं गढ़वा जिले के 15000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होंगी और पलामू जिले के हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज तथा गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के किसानों की भूमि सिंचित होगा। मंडल भाग 2 का कार्य संपादन अंतिम चरण में है, जो पलामू संसदीय क्षेत्र में पड़ता है। मुख्य मंडल डैम पर कार्य मुआवजे की राशि वितरित होने के बाद प्रारंभ होगा। कुल लागत 3458 करोड़
- सोन एवं कनहर नदी से पानी लिफ्ट कर गढ़वा जिले के किसानों के खेतों में पाईप के माध्यम से सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा प्रदान करने की योजना की स्वीकृति। 127252.62 (बारह सौ बहत्तर करोड़ बावन लाख बासठ हजार) की लागत से बनने वाली इस योजना का कार्य प्रारंभ हो चुका है।
- सोन, कोयल एवं औरंगा नदी से पानी लिफ्टकर के पलामू जिला के विभिन्न जलाशयों को भरने की योजना की स्वीकृति 456.40 (चार सौ छप्पन करोड़ चालिस लाख) की लागत से बनेगी यह योजना।
- सोन नदी पर श्रीनगर-पंडुका के बीच पुल निर्माण की स्वीकृति। 204.94 (दो सौ चार करोड़ चौरानब्बे लाख) की लागत से बनने वाली इस योजना का कार्य प्रारंभ।
- NH-75 को 4 लेनिंग कराने की स्वीकृति एवं गढ़वा बाईपास निर्माणाधीन। गढ़वा को मिलाकर NH- 75 पर कुल 6 बाईपास के निर्माण सतबरवा, पोलपोल स्थापना से झारखंड राज्य के बुनियादी ढांचे में परिवर्तन संभावित है एवं राज्य का संतुलित विकास
- डालटेनगंज, रमना तथा श्री वंशीधर नगर की स्वीकृति। कार्य प्रारंभ। कुल लागत 4948 करोड़।
- NH-98 पंडवा मोड़ से हरिहरगंज तक 4 लेनिंग कराने की स्वीकृति। कुल लागत 1016 करोड़।
- पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर एवं रेहला वासियों को शुद्ध पेयजल हेतू विश्व बैंक की मदद से लगभग 100 करोड़ रूपये की लागत से विश्रामपुर पेयजल आपूर्ति योजना की स्वीकृति प्रदान।
- चैनपुर प्रखंड के टेमराई रानीताल जलाशय योजना की स्वीकृति एवं कार्य संपन्न।
- रजहारा कोलियरी को पुनः चालू करवाने की स्वीकृति प्रदान।
- पलामू जिला के ग्राम बारी एवं गढ़वा के ग्राम पुरगड़ा में 20-20 मेगावाट के सौरपार्क स्थापित करने की स्वीकृति।
- गढ़वा जिला अंतर्गत NH-343 अन्नराज घाटी की सड़क को सीधी एवं चौड़ी करने की लंबे समय से चली आ रही मांग की स्वीकृति। लागत 16 करोड़।
- एन. एच. के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पूरे संसदीय क्षेत्र में 1173.26 कि.मी. सड़क का निर्माण हो चुका है और अनेकों सड़कें निर्माणाधीन हैं।
- पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत उद्योग स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत रहने के फलस्वरूप गढ़वा जिला के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDC) के तहत (Amritsar-Kolkata Industrial) प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (IMC) स्थापित कराने की पहल की गई है। उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (IMC) की वाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अघौरी एवं रानीदेवा में बहुत बड़ा योगदान होगा एवं उद्योग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर लोगो को रोजगार उपलब्ध हो पाएगा। राज्य सरकार को प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करने की आवश्यकता है।
- जपला छतरपुर सड़क निर्माण। लागत 18 करोड़ 21 लाख 08 हजार।
- शाहपुर-गढ़वा सड़क निर्माण।
- जपला-हैदरनगर-मोहम्मदगंज तक सड़क निर्माण। लागत 109 करोड़ 95 लाख 24 हजार।
- जपला-छतरपुर इमलीतर से सबानो बिहार बार्डर तक सड़क निर्माण। लागत 138 करोड़ 44 लाख 96 हजार।
- नई ट्रेन रॉंची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ।
- रॉंची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव मोहम्मदगंज, हैदरनगर एवं उंटारी रोड स्टेशन पर करवाया।
- शक्तिपूंज एक्सप्रेस का ठहराव रमना स्टेशन एवं भोपाल हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव गढ़वा टाउन स्टेशन पर करवाया।
- झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन पुनः प्रारंभ करवाया।
- मोहम्मदगंज बराज से Right Main Canal, Left Main Canal का निर्माण प्रगति पर। लागत 96 करोड़।
- उपरी कररबार नहर सिंचाई योजना का निर्माण पूर्ण।
- जपला ROB का निर्माण। लागत 48.25 करोड़।
- मोहम्मदगंज से सुंडीपुर तक कोयल नदी कटाव रोकने हेतु गार्डवाल का निर्माण।
- मोहम्मदगंज स्थित कोयल नदी पर ब्रीज का निर्माण। लागत 103 करोड़ 4 लाख 67 हजार
- CRIF के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत निम्नलिखित चार महत्वपूर्ण पथों की स्वीकृति। (1) नगर उंटारी से धुरकी अंबाखोरिया 24.90 किलोमीटर। लागत 94 करोड़ 62 लाख (2) मेराल-बाना-अंबाखोरिया 360725 किलोमीटर। लागत 139.90 करोड़ (3) भजनिया से मोहम्मदगंज होते हुए हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार पथ) तक 17.372 किलोमीटर। लागत 62 करोड़ (4) कुटी मोड़ (चैनपुर) से हुटार वाया रामगढ़ ब्लॉक के हेडक्वार्टर तक 24.103 किलोमीटर। लागत 81 करोड़ (5)सदर प्रखंड मेदिनीनगर में सिंगरा-चेड़ाबार के बीच रेलवे लाईन पर ROB की स्वीकृति। लागत 84 करोड़
- चैनपुर-सेमरा-लोहरसिमी से सलतुआ होते हुए मतौली मोड़ तक 21 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति। कार्य प्रारंभ।
- चौकड़ी, बैरांव, हुसैनाबाद ब्लॉक, मोहम्मदगंज में विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण।
- मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु 161 करोड़ रूपये की योजना स्वीकृत। जुडको द्वारा शीघ्र कार्य प्रारंभ किए जाने की आशा।
- दूरसंचार व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें क्रमशः पलामू में 34 एवं गढ़वा में 32 स्थानों पर बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) बी.एस.एन.एल. टावर लगाने की स्वीकृति।
- श्री बंशीधर नगर में अतिथिशाला का निर्माण।
- पलामू जिला के सदर प्रखंड स्थित ग्राम लहलहे में पावर ग्रीड की स्थापना।
- गढ़वा जिला के भागोडीह में पावर ग्रीड की स्थापना।
- श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन।
- NH-75 से चितविश्राम होते हुए धुरकी के गरदा सिवाना तक 22 किलोमीटर पथ निर्माण।
- गढ़वा रोड -चोपन रेल खंड पर गढ़वा रोड से महुअरिया (यू.पी.) तक नवनिर्मित दोहरे रेलवे लाइन 866 (आठ सौ छयासठ करोड़) रूपये की लागत से कुल लंबाई 66 कि.मी. का आदरणीय प्रधानमंत्री के द्वारा ऑन लाइन उदघाटन किया गया।
- गढ़वा जिला अंतर्गत श्री बंशीधर नगर में चयनित सांसद आदर्श ग्राम पंचायत गरबांध में NH-75 पर गरबांध-रोहनीय (MDR-138) पथ (कुल लंबाई 15.740 किलोमीटर) कुल लागत (भू अर्जन सहित) हेतू 61, 52,41,700 (एकसठ करोड़ बावन लाख एकतालीस हजार सात सौ) रूपये की योजना को स्वीकृति मिली।

| क्र. | उम्मीदवार का नाम | फोटो | चुनाव चिन्ह | बटन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | विष्णु दयाल राम | | | |
| 4. | | | | |

13 मई को क्रमांक संख्या 3 पर बटम दबाकर अपार मतों से विजयी बनाएं



विष्णु दयाल राम ( बीडी राम )
भाजपा प्रत्याशी
निवेदक : भारतीय जनता पार्टी पलामू।

# एनडीए देश की प्रगति के लिए समर्पित, तो इंडी गठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण : सुदेश

## जनसभा में बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बाबूलाल मरांडी हुए शामिल

- चंद्र प्रकाश चौधरी ने गिरिडीह सीट के लिए नामांकन दाखिल किया
- जन आशीर्वाद नामांकन सभा आयोजित, एनडीए के कई नेता हुए शामिल, जुटी हजारों की भीड़



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची/गिरिडीह। एनडीए गठबंधन देश के लिए समर्पित है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास ही एनडीए का मंत्र है। इसी मंत्र के आधार हम जनता से जन आशीर्वाद मांग रहे हैं। राष्ट्र हित हमारे लिए सर्वोपरि है। दूसरी तरफ इंडी गठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण से है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के नामांकन के बाद बांधडीह हाई स्कूल मैदान में आयोजित जन आशीर्वाद नामांकन सभा में कही। इस दौरान बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, चंद्र प्रकाश चौधरी ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज फिर से हम गिरिडीह की सेवा का संकल्प दोहराते हैं। इतनी गर्मी में जन आशीर्वाद नामांकन सभा में शामिल हुए गिरिडीहवासियों ने अपने प्यार और समर्थन से नामांकन कार्यक्रम को विजय रैली में बदल दिया है। यह उत्साह, प्यार और विश्वास ही हमारी जीत का आधार है।

सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी हैं। एक और काली कमाई का ढेर साढ़े चार साल में इनकी करतूतों को उजागर कर रहा है।

**गिरिडीह लोकसभा की जनता ने एनडीए को पुनः अपना विश्वास और समर्थन देने का निश्चय किया : चंद्र प्रकाश :** मौके पर चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में शामिल जन सैलाब ने यह स्पष्ट कर दिया है कि गिरिडीह लोकसभा की जनता ने एनडीए को पुनः अपना विश्वास और समर्थन देने का नि>य किया है। प्रधानमंत्री मोदी जी की अगुवाई में इस कार्यकाल में कई विकास कार्यों की शुरूआत की गई है जिसका लाभ जनता को मिल रहा है। धन्यवाद ज्ञापन पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो द्वारा किया गया।

### गरीब को लूटने वाले हर भ्रष्टाचारी को जेल भेजना मोदी की गारंटी है : सम्राट चौधरी

जन आशीर्वाद नामांकन सभा में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। सोने की चिड़िया कहा जाने वाला हमारा देश आज सोने के शेर बना रहा है। भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। आज हम दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था हैं। गरीब को लूटने वाले हर भ्रष्टाचारी को जेल भेजना मोदी की गारंटी है। बिहार में लालू यादव और झारखंड में शिबू सोरेन का एकमात्र उद्देश्य अपने परिवार की भलाई है।

### जेएमएम-कांग्रेस झारखंड, झारखंडियों और विकास के विरोधी : बाबूलाल मरांडी

बाबूलाल ने कहा कि जेएमएम-कांग्रेस झारखंड, झारखंडियों और विकास के विरोधी हैं। साढ़े चार साल के अपने कार्यकाल में इस सरकार ने राज्य को लूटने का काम किया है। यह जमीन, पत्थर, कोयला, बालू लूटने वाली सरकार है। राज्य समेत देश की जनता गांव, गरीबों की चिंता करने वाले नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाएगी।

## हर साख पर आलमगीर बैठा है, अंजाम ए झारखंड क्या होगा : तरुण चुग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग ने कहा है कि झारखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला बढ़ा है। श्री चुग सोमवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित चतुर्थ चरण में होने वाले चुनाव संसदीय क्षेत्र पलामू, सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा के लोकसभा प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक, जिलाध्यक्ष गण के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, मनोज सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे । बैठक में लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर जीत सुनि>ित करने की रणनीति पर चर्चा हुई। श्री चुग ने मीडिया से बात करते हुये कहा कि झारखंड में सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा हो गई है। अब तो मंत्री और कांग्रेस पार्टी विधायक दल के नेता के घर से ईडी की कार्रवाई में करोड़ों रुपये नकद बरामद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के हर साख पर एक आलमगीर बैठा है। ऐसे में ठगबंधन की सरकार में अंजाम ए झारखंड क्या होगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को को बताना चाहिये कि ये पैसे किनके हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की 14लोकसभा सीट पर एनडीए की जीत पक्की है। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहती है।


**उपायुक्त का कार्यालय,कोडरमा**
**(सामान्य शाखा)**

**आम सूचना**

आगामी लोकसभा निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से शस्त्र नियमावली 1962 के नियम (63) के तहत जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने स्थानीय थाना/ओ0पी0/आर्म्स डीलर के पास शस्त्र जमा करने हेतु अंतिम तिथि **दिनांक 16-04-2024** तक विस्तारित किया गया था।

उक्त निर्धारित तिथि तक निम्न तालिका में सूचीबद्ध शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा अब तक शस्त्र जमा नहीं किया गया है। आपके विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत शस्त्र अनुज्ञप्ति निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई की जा रही है।

| क्र0 | नाम | लाईसेंस सं0 | थाना | पता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | हरगौरी सिंह | 02/75 | जयनगर थाना | पिता-श्री तोता सिंह, सा0-परसाबाद, थाना-जयनगर, जिला-कोडरमा। |
| 02 | विनय कुमार सिंह | 19/2007 | कोडरमा थाना | विनय कुमार सिंह पिता-कृष्णा चन्दरा प्रसाद पता-चाराडीह करमा,थाना+जिला-कोडरमा। स्थायी पता-ग्राम-पुरन्दर बिगहा, पो0-जपला, जिला-पलामू, झारखंड। |
| 03 | अभय कुमार सिंह | 20/2007 | कोडरमा थाना | अभय कुमार सिंह पिता-शिवलाल प्रसाद यादव, पता-चाराडीह करमा, थाना+जिला-कोडरमा। स्थायी पता-ग्राम-पुरन्दर बिगहा, पो0-जपला, जिला-पलामू, झारखंड। |
| 04 | विजय यादव | 02/2015 | कोडरमा थाना | विजय प्रसाद यादव, पिता-श्री सरयु प्रसाद यादव पता-फ्लैट नं0-1/c,BLOCK -गणेश वाटिका उलियान, अनिलसुर पथ, थाना-कदमा, जिला-पूर्वी सिंहभूम |
| 05 | कन्हैया पाण्डेय | 02/2008 | कोडरमा थाना | कन्हैया पाण्डेय A/P-DC, Koderma, P/A - पिता- फेकु पाण्डेय, ग्राम-कपरी, थाना-नासरीगंज, जिला-रोहतास (बिहार) |
| 06 | ज्ञान प्रकाश मिंज | 05/10 | कोडरमा थाना | ज्ञान प्रकाश मिंज, पूर्व डी0एल0ए0ओ0, कोडरमा, स्थायी पता-अम्बाटोली शांतिपुर, पो0+थाना-महुआटांड, जिला-लातेहार, झारखंड। |
| 07 | रंजीत प्रसाद | 05/72 | तिलैया थाना | पता-शिक्षक, सी0एच0 स्कूल, झुमरी तिलैया। |
| 08 | रंजीत प्रसाद | 12/74 | तिलैया थाना | पता-शिक्षक, सी0एच0 स्कूल, झुमरी तिलैया। |
| 09 | रामाधार सिंह | 06/88 | तिलैया थाना | पिता- धश्विन सिंह, वार्ड न0-09, झुमरी तिलैया, जिला-कोडरमा। |
| 10 | अभिचन्द्र | 117/66 | तिलैया थाना | पिता-सोमपाल सिंह, पता-ताराटांड, पो0+थाना-झुमरी तिलैया, जिला-कोडरमा |

ह0/-
उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा

PR 324451 Election(24-25)#D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(उत्पाद शाखा)**

**-:संशोधित आदेश:-**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची का पत्रांकः-01/नि0वि0 -22-23 (पार्ट-1) 2020/1186 दिनांक-18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, रांची के पत्रांकः- 01/नीति- 05-10/ 2022-651 दिनांक-01.04.2024 एवं पत्रांकः-05/मु0स्था0-15-01/2019-814 दिनांक-12.04.2024 के आलोक में उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी, रामगढ के आदेश ज्ञापांक-410/उ0, दिनांक-22.4.2024 द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अवसर पर उक्त आदेश में अंकित तिथियों एवं निर्धारित समय पर सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थों की बिक्री प्रतिबंधित किया गया है।

भारत का राजपत्र सं0-105] दिनांक-29 अप्रैल, 2024 में 35-पुर्लिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र रामगढ जिला का सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल में दिनांक-25.05.2024 (शनिवार) को मतदान का समय पूर्वा0 7:00 बजे से अप0 6:00 बजे तक संसूचित है।

अतः इस कार्यालय के ज्ञापांक-410/उ0, दिनांक-22.04.2024 में आंशिक संशोधन करते हुए लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अवसर पर सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थों की बिक्री प्रतिबंधित करने के उद्देश से मै चन्दन कुमार (भा0प्र0से0) उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रामगढ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम,1951 की धारा 135 C. में निहित निदेश के आलोक में एवं झारखण्ड उत्पाद अधिनियम 1915 की धारा 26 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण रामगढ जिला में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 मतदान के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक, मतगणना के दिन यदि आवश्यक हुआ तो पुर्नमतदान के दिन को शराब की बिक्री पर रोक से संबंधित शुष्क दिवस (Dry Day) निम्नरूप से घोषित करता हूँ-

| चरण | मतदान की निर्धारित तिथि | रामगढ जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस (Dry Day) की अवधि |
|---|---|---|---|
| चतुर्थ चरण | 13.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक-11.05.2024 को शाम 5:00 pm से दिनांक-13.05.2024 के शाम 5:00 pm तक |
| पंचम चरण | 20.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक-18.05.2024 को शाम 5:00 pm से दिनांक-20.05.2024 के शाम 5:00 pm तक |
| षष्टम चरण | 25.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक-23.05.2024 को शाम 5:00 pm से दिनांक-25.05.2024 के शाम 6:00 pm तक |

तथा मतगणना हेतु निर्धारित तिथि 04.06.2024 को भी सम्पूर्ण रामगढ जिला में शुष्क दिवस (Dry Day) रहेगा।

उपरोक्त घोषित शुष्क दिवस (Dry Day) की अवधि में झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लि0 के माध्यम से संचालित सभी देशी/विदेशी/कम्पोजिट शराब दुकान/रेस्तरां एवं बार/मे0 पाली हिल्स ब्रिवरी,प्रा0, लि0, पतरातु, रामगढ एवं अन्य सभी उत्पाद अनुज्ञप्तियां पूर्णतः बंद रहेगी। किसी भी होटल/रेस्तरां/क्लब/ दुकान/भोजशाला अथवा अन्य किसी लोक अथवा निजी स्थान से कोई भी स्प्रीटयुक्त लीकर, मादक पदार्थ या वैसी ही प्रकृति का अन्य कोई पदार्थ की बिक्री/ वितरण/उपभोग प्रतिबंधित रहेगा।

ह0/-
उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रामगढ।

PR.NO.324434 Excise(24-25):D


## पूर्व सांसद रामटहल ने भाजपा में की घर वापसी, कहा

# हां मैं टिकट के लिए कांग्रेस में गया था

पाकुड़ से 2 बार विधानसभा प्रत्याशी रहे शम्भू शरण भगत ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। पांच बार के सांसद रहे रामटल चौधरी और उनके पुत्र रंधीर चौधरी ने फिर से भाजपा में वापसी की। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में श्री चौधरी ने कहा कि हां, मैंने टिकट के लिये कांग्रेस में गया था। अवसरवादिता की बात नहीं है। लेकिन, समय-समय पर राजनीति में फैसला बदला जाता है। उन्होंने कहा कि वह साइलेंट रूप से भाजपा के कार्य में ही जुटे थे। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रहित में भाजपा और नरेंद्र मोदी का तीसरी बार सरकार बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मेरा कार्यकताओं के साथ लगातार मिलना जुलना लगा हुआ था। मेरा इस्तीफा भी पार्टी ने स्वीकार नही किया था। न ही मुझे निष्काषित किया गया था। इसके पहले बाबूलाल मरांडी ने उन्हें पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत किया। इसके अलावा पाकुड़ के शंभूशरण भगत ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

श्री मरांडी ने कहा कि शंभूशरण के पार्टी में आने से मजबूती बढ़ेगी। श्री मरांडी ने कहा कि 4 जून को 13 कमल फूल और 1 केला मां भारती के चरणों मे समर्पित करने के लिये झारखंड की जनता तैयार है। श्री चौधरी भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य रहे है। उनके पार्टी में पुनः वापसी से पार्टी को ऊर्जा मिलेगी। मौके पर सांसद संजय सेठ, महेश पोद्दार, अजय मारू, रामकुमार पाहन, शिवपूजन पाठक, अशोक बड़ाईक, योगेंद्र प्रताप आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### बाबूलाल मरांडी को तीसरे मामले में भी राहत, पीड़क कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**रांची।** तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में मधुपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार को तीन सप्ताह में प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व रामगढ़ एवं सिमडेगा के मामले में भी उन्हें उच्च न्यायालय ने उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई थी। दरअसल, आरोप है कि एक निजी यूट्यूबय चैनल ने सोशल मीडिया में झारखंड में बाबूलाल मरांडी की ओर से तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया था। इसके खिलाफ झामुमो के कार्यकताओं ने राज्य के जिलों के 6 थाना रामगढ़, सिमडेगा, लोहरदगा, रांची, मधुपुर, साहिबगंज में प्राथमिकी दर्ज की थी। मामले को मधुपुर थाना में कांड संख्या 176/ 2023 दर्ज किया गया था। प्रार्थी की ओर से मधुपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया गया है।

### जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया में बने अवैध बिल्डिंग और उनपर हुई कार्रवाई का रिपोर्ट सौंपे कमेटी : हाईकोर्ट

**रांची।** जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमेटी क्षेत्र में अवैध निर्माण को लेकर दाखिल राकेश कुमार झा की जनहित याचिका पर सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमेटी (जेएनएसी) के स्पेशल ऑफिसर कृष्ण कुमार कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि जेएनएसी क्षेत्र में बिल्डिंग के बेसमेंट या पार्किंग में कब्जा के मामले में 46 बिल्डिंग को चिन्हित किया गया। इनमें से 31 बिल्डिंग पर कार्रवाई कर उसके बेसमेंट में पार्किंग की व्यवस्था बहाल कराई गई। इस पर प्रार्थी की ओर से आपत्ति जताते हुए कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2017 में जेएनएसी ने आवासीय बिल्डिंग का व्यवसायिक उपयोग, नक्शा विचलन आदि से संबंधित 535 अवैध भवनों को नोटिस जारी किया था। लेकिन अब तक के आंकड़े के अनुसार जेएनएसी क्षेत्र में 1257 अवैध बिल्डिंग बने हैं। इस पर कोर्ट ने जेएनएसी को निर्देश दिया कि वह कमेटी बनाकर जेएनएसी में अवैध बिल्डिंग को चिन्हित करें और उन पर हुई कार्रवाई के संबंध में रिपोर्ट दाखिल करें। कोर्ट के मामले में अगली सुनवाई 27 जून निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता रोहित सिन्हा एवं अखिलेश श्रीवास्तव ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में जेएनएसी क्षेत्र में अवैध निर्माण की जांच को लेकर हाईकोर्ट द्वारा बनाई गई अधिवक्ताओं की तीन सदस्यीय कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट कोर्ट को दी थी।

### आतंकी फैजान अंसारी के खिलाफ आरोप गठन शीघ्र

**रांची।** लोहरदगा से गिरफ्तार आतंकी संगठन आईएसआईएस के संदिग्ध आतंकी फैजान अंसारी उर्फ फैज पर जल्द ही आरोप गठित किया जायेगा। एनआईए की विशेष अदालत ने उसकी ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी को खारिज कर दी है। अदालत ने अर्जी खारिज करते हुए आरोप गठन के दिन उपस्थित रहने का निर्देश दिया। अदालत ने याचिका पर सुनवाई प>ात 18 अप्रैल को आदेश सुरक्षित रख लिया था। उसने अपने आप को मामले में निर्दोष बताते हुये 20 मार्च को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की थी। मामले में आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिये 15 मई की तारीख निर्धारित की गई है। एनआईए ने उसे 19 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। उस पर आतंकी संगठन आईएसआईएस के विदेशी संचालकों के संपर्क में रहने और भारत में हिंसक कार्रवाई की योजना बनाने का आरोप है। वह आईएसआईएस के कैडर बेस को समृद्ध करने में सक्रिय था। एनआईए की छानबीन में पाया गया कि फैजान देश में आइएसआइएस गतिविधियों का समर्थन करने व विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों पर संगठन का प्रचार-प्रसार कर रहा था। नये युवाओं को जोड़ने की दिशा में सक्रिय था। इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से उसने अपने सहयोगियों व अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर एक आपराधिक साजिश रची थी। देश में हिंसक कार्रवाई की घटना को अंजाम देने के लिए वह विदेश स्थित आइएसआइएस संगठन के प्रशिक्षण कैंप में भी जाने की तैयारी कर रहा था।

## झारखंड में चल रही है लूट तंत्र की सरकार : सेठ



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा जिस प्रकार इंडिया गठबंधन सरकार के एक मंत्री के आप्त सचिव के घर से रुपए बरामद हुए हैं, इससे झारखंड एक बार फिर से शर्मसार हुआ है। झारखंड के लिए यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि पूर्व मुख्यमंत्री जमीन घोटाले में जेल में हैं। उनके अधिकारी मनी लॉन्ड्रिंग के केस में जेल में हैं। आज उनके मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव के यहां 30 करोड़ से अधिक नगदी बरामद होती है। उन्होंने कहा कि झारखंड इकलौता राज्य है, जहां भ्रष्टाचार की सालगिरह मनाई जाती है। 2 साल पहले आज ही के दिन देश ने भ्रष्टाचार की पूजा देखी थी। आज देश भ्रष्टाचार का आलम देख रहा है। झारखंड में लूट तंत्र की सरकार चल रही है। झारखंड की सरकार ने यहां की गरीब जनता की जमीन लूटी। उनका हक छीना, सेना की जमीन लूटी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने राज्य की ऐसी हालत कर दी है कि हम विकास, रोजगार और भ्रष्टाचार मिटाने की कल्पना भी नहीं कर सकते।

# नाम वापसी के बाद पांचवें चरण के चुनाव के लिए मैदान में बचे 54 प्रत्याशी

## चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नही : के. रवि कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि पांचवें चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी के बाद 54 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से एक उम्मीदवार ने अपना नाम वापस लिया। यहां चुनाव मैदान में अब कुल 22 उम्मीदवार हैं। कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से दो उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गये हैं। अब यहां 15 प्रत्याशियों के बीच हार-जीत का फैसला होगा। वहीं, हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां कुल 17 प्रत्याशी मैदान में हैं। गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव में भी नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी वापस नहीं ली। यहां से कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। छठे चरण के चुनाव के लिए अब तक 118 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। इसमें गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 25, धनबाद से 28, रांची से 33 और जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 32 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना के बाद से अब तक झारखंड में 74 करोड़ 38 लाख से अधिक के सामान और नकदी जब्त किये गये हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीं है। आवश्यकतानुसार सहजता से वाहन मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य के लिए वाहन लेने में गाड़ी मालिकों के हित का भी ध्यान रखा जा रहा है। व्यवस्था ऐसी की गयी है कि एक जिला में जिस वाहन को लेने के लिए चि?त किया गया हैए उसे दूसरे जिले में चि?त नहीं किया जाएगा। गाड़ी मालिकों को गाड़ी का भाड़ा भी ससमय मिलेए इसकी भी डिजिटल व्यवस्था की गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत 7 मई 2024 को संध्या 6 से 8 बजे के बीच सोशल मीडिया हैंडल पर मैं भी इलेक्शन एंबेसेडर हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट करें।

# मुख्य सचिव के पत्र पर हो एफआईआर, सीबीआई जांच करायें : बाबूलाल

### भ्रष्टाचार के मामलों पर समझौता कतई नहीं होना चाहिये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मंत्री आलमगीर आलम के पीएस व अन्य लोगों के यहां ईडी के रेड में करोड़ों रूपये के बीच मुख्य सचिव का सचिवों को लिखा गया पत्र भी बरामद हुआ है। श्री मरांडी सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यसचिव के लिखे पत्र पर प्राथमिकी दर्ज कर सीबीआई जांच की अनुशंसा होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की रैली में हेमंत सोरेन को ऐसे पेश किया गया कि भ्रष्टाचार से उनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। हेमंत सोरेन हो या उनकी पूरी सरकार, सभी भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी हुई है। यह बार-बार कहते हैं कि आदिवासी होने के कारण उन्हें फंसाया जा रहा है। हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों के मान सम्मान को पूरी तरह से धूमिल करने का काम किया। आदिवासियों की पहचान है कि वे सहज और सरल होते हैं। गड़बड़ी से कहीं भी उनका कोई नाता नहीं होता है। लेकिन पिछले 4 वर्षों में सत्ता में रहकर हेमंत सोरेन ने छल कपट किया है। प्राकृतिक संसाधन या खनिज संपदा को लुटवाया है। उनके संरक्षण में बिचौलिया, दलाल और भ्रष्ट अफसर ने मिलकर लुटा है। कोयला, लोहा, बालू यहां तक की सेवा की जमीन को भी उन लोगों ने नहीं छोड़ा। आदिवासियों की जमीन का भी फर्जी कागजात बनाकर लूटा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य के यहां से 350 सौ करोड़ नोटों का पहाड़ पकड़ा गया था। ठीक से जांच होने पर पैसे में वर्तमान या पूर्व मुख्यमंत्री की संलिप्तता भी नजर आयेगी। आज भी आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के यहां करोड़ों रुपये मिले हैं। इंडी गठबंधन के नेता राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि यह पैसा किसका है। उन्होंने कहा कि नौकर के घर में पैसों का इतना जखीरा मिला है, तो उनके सहायक, उनके सचिव या फिर मंत्री, सरकार से जुड़े दलाल-बिचौलियों के घर भी अगर छापामारी हो जाये तो पता नहीं कितने करोड़ रुपये मिलेंगे। झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त है। पूर्व मुख्यमंत्री का अपने नाम से खनिज पप्ता लेना, पत्नी के नाम से औद्योगिक क्षेत्र में जमीन लेना, पाकुड़ जिला में भाई के नाम से खनन का पप्ता लेना, प्रेस सलाहकार के नाम से खनन का पप्ता लेना, परिवार के नाम पर खनन का पप्ता लेना, यह सब सबके सामने है।उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव ने ग्रामीण विकास सचिव को पत्र लिखा था वह सारे पत्र नोटों का बंडल के साथ मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चपाई सोरेन उसे पत्र के आधार पर तुरंत एफआईआर करायें। पूरे मामले की जांच सीबीआई से करायें। मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक, योगेन्द्र प्रताप भी मौजूद थे।

# ठेकेदारों से कमीशन के पैसे वसूलता था संजीव लाल, इडी रेड न पड़े, इसलिये ले रखा था फ्लैट

**भ्रष्टाचार और कमीशन पर इडी का प्रहार जारी**

## जेल में बंद निलंबित अभियंता वीरेंद्र राम के बयान पर हुई कार्रवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व में गिरफ्तार चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम के बयान और पथ निर्माण विभाग में काम के बदले कमीशन के खेल ने इडी को यह सफलता दिलाई। कमीशन खेल में मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम केवल एक मोहरा था। उसे इसका प्रभार देकर पैसों को खेल किया गया था। जब इडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था तो उसने अपने बयान में कहा था कि कमीशन का पैसा उपर तक जाता है। इडी में दिये गये इस बयान को पूरी तरह से खंगाला गया और भारी राशि बरामद की गयी। देर शाम गाड़ीखाना में इडी के ज्वाइंट डाइरेक्टर कपिल राज भी पहुंचे।

**12 बक्सों में बैंक चेस्ट भेजा गया नोट :** बैंक के अधिकारी मशीन के सहारे गिनती के काम मे जुटे रहे। 12 बक्सों में नोटों के बंडल को अरगोड़ा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के चेस्ट में ले जाया गया।

**नोटों की गिनती में आयी परेशानी, इलाके में बार-बार कट जा रही थी बिजली :** नोट गिनने के दौरान आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल के नौकर के फ्लैट की बिजली बार-बार कट हो जा रही थी। जिससे बैंक के अधिकारियों को नोट गिनने में परेशानी हो रही थी। अधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर इलाके में बिजली न काटने का आग्रह किया, तब से बिजली की आपूर्ति निर्बाध है।


जहांगीर

संजीव लाल को पता था कि बीरेंद्र राम की गिरफ्तारी के बाद इडी के द्वारा उनके आवास पर छापेमारी की जा सकती है। इसलिये संजीव लाल ने जहांगीर के नाम से गाड़ीखाना में फ्लैट लिया। फ्लैट में ही ठेकेदारों से लिये गये कमीशन की राशि रखता था, ताकि जब इडी उसके बरियातू स्थित घर पर छापेमारी करे तो उनलोगों को कुछ नहीं मिले।

### जहां मिले करोड़ों कैश, वहां के लोगों ने कहा

## स्कूटी से आता था, भनक नहीं लगने दिया कि इतना माल रखा है,कुछ हमें भी दे देता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के सहायक जहांगीर और उसके करीबी मुन्ना सिंह के ठिकानों पर इडी की रेड में करोड़ों रूपये मिले। संजीव लाल के सहायक जहांगीर के गाड़ीखाना चौक स्थित आवास से बरामद नोटों के बाद लोगों ने कहा कि जहांगीर ज्यादातर समय स्कूटी से ही आता था। अपनी गाड़ी नीचे लगाकर सीधे अपने फ़्लैट में जाता था और कुछ देर बाद निकल जाता था। कई बार रात में बड़ी गाड़ियां और अच्छे लिबास में नए नए चेहरे उससे मिलने आते थे, लेकिन न तो जहांगीर किसी से बात करता था और न ही उससे मिलने आने वाले लोग। जब इडी की रेड पड़ी और करोडों रुपए कैश निकलने लगे तो किसी को यकीन नहीं हो रहा था कि जो व्यक्ति स्कूटी से चलता था उसके पास इतना पैसा रखा हुआ है। लोग कहने लगे कि गलत तरीके से कमाया पैसा इडी ले गई, अगर कुछ पैसा हमें दे देता तो क्या जाता।

## संजीव के अनुभव को देखकर बनाया था पीएस, मुझसे पूर्व दो मंत्रियों के रह चुके है पीएसः आलमगीर आलम

**चुनावी गतिविधियों के बीच इडी की छापामारी के बाद राजधानी में चर्चा गरम**

### आलमगीर बोले- ईडी जांच के निष्कर्ष के बाद हम बात करेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू पर ईडी की हुई बड़ी कार्रवाई के बाद ईडी की टीम ने सोमवार की सुबह रांची में बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के आवास सहित रांची के अलग-अलग इलाकों में स्थित कुल नौ ठिकानों पर छापामारी की है। ईडी की छापेमारी में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां से करीब 30 करोड़ रुपये से अधिक कैश मिले हैं। मिल रही जानकारी के मुताबिक अब भी नोटों की गिनती जारी है।

**मंत्री के प्रोजेक्ट भवन स्थित ऑफिस में पसरा था सन्नाटा**

ईडी की रेड के बाद ग्रामीण विकास सह ग्रामीण कार्य मंत्री आलमगीर आलम के प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय में सोमवार को सन्नाटा पसरा रहा। विभागीय मंत्री भी कार्यालय नहीं पहुंचे और न ही उनके कोई भी पीएस कार्यालय में हाजिर हुए। सरकारी पीएस संजीव लाल के नौकर के यहां ईडी की रेड के बाद मिले 30 करोड़ से अधिक की राशि बरामदगी की खबर का सीधा असर उनके कार्यालय पर पड़ा। पीएस संजीव लाल भी दफ्तर में नहीं आये। अधिकारियों के ऑफिस में नहीं आने से सन्नाटा पसरा रहा। दैनिक कार्य भी नहीं हुए।

**सचिवालय में चर्चा**



ईडी रेड के बाद झारखंड सचिवालय में चर्चा का बाजार गरम रहा। ग्रामीण विकास विभाग के अफसर इस बात को क्लीयर करते दिखे कि यह पूरा मामला ग्रामीण कार्य विभाग से जुड़ा है। वीरेंद्र राम ग्रामीण कार्य के चीफ इंजीनियर थे, सारी गड़बड़ी उनके कार्यकाल का ही है। प्रोजेक्ट भवन सचिवालय के अधिकांश विभागों में ईडी की इस बड़ी कार्रवाई की चर्चा होती रही।

## बिशप वेस्टकॉट ब्वॉयज स्कूल के मोहम्मद सरिब बने 10वीं के टॉपर बने और 12वीं के टॉपर शाश्वत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आईसीएससी 10वीं की परीक्षा में बिशप वेस्टकोट बॉयज स्कूल में मोहम्मद सरिब जेयाद ने 98 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि हर्षित त्रयम्बक ने 97.6 प्रतिशत अंक दूसरा तथा अंकित कुमार ने 96.8 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य जे जे एडबीन ने बताया कि इस वर्ष स्कूल से कुल 134 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें सभी पास हो गए। वहीं आईसीएसई 12वीं में बिशप बेस्टकाट बॉयस स्कूल के शाश्वत केसी ने 83.5 प्रतिशत अंक लाकर पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि लिसा आर जैकब ने 82.3 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा और रॉनी डबलू तिर्की ने 80.3 प्रतिशत अंक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य ने बताया कि इस वर्ष स्कूल से कुल 60 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें 55 पास हुए। वहीं संत फ्रांसिस स्कूल लोवाडीह में 10वीं में आकाश राज ने 95.6 प्रतिशत अंक के साथ



पहला, लविन आर केरकेप्ता ने 95.2 प्रतिशत अंक दूसरा और हर्षराज कुमार ने 94.6 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

प्राचार्या सिस्टर ग्रेथी ने बताया कि स्कूल से कुल 123 बच्चों ने परीक्षा दी थी। इनमें 115 प्रथम श्रेणी और आठ द्वितीय श्रेणी से पास हुए। संत फ्रांसिस स्कूल लोवाडीह में 12वीं की परीक्षा में कुणाल ने 85.4 प्रतिशत अंक लाकर पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि अमृता कुमारी ने 75.6 प्रतिशत अंक दूसरा और अनुराग सैमन तिग्गा ने 75.2 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्या सिस्टर ग्रेथी ने बताया कि इस वर्ष स्कूल से 12वीं की परीक्षा में कुल 24 विद्यार्थी शामिल हुए थे, इसमें 20 प्रथम और चार द्वितीय श्रेणी से पास हुए।

### डॉन बॉस्को के छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन

**रांची।** डॉन बॉस्को स्कूल के दसवीं के छात्र आदित्य कुमार ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है, वहीं दूसरे स्थान पर रचित लकड़ा रहे, जिन्हें 93.80 प्रतिशत अंक मिले हैं। वहीं तीसरे स्थान पर रेचल एक्का हैं जिन्होंने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वहीं बारहवीं बोर्ड में डॉन बॉस्को स्कूल के कॉमर्स स्ट्रीम के मनीष लुगुन ने स्कूल में टॉप किया है, जिन्हें 92.50 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है, दूसरे स्थान पर साइंस स्ट्रीम की मोमिता कुमारी रही, जिनको 92.25 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है, साथ ही तीसरे स्थान पर साइंस स्ट्रीम की ही कनिष्का श्री रही जिन्हें 91.50 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है।

# आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन



## बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल नमकोम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन ने इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन कक्षा 10वीं का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया। राजधानी के विशप वेस्ट कट गर्ल्स स्कूल नामकुम का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की छात्रा सौम्या अग्रवाल 98.6, वैष्णवी रवि 97.6 और नव्या रामसिजरिया, तनवी शर्मा, तृप्ति कुमारी 96.4 परसेंटेज लाकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल की प्राचार्य मिस जैकब ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए स्कूल की छात्राओं और शिक्षकों का धन्यवाद दिय। अगले वर्ष इससे भी बेहतर रिजल्ट हमारे स्कूल का होगा।

## बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के विशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। यहां कल 245 छात्राओं ने परीक्षा दी और सभी प्रथम श्रेणी से पास हुईं। स्कूल की छात्रा तनीषा मंडल 97.8 परसेंट लाकर स्कूल की टॉपर बनीं, वहीं श्रुति गोरी 96.4, वैष्णवी सराफ 96.2, मोहन 96.2, वहीं, कॉमर्स में सनोवर खुशीनोवर खुशी 95.2 परसेंट लकर टॉपर बनी। इस उपलब्धि पर स्कूल की प्राचार्य जे एडमिन ने सभी छात्रों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा है कि इस उपलब्धि के असली हकदार छात्र, शिक्षक और गार्जियन हैं जिनके सहयोग से स्कूल का रिजल्ट शत- प्रतिशत रहा।

## जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले सावधान रांची पुलिस ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**9153886241**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया है कि रांची में भू माफियाओं के अवैध कब्जे को रोकने के लिए रांची पुलिस ने 24*7 कार्य करने वाला एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जो 9153886241 है। उन्होंने कहा कि रांची पुलिस के सामने भूमि विवाद के मामले लगातार आते ही रहते हैं। भूमि विवाद मामले में कानूनी कार्यवाही करने से पहले दोनों पक्ष के कागजातों को देखना अत्यंत आवश्यक होता है, लेकिन कुछ मामलों में दलाल या जमीन माफिया किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहता है।

उस समय तुरंत जमीन का कागजात दिखाना भी संभव नहीं होता है। ऐसे में अवैध कब्जे के प्रयास को रोकने के लिए रांची पुलिस एक विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी कर रही है। वह नंबर 9153886241 है। जब कोई भू माफिया अवैध तरीके से कब्जा करना चाहे तो पीड़ित पुलिस को सहायता के लिए इस नंबर पर कॉल कर सकता है। जिसके बाद रांची पुलिस पीड़ित का सहयोग करेगी।

### रिम्स से बूटी मोड़ तक नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान



**रांची।** रांची नगर निगम ने रिम्स चौक से बरियातू रोड होते हुए बूटी मोड़ तक दंडाधिकारी और पुलिस बल की उपस्थिति में सोमवार को अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। इस क्रम में अवैध रूप से संचालित दुकानों तथा अस्थाई संरचनाओं को जेसीबी के माध्यम से हटा दिया गया और सामान जब्त किया गया। साथ ही नो वेंडिंग जोन में खड़े दुकानों, ठेला-खोमचा, गुमटी और बांस-बल्ली को भी हटाया गया और सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की गई। जिसमें 4 ठेला, 30 कैरेट, एक जूस काउंटर व दो अन्य काउंटर जब्त किये गये। बता दें कि अतिक्रमण मुक्त अभियान के पूर्व सभी दुकानदारों और विक्रेताओं को माइकिंग के माध्यम से स्वयं अतिक्रमण हटाने का निदेश निगम द्वारा दिया गया था। जिसके उपरांत निगम द्वारा समान जब्त करते हुए कार्रवाई की गई।

## राज्य में आज से बदलेगा मौसम, रामगढ़-दुमका समेत कई जिलों में होगी ओलावृष्टि

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि राज्यवासियों को तपती गर्मी से जल्द राहत मिलने वाली है। आज 7 मई को राज्य के अधिकांश हिस्से में बारिश होने की संभावना है। जहां राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से में बारिश होने की संभावना है, जबकि अन्य हिस्से में बादल छाये रहेंगे।

वहीं, 7 मई को राज्य के कुछ जिलों में ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की गयी है। इसमें रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, देवघर में ओलावृष्टि की जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही अन्य हिस्सों में बारिश थंडरिंग के साथ 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलेगी। वहीं, आठ और नौ मई को राज्य के उत्तर पूर्वी, मध्य और दक्षिणी हिस्से में बारिश होने की संभावना है। इसमें देवघर, दुमका, जामताड़ा, धनबाद, पाकुड़, गोड्डा, साहेबगंज, पूर्वी और पश्चिमी सिहंभूम, रांची, बोकारो, गुमला, खूंटी में बारिश होने की संभावना है।

केंद्र के अनुसार बारिश होने से राज्य के तापमान में कमी दर्ज की जायेगी। नौ मई तक तापमान में 6 डिग्री तक की कमी दर्ज की जायेगी। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। नौ मई तक राज्य का औसतन अधिकतम तापमान 34 डिग्री तक होने की संभावना है। वहीं, राजधानी रांची की बात करें तो छह मई को राजधानी रांची में आंशिक बादल छाये रहेंगे। सात और आठ मई को बादल छाये रहने के साथ ही आंशिक बारिश की संभावना है, जबकि 9 मई को बारिश के साथ थंडरिंग की संभावना व्यक्त की गयी है।

**खबर एक नजर में**

### विनोद सिंह की याचिका पर हुई आंशिक सुनवाई


**रांची।** बड़गाई अंचल से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन घोटाले में चार्जशीटेड पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी दोस्त आर्किटेक्ट बिनोद कुमार सिंह की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर पीएमएलएल कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 20 मई निर्धारित की है। उन्होंने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये अदालत से अग्रिम जमानत की गुहार लगाई है। इसके लिये उनके अधिवक्ता ने 15 अप्रैल को याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि ईडी ने जमीन घोटाले में जांच पूरी करते हुये हेमंत सोरेन के साथ बिनोद कुमार सिंह को भी सह अभियुक्त बनाया है। इसी के बाद से उनकी मुश्किलें बढ़ी हुई है। गिरफ्तारी के बचने के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अब तक हेमंत सोरेन समेत आठ आरोपी जेल में है।

### झारखंड हाई कोर्ट में 25 मई को अवकाश



**रांची।** रांची लोकसभा चुनाव के दिन यानी 25 मई को झारखंड हाईकोर्ट में अवकाश रहेगा। हाईकोर्ट की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 25 अप्रैल (शनिवार) को रांची में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। इसलिए हाईकोर्ट में अवकाश घोषित किया गया है। वोटिंग के दिन अवकाश इसलिए रखा गया है ताकि हाईकोर्ट के न्यायाधीश, रजिस्ट्री से जुड़े कर्मचारी और हाईकोर्ट के अधिवक्ता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने से वंचित न हो। 25 अप्रैल को घोषित अवकाश की जानकारी हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन को भी दे दी गयी है।

### राजधानी में बिजली के अधिक लोड को कम करने के लिए सब स्टेशनों का होगा निर्माण



**रांची।** बिजली वितरण व्यवस्था सुधार के लिए रांची में करोड़ों की लागत से आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया जायेगा। इसमें सब स्टेशनों का निर्माण और अंडरग्राउंड केबलिंग पर बल दिया जायेगा। जिससे 24 घंटे बिजली आपूर्ति व्यवस्था हो सके। राजधानी रांची में ये निर्माण कार्य केंद्र प्रायोजित योजना रिवैम्पड डिस्ट्रब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत किया जायेगा। राजधानी रांची के सब स्टेशनों में फीडर का लोड कम करने के लिए पांच नए सबस्टेशनों का निर्माण होगा। इसमें विद्यानगर हरमू, ट्रेकर स्टैंड, कटहल मोड़, ढाकुरगांव तथा सुकरहुटू में नया सब स्टेशन निर्माण शामिल है। वहीं, कुछ डिवीजन में 11 केवी लाइन को भूमिगत या अंडरग्राउंड केबलिंग किया जायेगा। इसमें कोकर डिवीजन में 154.6 किमी, न्यू कैपिटल में 88 किमी, रांची ईस्ट डिवीजन में 30 किमी, रांची वेस्ट डिवीजन के तहत 70 किमी, रांची सेंट्रल डिवीजन के तहत 154.5 किमी, डोरंडा डिवीजन 610 किमी अंडरग्राउंड केबलिंग किया जायेगा। बता दें कुछ दिनों पहले ही इन योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है।

बता दें इन योजनाओं के तहत राजधानी में बिजली के अधिक लोड को कम करने का प्रयास किया जायेगा। फिलहाल राजधानी रांची में बिजली की मांग 350 से 370 मेगावाट तक हो गयी है। जो सामान्य दिनों से अधिक है। ऐसे में लोकल फॉल्ट की समस्या भी अधिक हो गयी है। जेबीवीएनएल की मानें तो इन निर्माण कार्यों के होने से लोकल फॉल्ट की समस्या में कमी आयेगी।

**रांची संसदीय सीट के लिए कुल 33 अभ्यर्थियों किया नामांकन**

# रांची लोस : नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन यशस्विनी समेत 16 अभ्यर्थियों ने भरा पर्चा

**आज होगी स्क्रूटनी जबकि 9 मई 2024 तक अभ्यर्थी वापस ले सकेंगे अपने नाम**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र से कुल 33 अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किये हैं। नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को 16 अभ्यर्थियों ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किये। सभी अभ्यर्थियों द्वारा जिला निवार्ची पदाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा के समक्ष नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया गया।



सोमवार को नामांकन करने वाले अभ्यर्थियों में यशस्विनी सहाय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, प्रवीण चन्द्र महतो, निर्दलीय, सोमा सिंह, जय महाभारत पार्टी, रंजना गिरि, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए), कोलेश्वर महतो, निर्दलीय, विनोद उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी, संतोष कुमार जायसवाल, निर्दलीय, अमरेंद्र कुमार, झारखंड जनक्रांति मोर्चा, ऐनुल अंसारी, निर्दलीय, संदीप उरांव, निर्दलीय, श्याम बिहारी प्रजापति, भागीदारी पार्टी (पी), संजय कुमार महतो, निर्दलीय, हेमंती देवी, समता पार्टी, प्रेमनाथ बड़ाई, निर्दलीय, मंजू देवी, निर्दलीय, सुशील कुमार, स्वराज एकता पार्टी शामिल हैं।

वहीं सोमवार से पहले नामांकन करनेवाले अभ्यर्थियों में मिंटू पासवान, रामहरि गोप, अरशद अयूब, निर्दलीय, पंकज कुमार रवि, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), संजय सेठ, भारतीय जनता पार्टी, हरिनाथ साहू, लोक अधिकार पार्टी (झा), अंजनी पांडे, आदिवासी किसान मजदूर पार्टी, धनंजय भगत 'गाँधी', मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल, मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय, मनोज कुमार, निर्दलीय, बिरेंद्र नाथ मांझी, अबुआ झारखंड पार्टी, धर्मेंद्र तिवारी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा, निपु सिंह, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी, देवेंद्र नाथ महतो, निर्दलीय, प्रवीण कच्छप, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी, कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय, सर्वेश्वरी साहू, एकल सनातन भारत दल शामिल हैं।

**आज स्क्रूटनी, 09 मई तक अभ्यर्थी वापस ले सकेंगे नाम :** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल किये गये नाम-निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी 07 मई 2024 को होगी। अभ्यर्थी 09 मई 2024 तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके साथ ही योग्य उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी, 25 मई को मतदान होगा और 04 जून पंडरा बाजार समिति प्रांगण में मतगणना होगी।

## राहुल गांधी की चाईबासा व बसिया में चुनावी सभा आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए मंगलवार को झारखंड पहुंच रहे हैं। अपने दौरे के क्रम राहुल गांधी सर्वप्रथम इंडिया ब्लॉक के सिंहंभूम लोकसभा क्षेत्र से जेएमएम प्रत्याशी जोबा माझी के पक्ष में चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में चनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात राहुल गांधी गुमला जिला के बसिया के कोनबीर में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील करेंगे।



राहुल गांधी के झारखंड दौरे के कार्यक्रम को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर कांग्रेस नेताओं का एक दल ने बसिया के कोनवीर में पूरी तैयारी की समीक्षा की। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कांग्रेस नेताओं के दल ने पूरी तैयारी की व्यापक रूप से समीक्षा के साथ ही साथ कार्यक्रम स्थल पर भी तैयारी का पूरा जायजा लिया। इस क्रम में उस जिले और प्रखंड से आने वाले कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं से भी कार्यक्रम को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया और भारी से भारी संख्या में कार्यकताओं और नेताओं की भागीदारी जनसभा मे सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश अध्यक्ष की दिशा निदेर्शों से अवगत कराया।

राहुल गांधी की सभा के तैयारी की समीक्षा के लिए गयी टीम में प्रदेश कांग्रेस महासचिव अमूल्य नीरज खलको,मानस सिन्हा, रविंद्र सिंह, सतीश पॉल मुंजनी, मदन मोहन शर्मा, सुखेर भगत, चैतू उरॉव, भानु प्रताप बड़ाईक शामिल थे।

## मनी लाउड्रिंग के आरोपी की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** कोल लिंकेज घोटाले से प्राप्त राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने दो सप्ताह के लिये बढ़ा दी है। इससे पूर्व आरोप को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 20 मई निर्धारित की है। ईडी ने कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को 16 जनवरी को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। उस पर जेएसएमडीसी से सब्सिडी पर आवंटित 86 हजार टन कोयले को बाहर की मंडी में अवैध तरीके से बेचकर 70 करोड़ प्रोसिड ऑफ क्राइम से आय अर्जित करने का आरोप है।

## दुबे ने आईसीएसई के उत्तीर्ण छात्रों को दी बधाई

**रांची।** झारखंड प्रदेश निजी विद्यालयों के संरक्षक आलोक कुमार दूबे ने आईसीएसई 10वीं एवं 12वीं परीक्षा फल में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि माध्यमिक दसवीं परीक्षा में पास हुये छात्र छात्राओं का ओवरऑल 100 प्रतिशत तथा 12वीं में 99प्रतिशत पास होना काफी उत्साह वर्धक एवं सराहनीय है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर आईसीएसई परीक्षा परिणाम में भी लड़कियों ने ही हर स्तर पर बाजी मारी है। बधाई देने वालों में डायरेक्टर अरविन्द कुमार, राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा, डॉ सुषमा केरकेट्टा, नीरज सहाय, संजय प्रसाद, आलोक विपिन टोप्पो, राशीद अंसारी, मनोज कुमार भट्ट, अल्ताफ अंसारी, संजीत यादव, अभिषेक साहू, कुमुद रंजन, अमीन अंसारी आदि शामिल हैं।

## आरोपी रंजीत और चैतन्य को साक्ष्य के अभाव में किया बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने सोमवार को हत्या मामले के अभियुक्त रंजीत मुंडा एवं चैतन्य मुंडा को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। दोनों पर सिकिदिरी निवासी मंगल की हत्या करने का आरोप था। घटना को लेकर 4 अगस्त 2019 को सिकिदिरी थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में वहां के चौकीदार ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार लगभग 35 साल के एक युवक की हत्या कर उसकी लाश को झाड़ी में फेंक दिया गया था। थाने को सूचना मिलने के बाद चौकीदार को वहां भेजा गया था। जांच के दौरान हत्या में संलिप्तता पाने जाने के बाद उक्त दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर 6 अगस्त 2019 को जेल भेज दिया गया था। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सात गवाहों को प्रस्तुत किया गया। लेकिन हत्या किसने की यहां तक अभियोजन पक्ष नहीं पहुंच पाया।

## वाहन के धक्के से बिजली मिस्त्री की मौत

**नामकुम।** थानाक्षेत्र के सिरखाटोली में हुई सडक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त चायबगान के रहनेवाले पूर्व सैनिक विनोद कुमार के बेटे प्रदीप कुमार 34 वर्ष के रूप में हुई । बताया जा रहा है कि मृतक बिजली मिस्त्री का काम करता था,वह रोजाना की भांति कोचाटोली पैदल ही जा रहा था,उसी दौरान सदाबहार चौक की ओर तेज गति से आ रही एक नई स्कार्पियो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। स्कार्पियो ने प्रदीप को पचास मीटर तक घसीट दीया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद स्कार्पियो चालक गाडी लेकर भाग निकला,मौके पर पहुंची नामकुम पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवा दिया। पुलिस स्कार्पियो का पता लगाने की कोशिस कर रही है।

## चोरों ने स्कूल से 4 लाख की बैटरी चुरायी

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के सैनिक छावनी समीप परमवीर अल्बर्ट एक्का राजकीयकृत मध्य विधालय से बीती रात चोरों ने सोलर लाईट के सभी 60 सोलर बैटरीयों की चोरी कर ली है। मामले में स्कूल के प्रचार्य षेखर कुमार झा ने नामकुम थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाने में दिए आवेदन में उन्होने बताया है कि कमरे में लगे ग्रील का ताला तोड़कर चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है।

## राजधानी का रण : इंडी गठबंधन में शामिल दल के नेताओं के बिगड़े बोल

# मोदी को कहा मदारी तो किसी ने यमराज से की तुलना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। रांची लोकसभा सीट के लिए इंडिया गठबंधन से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की पुत्री यशस्विनी सहाय ने सोमवार को नामांकन किया। नामांकन के बाद मोरहाबादी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। नेताओं ने भाजपा का विरोध करते-करते कई बार शब्दों की मर्यादा को लांघ गये। किसी ने पीएम को मदारी तो किसी ने उनकी तुलना यमराज से कर दी। इस बीच सभी नेताओं ने एकसुर में कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया दलों का जीतना जरूरी है।

### पीएम मुद्दों की बात नहीं करते : राजेश

चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है। ऐसे लड़ेगा झारखंड जीतेगा इंडिया के नारे के साथ भाजपा को केंद्र की सत्ता से उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा कि देश का आज क्या हालत बना दिया गया है कि हर कोई एक दूसरे को शक की नजर देखता है। पीएम मुद्दों की बात नहीं करते हैं। हम जनता की सेवा करने की बात करते हैं और वह नफरत फैलाते हैं। किसी के लिए अच्छे दिन नहीं आये उल्टे मूलभूत अधिकार खतरे में है।



### मैं बेटी और बहन बनकर आपकी आवाज बनना चाहती हूं : यशस्विनी

रांची लोकसभा सीट से नामांकन के बाद मोरहाबादी मैदान में आयोजित जनसभा को कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 05 न्याय और 25 गारंटी दी है। इसमें नारी सम्मान, युवा सम्मान, जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी, श्रमिक न्याय सबका का जिक्र है। यशस्विनी सहाय ने कहा कि जनता का साथ मिलेगा तो रांची और झारखंड की आवाज दिल्ली में बुलंद करेंगे। जनसभा में गुलाम अहमद मीर के अलावा शहजादा अनवर, बंधु तिर्की, राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, यशस्विनी सहाय, सुबोधकांत सहाय, कैलाश यादव, राजेश कच्छप, अनादि ब्रश, राकेश सिन्हा, अजयनाथ शाहदेव, राजेश यादव, सोनाल शांति सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस, राजद, झामुमो और आप के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रथम दो चरण में इंडिया ब्लॉक जीत रही है 125 सीटें : गुलाम अहमद मीर

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव गुलाम अहमद मीर ने कहा कि वह महीनों से झारखंड के अलग अलग लोकसभा क्षेत्र के लोगों से बात की है। जब पूरे देश पर नजर डालते हैं तो प्रथम चरण में 102 और दूसरे चरण में 82 सीट पर चुनाव हो चुका है। केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, राजस्थान, बिहार कई प्रदेशों में वोटिंग हुई है। पहले और दूसरे चरण के 184 सीटों में से इंडिया गठबंधन 125 सीट जीत रही है। गुलाम अहमद मीर ने कहा कि अब झारखंड की बारी आ रही है, राज्य की सभी 14 लोकसभा सीट इंडिया गठबंधन की झोली में डालनी है। झारखंड झारखंडियों का ही रहेगा, बाहरी लोग आपके मसले को लोकसभा में नहीं उठाते हैं। यशस्विनी में बेटी का चेहरा देखिए और 25 मई को वोट वाले दिन जोरदार मतदान करें।

### मोदी के विदाई की घंटी बज चुकी है : सुबोधकांत सहाय

पूर्व केंद्रीय मंत्री सब यशस्विनी सहाय के पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने अपनी पुत्री के नामांकन के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी की केंद्र से विदाई की घंटी बज चुकी है, 2024 में न्याय होगा। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि अब तो गांव गांव के लोग कहने लगे कि यह आदमी डेंजर हो गया है, संविधान बदलने में लगा है। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को मदारी भी कहा। सुबोधकांत ने कहा कि मेरी बेटी आपकी सेवादार बनेगी। झारखंड का बेटा हेमंत सोरेन को अपने चाचा के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए 06 घंटे के लिए छोड़ा गया, यह बहुत अफसोसजनक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भी जनसभा में आना था लेकिन उन्हें हेमंत सोरेन के चाचा के श्राद्धकर्म में जाना पड़ गया, इसलिए बेटी यशस्विनी सहाय को आशीर्वाद देकर नेमरा गए हैं।

### हमारा संविधान सरकार चुनने का देता है मौका : आलमगीर आलम

ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि आप और हम जानते हैं कि लोकसभा चुनाव 2024 कितना महत्वपूर्ण है। तीसरे चरण का मतदान होने वाला है। झारखंड की राजधानी रांची में 25 मई को मतदान होना है यह मतदान का अधिकार संविधान ने हमें दिया है ताकि हम और आप अपने मन से सरकार चुन सके। आलमगीर आलम ने कहा कि ऐसे में आपको सोचना होगा कि 2014 से 2024 तक आपको धोखा के अलावा क्या मिला है। किसान के खिलाफ काला कानून बना और विरोध करने वाले 700 किसानों की मौत हुई। 10 वर्ष में 20 करोड़ नौकरी और रोजगार कितने को मिला, यह बड़ा सवाल है। बीजेपी के नेताओं के मुंह से रोजगार की बात शोभा नहीं देता।

### मोदी झूठ व जुमला बोलनेवाले पीएम : बंधु

बंधु तिर्की ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि रांची और आसपास के गांव से आये लोग, यह जानें कि देश के हालात क्या हैं? पंडित नेहरू से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह तक जितने भी प्रधानमंत्री बने वह प्रधानमंत्री मोदी जैसे नहीं थे। विगत 10 वर्षों से जो पीएम हैं, वे झूठ और जुमला बोलने वाले प्रधानमंत्री हैं। बंधु तिर्की ने कहा कि कोरोना के समय में जब झारखंड सरकार अपने मजदूरों को हवाई जहाज से वापस ला रही थी।

## सोना चांदी व्यवसाय समिति रांची की बैठक में चुनाव कराने पर बनी रणनीति



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सोना चांदी व्यवसाय समिति की आवश्यक बैठक सोमवार को स्वर्णकार धर्मशाला मधुकम में चुनाव पर्यवेक्षक सुरेश प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सोना चांदी व्यवसाय समिति के चुनाव का घोषणा किया गया जो निम्न प्रकार से है। इसके तहत आगामी 30 मई तक सभी सदस्यों को रसीद काटकर सदस्य बना लिया जाएगा जो नया सदस्य बनेंगे वहीं मतदान कर सकेंगे। 7 जून 2024 को नॉमिनेशन होगा और 9 जून 2024 को नाम वापस लिया जाएगा। 16 जून को सुबह 9:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक मतदान होगा एवं संध्या 5:00 बजे के बाद सभी मतों की गिनती होगी और निर्वाचित अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा बाल वाटिका एवं जादुई पिटारा पर कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई द्वारा आयोजित बाल वाटिका और जादुई पिटारा पर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में श्री समरजीत जेना, जिला प्रशिक्षण कॉर्डिनेटर और प्राचार्य, जवाहर विद्या मंदिर जैसे शिक्षा जगत के प्रतिष्ठित सदस्यों की उपस्थिति रही। उप जिला प्रशिक्षण कॉर्डिनेटर एवं डीएवी हेहल के प्राचार्य श्री एस.के. मिश्रा, सिटी कॉर्डिनेटर एवं प्राचार्य डीपीएस रांची डॉ. राम सिंह और डिप्टी सिटी कॉर्डिनेटर एवं सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर उपस्थित हुए। इस सत्र के लिए विशेषज्ञ के रुप में विकास विद्यालय, रांची के प्राचार्य श्री पी.एस. कालरा और जमशेदपुर पब्लिक स्कूल सुश्री



अर्पिता बख्शी उपस्थित थे। रिसोर्स पर्सन का एक पैनल भी था जिनकी उपस्थिति से आज का सत्र बहुत समृद्ध बन गया। पूरे झारखंड राज्य से 50 से अधिक प्राचार्यों और लगभग 200 शिक्षक प्रतिनिधियों ने सत्र में भाग लिया। सत्र में प्रतिभागियों को बाल वाटिका पाठ्यक्रम में जादुई पिटारा को शामिल करने के इंटरैक्टिव और रचनात्मक तरीकों से अवगत कराया गया, जो एनसीएफ-2022 फाउंडेशन स्टेज का केन्द्रबिंदु है। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम की मेजबानी की और भाग लेने वाले शिक्षकों को अपने शिक्षार्थियों के बीच स्वतंत्र सोच को बढ़ावा देने के लिए अपने रचनात्मकता को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित किया। इससे न केवल उनकी कक्षाएँ एक खुशहाल जगह बन जाएंगी बल्कि छात्रों को स्कूल जाने का आनंद भी मिलेगा।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा खलारी प्रखण्ड स्थित झारखंड बालिका स्कूल में सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा के कार्यरत पीएलवी, सत्यपाल शर्मा, शिक्षिका लालमनी कुमारी मुंडा, चांदनी कुमारी स्कूल के बच्चे व अन्य उपस्थित थे। सत्यपाल शर्म ने ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में बताया गया। डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में प्रकाश डाला।

**तैयारी जोरों पर राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जूलाई को :** 13 जूलाई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहां कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। अंत में डालसा के पीएलवी ने नगड़ी आसपास एवं बाजार क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम कर राहगीरों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया। इसके अलावा झारखण्ड सरकार के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तार से बताया।

## कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने मुख्यमंत्री से लिया आशीर्वाद



**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र से नमांकन के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से कांग्रेस प्रत्यशी यशस्विनी सहाय ने आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेनने कहा कि झारखंड की बेटी है संसद में आवाज बनेगी। यह हमारे लिए गर्व की बात ही होगी। युवा पीढ़ी का राजनीत में आना देश और प्रदेश के लिए सुखद बात है। वर्तमान में केंद्र सरकार जिस प्रकार युवाओं को बरगला रही है, अगर युवा नेतृत्व सांसद पहुंचता है तो युवा के साथ-साथ महिलाओं और हर वर्ग का आवाज बनने का काम करेगी।

# हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम से पूछा- रांची में जिन मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में वाटर हार्वेस्टिंग नहीं है उन पर क्या हो रही है कार्रवाई?

## कोर्ट ने मौखिक कहा- गर्मी में पेयजल की समस्या ना हो निगम और सरकार रखे ध्यान

### तीनों डैम की सफाई को लेकर निगम और सरकार संवेदनशील रहे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची के जलस्त्रोतों के अतिक्रमण एवं रांची शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम से पूछा, रांची में जिन मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में वाटर हार्वेस्टिंग नहीं है उन पर क्या हो रही है कार्रवाई? तीनों डैम की सफाई को लेकर निगम और सरकार संवेदनशील रहे। कोर्ट ने निगम और सरकार से मौखिक कहा की गर्मी में रांची शहर में पेयजल की समस्या ना हो इसका ध्यान रखा जाए, जरूरत पड़े तो टैंकरों से भी पानी उपलब्ध कराया जाए। इससे पहले रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि 710 मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में से 648 मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में वाटर हार्वेस्टिंग किया जा चुका है। वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर एनजीओ, सेल्फ हेल्प ग्रुप से भी सहायता ली जा रही है। लोगों को जागरूक करने के लिए 5000 पंपलेट और 3000 स्टीकर बांटे गए हैं। एफएम रेडियो में भी वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कोर्ट ने रांची नगर निगम और राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई 15 मई निर्धारित करते हुए रांची नगर निगम से मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग एवं अन्य भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर की गई कार्रवाई के संबंध में बताने को कहा है।

**सरकार ने बताया था, हटिया, कांके एवं गेतलसूद डैम से 6 माह तक पानी आपूर्ति की कोई समस्या नहीं होगी :** पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि रांची के तीनों डैम हटिया, कांके एवं गेतलसूद डैम से 6 माह तक पानी आपूर्ति की कोई समस्या नहीं है। इसलिए गर्मी में पेयजल की समस्या नहीं होगी। भविष्य में रांची में पेयजल का संकट ना आए इसके लिए निगम और सरकार योजनाएं बना रही है। कोर्ट को यह भी बताया गया था कि कांके डैम, हटिया डैम एवं गेतलसूद डैम का झारखंड स्टेट स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के माध्यम से सेटेलाइट मैपिंग किया जाएगा। ताकि इन तीन डैम का जल स्त्रोत, कैचमेंट एरिया, डैम के आसपास के अतिक्रमण आदि की जानकारी हो सके। तीनों डैम के कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण को हटाया जाएगा ताकि भूमिगत जल स्तर बना रहे।

## खबर एक नजर में

### 10वीं रांची का टॉपर उत्कर्ष ने बताया उसने हर रोज 3 घंटे से अधिक नहीं की पढ़ाई

**रांची।** लोगों के मन में अक्सर ऐसी धारणा होती है कि टॉपर्स को दिन-रात एक करके पढ़ना होता है। सोशल मीडिया से दूर रहता होता है। लेकिन, उत्कर्ष विभव की कहानी इससे कुछ अलग है। उत्कर्ष आइसीएसइ बोर्ड 10वीं क्लास के परिणाम में 99.6% लाकर रांची के टॉपर बने हैं। उत्कर्ष रांची के संत थॉमस स्कूल से पढ़े हैं। उत्कर्ष ने बताया कि मैंने कभी अपने ऊपर प्रेशर नहीं लिया। मुझे साइकिलिंग का शौक रहा और मैं हर दिन साइकलिंग करता था। फिल्म देखने का भी मुझ में जबरदस्त क्रेज है। फिल्मों से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हालांकि, मैं टॉप करूंगा इसकी बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। जब रिजल्ट देखा तो शॉक रह गया। उसने कहा कि बिना एक दिन नागा किए मैंने पढ़ाई की। मैं मन लगाकर हंड्रेड परसेंट एफिशिएंसी के साथ पढ़ता था। जो टॉपिक पढ़ता था, उसे पूरी तरह हर एंगल से पढ़ता था। मतलब कम पढ़ो, लेकिन अच्छे से पढ़ो। आगे बताया कि मैंने कभी रोज 3 घंटे से अधिक पढ़ाई नहीं की, क्योंकि मेरे लिए 4-5 घंटे लगातार पढ़ना कठिन है। मैं हमेशा आधे या 1 घंटे के बाद उठ जाया करता था। लेकिन, जितनी देर भी पढ़ता था, पूरे फोकस माइंड के साथ पढ़ता था।

### नागपुरी, खोरठा, पंचपरगनिया और कुरमाली की भी पढ़ाई प्रारंभ हो : राजेन्द्र प्रसाद

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा है कि सदानों की भाषा नागपुरी, खोरठा, पंचपरगनिया व कुरमाली में भी पढ़ाई प्रारंभ होना चाहिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने 1 जून से जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई पहली कक्षा से प्रारंभ करने की बात चुनावी सभा में रविवार को सिंभूम के मझगांव में कही थी। श्री प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री किसी जाति और धर्म विशेष का नहीं होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के द्वारा 1 जून से स्कूलों में पहली कक्षा से जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई कराने की बात कही है। लेकिन, यह भी कहा कि इसके साथ-साथ सदानी भाषा यानी मूलवासी सदानों की भाषा नागपुरी, खोरठा, पंचपरगनिया और कुरमाली भाषा की भी पढ़ाई शुरू करवाने की मांग मुख्यमंत्री से की है। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदानों के साथ हमेशा छल- कपट राज्य में बनने वाली सरकारों ने किया है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि दुख तब और ज्यादा होता है कि जब राज्य में क्षेत्रीय दल का मुख्यमंत्री होते हुये भी झारखण्ड की वास्तविकता से मुंह मोड़ रहे हैं।

### आठवीं बोर्ड को लेकर जैक अध्यक्ष से मिला शिक्षक संघ

**रांची।** सोमवार को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जैक अध्यक्ष सचिव से मिलकर 8 वी बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी होने में गतिरोध को लेकर वार्ता की । विद्यालयों पर कारवाई के आशंका के बीच स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तथा मामले की जानकारी होते ही अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने जैक के पदाधिकारियों से तत्काल मिलने का निर्णय लिया। झारखंड के मालूम हो कि 384 विद्यालय से अधिक अभी तक छात्रों का आंतरिक मूल्यांकन का अंक तकनीकी कारणों से ऑनलाइन दर्ज नही हो पाया है। जैक अध्यक्ष- सचिव ने स्कूल से 8 वी की आंतरिक मूल्यांकन अंक अविलंब दर्ज करने की बात कही। संघ ने भरोसा दिलाया की अतिशीघ्र छूटे विद्यालयों के द्वारा ऑनलाइन एंट्री कर दी जायेगी। संघ के अनुरोध पर इस संबंध में जैक द्वारा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं डीएसई को पत्र लिखकर अतिशीघ्र कार्य करने का आदेश किया गया।

### सीएमओआई के अधिकारियों ने सीएमडी सीसीएल से की शिष्टाचार भेंट



**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन के रांची ब्रांच के अधिकारियों ने सोमवार को निलेंदु कुमार सिंह, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलकात के क्रम में डीएन सिंह, अध्यक्ष, सीएमओआई, एसके सिंह, उपाध्यक्ष, सीएमओएआई और अशोक कुमार, उपाध्यक्ष, सीएमओएआई ने पुष्प गुच्छ दे कर सीएमडी,सीसीएल का स्वागत किया। ज्ञात हो कि सीएमडी,सीसीएल ने कोयला मंत्रालय, भारत सरकार और कोल इंडिया लिमिटेड के आदेशानुसार 29 अप्रैल को को सीएमडी, सीसीएल के पद पर अपना योगदान दिया है। उल्लेखनीय है कि कंपनी के नीति निर्माण एवं अधिकारियों के समस्याओं एवं विषय वस्तु के समाधान हेतु सीएमओएआई एक प्रभावी संस्था है जो कंपनी प्रबंधन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सीसीएल के विकास के लिए कृत संकल्प रहती है। मुलकात के दौरान परिचय एवं वातालर्प भी हुआ।

स्पीड न्यूज

## जेएमएम ने कांग्रेस के पक्ष में मांगा वोट

**तमाड़।** खूंटी लोकसभा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को विजय सुनिश्चित करने को लेकर जेएमएम के कार्यकर्ता जनसंपर्क करते हुए गांवो में जनसंपर्क अभियान चला रहे है। इस बिच तालाडीह, डाटमसाल टोला बाडुदा, मानकीडीह, बांकी भूरसुडीह, पातसायडीह आदि गांवो में बैठक करते हुये हाथ छाप में मतदान करने के लिये अपील किये। मौके पर मुन्ना महतो, मुखिया प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह मुंडा, नवकृष्ण पुराण, मानकी मुंडा, मनीराम मुंडा, लाल सिंह स्वांसी, बारना मुंडा आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## झारखंड में लूट की बनी इमारत गिर रही है : दीपक

**बेड़ो।** झारखंड में ईडी की अलग-अलग जगहों पर छापेमारी और भारी भरकम कैश बरामदगी पर शिवसेना झारखंड प्रदेश प्रमुख दीपक सिंह ने कांग्रेस सरकार पर तंज कसा। दीपक सिंह ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस और झामुमो की सरकार में लोट खसोट से बनी इमारत गिर रही है। आज समझा जा सकता है जिस तरह से झारखंड के एक मंत्री आलमगीर आलम के करीबी के यहा से करोड़ों रुपए कैश बरामद हुए हैं। बरामद हुए करोड़ों रुपए गरीबों के हक के पैसा है। जिसे भ्रष्ट नेताओं ने चोरी की है। दीपक सिंह ने कहा देश के माननीय प्रधानमंत्री जहां देश को विकास की राह पर ले जा रहे हैं तो वही दूसरी ओर कांग्रेस ने हमेशा गरीबों के हक के पैसों की चोरी कर अपना महल खड़ा की है, जिसे मोदी सरकार ढाहने का काम किया है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

**मांडर।** भारतीय जनता पार्टी के मांडर मंडल के द्वारा गांव-गांव घूम कर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव के लिए समर्थन मांगा गया। इस दौरान मंडल के अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी ने मांडर प्रखंड के नगड़ा, उचरी, कनभीठा, गोरे, टोटामबी, सुरसा, हातमा, करगे, हेसमी, कठचाचो आदि गांव में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। साथ ही समीर उरांव को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प किया गया। इसमें मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खददी उरांव, दिनेश गुप्ता, जनार्दन साहू, हेमंत कुमार, बबलू गोप, अब्दुल रहमान, शनिचरवा उराँव, मुकेश गोप, सुनिल सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस के पक्ष में किया प्रचार-प्रसार

**मांडर।** इंडिया गठबंधन के लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में समर्थन के लिए विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक ने कांग्रेस कार्यकताओं के साथ सोमवार को विभिन्न गांवों का दौरा किया। प्रखंड के बांसजाड़ी समेत अन्य गांव का भ्रमण कर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के लिए प्रचार किए। साथ में पंचायत अध्यक्ष छोटन उरांव , नेजाम अंसारी ,अनुप राम, नईम अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

**इटकी।** इटकी के केसरी नया तालाब स्थित महाकाल शिव मंदिर प्रांगण में 7 मई मंगलवार को श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एंव संध्या में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। 7 मई से 13 मई तक चलने वाले इस महायज्ञ एंव श्रीमद भागवत कथा का कथावाचिका दुनिया की सबसे कम उम्र वृंदावन की विख्यात साध्वी देवीका दीक्षित होंगी। भव्य रूप से आयोजित महायज्ञ श्रीमद भागवत कथा 7 मई दिन मंगलवार प्रातः 7 बजे कलश यात्रा से प्रारम्भ होगा। 8 मई को ध्रुप कथा, 9 मई प्रह्लाद चरित्र पर व्याख्यान, 10 मई श्री कृष्ण जन्म, 11 मई गोवर्धन लीला, 12 मई रुक्मणि विवाह, 13 मई सुदामा चरित्र एंव महाप्रसाद वितरण और पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन किया जयेगा।

### मैक्लुस्कीगंज पतरातू मुख्य पथ के मायापुर के पास ट्रक व हाइवा में टक्कर

# हाइवा चालक की मौत व ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल

### जेसीबी की मदद से हाइवा में दबे चालक को निकाला गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के चीनाटाँड़ मायापुर पुल के पास कोयला लोड ट्रक व हाइवा में जोरदार टक्कर,हाइवा व ट्रक आपस में भिड़ंत होने से हाइवा चालक की मौके पर हुई मौत अथवा ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल रिम्स रेफर किया गया। घटना लगभग दोपहर के 2 बजे की बतायी जाती है। जानकरी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज पतरातू मुख्यपथ के मायापुर पुल के पास कोयला लोड ट्रक व हाइवा में टक्कर हो गया। कोयला ट्रक तेतरिया खाड़ कोलयरी से मैक्लुस्कीगंज पतरातू पथ से खलारी सीमेंट फैक्टरी में कोयला गिराने जा रहा था। इस दौरान पतरातू साइडिंग से कोयला गिराकर मगध कोलयरी जाने के क्रम में (विपरीत दिशा) हाइवा मायापुर पुल के पास दोनो में भिड़ंत हो गया। जिससे हाइवा चालक मुनेल उराँव (लगभग 20 वर्ष) पिता जुगल उराँव संती खुटेर थाना बालूमाथ निवासी का मौत हो गया। वही ट्रक चालक मुकेश यादव लगभग (30 वर्ष) बरछिया बरहेट बारियातु निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। वही हाइवा मालिक आरा बालूमाथ थाना क्षेत्र के निवासी जितेंद्र साहू व ट्रक मालिक नगड़ा निवासी रामपति साव के नाम से बताया जा रहा है।

हाइवा व ट्रक में जोरदार टक्कर होने से हाइवा चालक वाहन में ही दब कर मौत हो गया। जिसे मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने जेसीबी के मदद से चालक मुनेल उराँव का शव निकाला गया। वही चालक मुकेश यादव गंभीर रूप से घायल को एम्बुलेंस के माध्यम से बेहतर ईलाज के लिए भेजा गया। बताना चाहते है कि हाइवा से मैक्लुस्कीगंज पथ से रोजाना सैकड़ो कोयला लोड हाइवा तेज रफ्तार में गुजरती है। मैक्लुस्कीगंज पूरा क्षेत्र पठन पठान का हब भी कहा जाता है। जिससे रोजाना कई माशूम को विद्यालय आना जाना लगा रहता है।

## पांच दिवसीय शिव हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव में ग्रामीणों द्वारा नव निर्मित शिव हनुमान मंदिर का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह महोत्सव सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। इस दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य पंडित सतीश की अगुवाई में बतौर यजमान बासुदेव महतो,गंदुर गोप,अनिल गोप,उमेश गोप,नंदलाल गोप,दीपक गोप,दिलीप गोप,मनोज गोप,अवध महतो,राजू,सुरेंद्र गोप, बबलू गोप, ईश्वर ,रविंद्र रमेश महतो,प्रमोद महतो, बृजेश महतो,ओमप्रकाश गोप, प्रेम महतो, शिव गोप व राजकुमार गोप आदि ने पूरा किया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान वृंदावन के कथा व्यास निकुंज लाडली के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया गया। वहीं धार्मिक अनुष्ठान के दौरान हवन आरती,रामायण पाठ व हनुमान चालीसा पाठ आदि का आयोजन किया जाएगा। साथ ही यह महोत्सव आगामी दस मई तक चलेगा। इधर इस पांच दिनी धार्मिक अनुष्ठान के अनुष्ठान के आयोजन में श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रखंड व गांव के युवा, समाजसेवी व बुद्धिजीवी सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

# डॉन बॉस्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** आईसीएसई दशवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। डॉन बॉस्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सफलता के परचम लहराया है। मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के करकट्टा निवासी आस्था राज 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टापर बनी ।एकेडमी से 72 छात्र व 34 छात्राएँ कुल 106 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। आईसीएसई द्वारा घोषित परिणाम में सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास होकर एकेडमी का नाम रौशन किया है। एकेडमी का एवरेज 83.67प्रतिशत रहा। रिशव राज 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय व विख्यात कुमार गुप्ता 94.8 अंक प्राप्त कर विद्यालय का थर्ड टापर बना। वहीं आयुश कुमार सिंह 94, कुणाल कुमार 94, ज्ञानवी राज 93.8, हिमान्सु कुमार 93.4, रणबीर यादव 92. 8, हिमान्सु कुमार यादव 92.6, ज्ञान प्रकाश गुप्ता 92.6,निधि कुमारी 92.4, युवराज गुलशन 92, अपूर्वा कुमारी 92, आयुश कुमार पांडेय 92, मो0 अरु आलम 92, प्रियांशु चावड़ा 91. 8, आर्यन भगत 91.6, आयुश कुमार 91,2, सहित कुल 25 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। जबकि 52 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक व 25 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक व 4 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रौशन किया है। आईसीएसई दशवीं परीक्षा में डॉन बॉस्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज के विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन पर एकेडमी के सहायक प्रचार्य जोशी टीडी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता एक टीम की सफलता है। जिसका सबसे बडा श्रेय विद्यार्थियों को जाता है, जिन्होंने कड़ी मेहनत कर इस मुकाम को हासिल किया है।वहीं शिक्षकों का मार्गदर्शन व अभिभावको की जागरूकता का भी बडा योगदान रहा है।वहीं विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन पर बधाई दी है। बधाई देने वालों में राकेश साह, कल्याण मोहंती, राजेश सिंह, जोभी जोषी, केनेथ जेनिंग्स, जौली जोसेफ सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हैं।

# झूलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शिव मंडा पूजा संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के चचकोपी गांव में शिव मंडा पूजा समिति के तत्वाधान में मंडा पूजा का आयोजन किया किया। जिसमें शनिवार को फुलखुंदी पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना की गई। देर रात भोक्ताओं ने आग के ऊपर नंगे पांव चलकर भक्ति और शक्ति का परिचय दिया। इसमें दर्जनों भोक्ता शामिल हुए। सर्वप्रथम भोक्ता तालाब पर स्थित घाट पहुंचे। इस अनुष्ठान के बाद सभी भोक्ता नगर भ्रमण पर निकल पड़े। शाम में फूलखुंदी के लिए भोक्ता महादेव मंडा पहुंचे। लोटन सेवा अनुष्ठान के बाद सभी भक्त एक-दूसरे को आपसी भाईचारा का परिचय देते हुए 21 बार गले मिले। इसके बाद मंदिर में बाबा भोलेनाथ की श्रृंगार पूजा बले शिवा मनी महेश काशी बैजनाथ उड़ीसा जगन्नाथ गजा



सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काट कर उद्घाटन करते सन्नी टोप्पो।

गजाधर आधव माधव गौरी शकर महेश दाता दिगम महेश बले शिवा मनी महेश के जयकारे के साथ हुई। अंतिम अनुष्ठान में भोक्ताओं ने अंगारों के ऊपर नंगे पाव चल कर अपनी भक्ति और शक्ति का परिचय दिया।वहीं रविवार को झूलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्धघाटन भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने किया। सन्नी टोप्पो ने कहा कि मंडा पर्व आस्था का बड़ा महापर्व है।उन्होंने कहा कि मंडा पूजा से हमारी संस्कृति व परंपरा जुड़ी है। यह आस्था और भक्ति का प्रतीक है। जलते अंगारों में चलकर लोग अपने अटूट आस्था का परिचय देते हैं।मंडा पूजा कर लोग गांव की खुशहाली और परिवार की समृद्धि की कामना करते हैं। वहीं शाम से रात भर रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर सभी ग्राम वासियों को झुमाया।कार्यक्रम में आए अतिथि पवन साहू,महादेव कुजूर,रंजन गुप्ता आदि। मंडा पूजा को सफल बनाने में मुख्य रूप से समिति का अध्यक्ष नारायण महली, उपाध्यक्ष मंगरा भगत व राजेश महतो, दसरथ बड़ाईक, विनय उरांव, बैजनाथ बड़ाईक, गणेश साहू, धनेश्वर बैठा, प्रकाश केरकेट्टा, महेश बैठा, सोना राम साहू, बिंदेश्वरी राम, ब्रजेश गोप,लक्ष्मण उरांव, अरुण साहू सहित समस्त ग्राम वासी।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड के चांदा उच्च विद्यालय में, आगामी 01 जून को गोड्डा लोकसभा चुनाव को लेकर शत प्रतिशत मतदान हो इसको लेकर ठाकुर गंगटी प्रखंड के चांदा ग्राम उत्क्रमित उच्च विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया मतदाता जागरूकता को लेकर छात्र छात्राओं के साथ शिक्षकों व परिजनों के द्वारा पेंटिंग, रंगोली, व मेंहदी प्रतियोगीता का आयोजना किया, कार्यक्रम में इस दौरान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया, इस दौरान प्रधानाध्यापक ने कार्यक्रम में उपस्थित खिलाडियों व उनके परिजनों को वोट की महत्व के बारे में जानकारी दी कहा देश में पांच साल के बाद एक ही पर्व है वो है चुनाव का पर्व, इस पर्व में भाग लेकर देश को एक अच्छी सरकार बनाने का अधिकार आमलोगों के हाथो होती है, यह अधिकर सभी को बराबार का होता है चाहे गरीब हो या अमीर चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी हो या देश का राष्ट्रीयपति सभी को एक ही वोट देने का अधिकार प्राप्त है, इस लिए 18 वर्ष से ऊपर वाले कोई भी व्यक्ति अपना मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं और अपना मतदान का हकदार बने, वही मतदान के दिन सभी वर्गो के लिए सरकार व जिला प्रशासन ध्यान रख रही है ताकि किसी को यह अधिकर से वंचित न हो पाए, इस दौरान कार्यक्रम में ग्रामीणों और स्वास्थ्य विभाग के कई अन्य प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# संविधान की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन को समर्थन: बंधन तिग्गा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर ऐतिहासिक जतरा खूंटा शक्ति स्थल के परिसर मुड़मा में महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें लोहरदगा लोकसभा के सभी प्रखंडों से लगभग 500 सामाजिक चिंतकों और आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि एवं सामाजिक अगुवागण भाग लिये। बैठक में केन्द्र में पिछले 10 वर्षों से काबिज भारतीय जनता पार्टी, वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एनडीए गठबंधन और आरएसएस समर्थित सरकार के कामकाज की समीक्षा की गई, विचारोंपरान्त यह पाया गया कि विगत 10 वर्षों से बीजेपी सरकार आदिवासियों के साथ शोषण, दमन, उत्पीड़न, जुल्म, अत्याचार और उपेक्षित ही किया है। वक्ताओं ने कहा कि एनडीए सरकार अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को कमजोर किया, भूमि अधिग्रहण कानून को कमजोर किया, वन अधिकार



अधिनियम में बदलाव लाया जिससे देश के आदिवासी प्रभावित हुए और होंगे, मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ अमानवीय घटना हुई, मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब किया गया, हसदेव जंगल को उजाड़ा, लद्दाख में पर्यावरण से छेड़छाड़ का प्रयास, आदिवासी को वनवासी बोलना, आदिवासियों के धार्मिक पहचान वाली मांग सरना धर्म कोड को खारिज किया गया, आदिवासी को हिंदू घोषित करना, सरना को सनातन से जोड़ना, राम मंदिर निर्माण को लेकर सरना स्थल की मिट्टी का दुरुपयोग किया गया, देश में नफरत फैलाना, बीजेपी व आरएसएस द्वारा आरक्षण खत्म करने का विचार, संविधान बदलने की बात करना, मनुस्मृति संविधान लागू करने की मंशा रखना, वर्ण व्यवस्था में उलझाए रखना, आदिवासियों को शुद्र की श्रेणी में रखना, भारत सरकार के जनगणना प्रपत्र में अन्य कॉलम को हटा देना, भारत सरकार के पदों में बहाली रोक देना, नौकरी देने में असफल रहना, आदिवासियों की धार्मिक सरना स्थलों, ससनदीरी जमीन को लैंड बैंक भूमि में डालकर समाप्त करने की साजिश करना, सीएनटी एक्ट, एसपीटी एक्ट बचाओ महारैली के क्रम में रघुवर दास की सरकार द्वारा खूंटी में गोली चलवाया गया। निवर्तमान लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत 15 साल तक सांसद रहे, समीर उरांव 6 साल तक राज्यसभा सांसद रहे।

## एक नजर में

### मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**सिकिदिरी।** गैर सरकारी संस्था जनकल्याण समर्पण संस्थान ने सोमवार को अध्यक्ष सुजीत कुमार के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। संस्थान के द्वारा हेसातू, हरातू, सिकिदिरी, जालिमा,मिरचा टोली, ईद, गंझू टोली, पिपराटोली, खालसा बिरहोर टोली आदि गांवों में अलग-अलग टीम बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने और मतदान का महत्व बताया । संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने कहा कि अभियान का उद्देश्य शत प्रतिशत मतदान कराना है। खेल, सामाजिक कार्य, शिक्षा, स्वच्छता के लिए भी लोगों को सजग किया गया है। बताया कि संस्थान की कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी को हरातु व हेसातू पंचायत, महासचिव सत्यपाल राउत को चाडू , कुटे, पांचा व बारीडीह पंचायत,सचिव राजकुमार को ओरमांझी, चकला, कुच्चू व सिल्दरी वहीं कोषाध्यक्ष रमण कुमार को नवागढ़, टाटी, सुरसू, कुच्चु पंचायत में आभियान चलाने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। यह अभियान 20 मई तक जारी रहेगा। मौके पर मिडिया प्रभारी दिलीप कुमार दीपू, विजय सिंह, माघू करमाली, गुड्डू सिंह, गोपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

### खलारी के दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता यशस्विनी सहाय के नामांकण कार्यक्रम में हुए शामिल

**खलारी।** झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान अपने दर्जनों कार्यकताओं के साथ इंडिआ गठबंधन में राँची लोक सभा उमिदवार यशस्विनी सहाय के नामांकण कार्यक्रम मे राँची मोराबादी मैदान सभा मे सम्मिलित हुए। जिसमे पूर्व राँची जिला उपाध्यक्ष नन्दू मेहता, राँची जिला सोशल मिडिया सदस्य विशाल पासवान, प्रखंड सचिव महेन्द्र चौहान, उपाध्यक्ष सुभाष प्रजापति,राजेश गोप, दिनेश्वर सिंह राजेश प्रसाद, कलाम रिजवी, संयुक्त सचिव चितरंजन सिंह, राजकुमार गंझू, युवा मोर्चा अध्यक्ष मुकेश यादव, संगठन सचिव सुधीर चौहान, शम्भू दास, रंजित रजक, विक्की मुंडा, सोनू राम, सुनिल यादव, ईस्लाम अंसारी, शिवनाथ मुंडा, सोनी देवी,सिमा देवी, पुजा देवी,चुलबुली कुमारी, बेबी देवी, मिना देवी, सोमरी देवी,रेणू देवी, ललिता देवी, मगन देवी, पूनम देवी, मुटरी देवी, झुनुवा देवी, सुखमनी देवी, नुनी देवी, पार्वति देवी, निमा देवी, सिमा देवी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे ।

### सर्व ब्राह्मण महासभा की बैठक में परशुराम जयंती मनाने की रुपरेखा तैयार

खलारी। सर्व ब्राह्मण महासभा की बैठक केडी बाजार में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के संरक्षक बीएन पांडेय और संचालन रतन मिश्रा ने किया। इस बैठक में सर्वसम्मति 10 मई को डकरा दुर्गा मंडप परिसर में स्थित विवाह मंडप में आयोजित भगवान परशुराम जयंती को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें भगवान परशुराम जयंती मनाने की रुपरेखा तैयार की गई, बैठक के दौरान सभी लोगों को अलग-अलग कार्य की जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक में सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार तिवारी, सचिव दिनेश पांडेय, कोषाध्यक्ष अवधेश उपाध्याय, उप कोषाध्यक्ष पंकज मिश्रा, रमेश शर्मा, गिरधर तिवारी, शशि पांडेय, एचके दुबे, नव कुमार बनर्जी, सोनु कुमार पांडेय, विकास कुमार दुबे समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### राजकुमार तिर्की के विरुद्ध मामला दर्ज

**इटकी।** आदर्श अचार संहिता उलंघन मामले में भाजपा के इटकी मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की के विरुद्ध इटकी थाना में मामला दर्ज किया गया है। इटकी अंचल के सीआई जयकेश्वर साहू के द्वारा दिये गये आवेदन पर कार्रवाई करते हुए मंडल अध्यक्ष राजकुमार के खिलाफ धारा 188 भादवी एवं 131/135 आरपीसी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन के अनुसार भाजपा का चुनावी कार्यालय इटकी के उर्दू बालक मध्य विद्यालय स्थित बुथ संख्या- 330, 336 तथा लक्ष्मी गजेंद्र स्कूल स्थित बुथ संख्या- 339 व 340 से करीब एक और देढ़ सौ गज की दूरी पर खोली गई है।

# मांउट कार्मेल स्कूल के सभी छात्र प्रथम श्रेणी में पास, प्रखंड टॉपर प्रणित कुमार को बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** आईसीएसई बोर्ड का रिजल्ट सोमवार को जारी हुआ। प्रखंड क्षेत्र के मांउट कार्मेल स्कूल ओरमांझी का रिजल्ट इस वर्ष भी शत प्रतिषत रहा। विद्यालय के 159 विद्यार्थी परिक्षा में दिए थें। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए हैं। जिनमे ओरमांझी के समाज सेवी श्यामकिषोर महतो को बेटा प्रनित कुमार 98.2 प्रतिषत अंक के साथ प्रखंड टापर हुआ है। वहीं एष्वर्या प्रताप पासवान 97.4 प्रतिषत अंक द्वितीय व स्वाति सिंहा 96.2 प्रतिषत अंक के साथ तृतीय टापर हुए हैं। इसके अलावे रणवीर प्रसाद साहू



टॉपर प्रनित को सम्मानित करते निदेशक फादर मैथ्यू।

94.8 चौथें, अभिषेक कुमार व अलिसा अंबर 94.4 प्रतिषत अंक लाकर दोनो पांचवे टॉपर में शामिल हुए हैं। विद्यालय के निदेषक फादर मैथ्यू ने बताया विद्यालय के 21 विद्यार्थी 90 प्रतिषत से ज्यादा, 52 विद्यार्थी 75 प्रतिषत से ज्यादा व 86 विद्यार्थी 60 प्रतिषत से ज्यादा अंक लाकर सभी प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए हैं। विद्यालय में रिजल्ट जारी करने के साथ सभी टापर विद्यार्थियों को मेडल व प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इधर प्रनित के टॉपर होने पर उसके स्वजनों के साथ कई लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू, साहू, अजय सिंह, सत्यनारायाण तिवारी, सत्यमराज कुषवाहा, षंकर गुप्ता व नरेष महतो सहित कई विद्यालय के प्राचार्य सिस्टर ब्रिजिट सहित षिक्षक व छात्र-छात्राओं द्वारा बधाई दी गई है।

## सिदरौल : कंटेनर में लगी आग, अफरा-तफरी मची

**नामकुम।** सोमवार शाम लगभग चार बजे थानाक्षेत्र के सिदरौल स्थित फलिपकार्ट कुरियर कंपनी के गोदाम में खड़े कंटेनर में आग लग गयी। माललदे कंटेनर में आग लगते ही गोदाम परिसर में अफरा तफरी मच गयी। धीरे धीरे आग ने कंटेनर को अपनी आगोस में लेना षूरू ही किया था कि कर्मियों की सूझबूझ से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया अन्यथा आग बढने से कंटेनर और गोदाम सहित आसपास में भारी नुकसान हो सकता था। नाम नहीं छापने की षर्त पर परिसर के कर्मी ने बताया कि पास ही कई वाहन खड़े थें, थोड़ी देर और होती तो आग भयानक रूप ले सकता था और जानमाल की भारी क्षति हो सकती थी। कंटेनर में आग कैसे लगी यह अबतक मालूम नहीं चल पाया है।

# गर्मी में मतदान

मई का महीना आते ही उत्तर भारत के कई हिस्सों में गर्मी का बढ़ता प्रभाव भी देखने को मिलने लगा है। साथ ही अभी भी देश भर के कई हिस्सों में चार चरण के मतदान बाकी हैं और बढ़ती गर्मी का असर लोकसभा चुनावों पर भी देखने को मिल सकता है। इसी बीच भारतीय मौसम विभाग के डायरेक्टर जनरल डॉ। एम मोहापात्रा ने एनडीटीवी से एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में आगाह किया है कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से हीट और लू की तीव्रता देश में बढ़ती जा रही है, और इस साल मई के दौरान देश के 15 राज्यों में लू के दिन औसत से ज्यादा रहने का पूवार्नुमान है। डायरेक्टर जनरल डॉ एम मोहापात्रा ने जानकारी दी कि भारत मौसम विज्ञान विभाग सीजनल लेवल पर प्रिडिक्शन जारी करते हैं और क्लाइमेट फॉरकास्टिंग सिस्टम का इस्तेमाल करते हुए हमने मई में तापमान कैसा रहेगा, इसका अनुमान लगाया है। समुद्र में, लैंड में और वातावरण का ऑब्सरवेशन लिया जाता है और इन्हें इकट्ठा करके हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटेशन के जरिए पता चलता है कि अगले महीने का तापमान कैसा रहेगा। वेस्टर्न साइड, गुजरात, राजस्थान, वेस्ट मध्यप्रदेश आदि क्षेत्रों में मई के महीने में 8 से 11 दिनों तक हीटवेव देखने को मिल सकता है। इसके अलावा मध्य प्रदेश का बच्चा हुआ हिस्सा, झारखंड, बिहार, दिल्ली, पंजाब में जहां अक्सर 3-4 दिन के लिए हीटवेव होता है, वहां आपको मई में 5 से 7 दिन तक हीटवेव देखने को मिल सकती है। रोजाना अगले पांच दिनों तक मौसम की जानकारी चुनाव आयोग को दे रहे हैं। चुनावी गतिविधियों में सक्रिय लोगों पर हीटवेव का ज्यादा असर हो सकता है। उत्तर पूर्वी भारत में भी तेज हवाएं चलने के साथ हीट स्ट्रोक की संभावना बढ़ गई है। गर्मी का असर बिहार और यूपी सहित कई राज्यों के मतदान पर पड़ता दिखाई दे रहा है। भीषण गर्मी में मतदान एक चुनौती है।


# बंजर भूमि की मांग

भारतीय कागज उद्योग ने सरकार से ह्यपल्पवुडह्ल वृक्षारोपण के लिए कागज मिलों को दीर्घकालिक पट्टे पर बंजर भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। उद्योग का कहना है कि इससे कच्चे माल की कमी को दूर करने और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। पल्पवुड ऐसे वृक्षों को कहा जाता है, जिनकी लकड़ी को पीसकर रेशेदार गूदे में बदला जा सकता है।उद्योग ने कहा कि देश में भारी मात्रा में बंजर भूमि उपलब्ध है और अगर इसका एक छोटा सा हिस्सा पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए कागज मिलों को पट्टे पर आवंटित किया जाता है, तो यह उद्योग की वृद्धि और देश की हरियाली के लिए क्रांतिकारी कदम हो सकता है।

इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि कागज उद्योग को कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल होने वाली लकड़ी की कमी का सामना करना पड़ रहा है और यह भारत में मिलों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है।आईपीएमए ने कहा कि कागज उद्योग कृषि वानिकी प्रयासों को आगे बढ़ा रहा है और घरेलू उद्योग की जरूरत पूरा करने के लिए पल्पवुड के बागानों को तेजी से बढ़ाने की जरूरत है।बयान के मुताबिक, ह्लदेश में उपलब्ध बंजर भूमि का एक हिस्सा पल्पवुड के वृक्षारोपण के लिए पट्टे पर देने से घरेलू विनिर्माण की वृद्धि होगी, और साथ ही ग्रामीण सशक्तीकरण तथा भारत की हरियाली को भी बढ़ावा मिलेगा।आईपीएमए के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा, ह्लहम सरकार को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह जमीन लंबी अवधि के पट्टे पर कागज उद्योग को दी जा सकती है। इससे न केवल कागज मिलों को, बल्कि कई लकड़ी-आधारित उद्योगों को वांछित मात्रा में लकड़ी मिलेगी, और साथ ही बड़ी मात्रा में ग्रामीण रोजगार भी पैदा होंगे।

# शंकराचार्य ने सनातन को पुर्नजीवित किया





-अशोक प्रबुद्ध

> उपनिषद पंथी राजा लोग जनक विदेह जैसे यद्यपि ब्राह्मण की कर्मकाण्ड विधि पर यज्ञ करते थे, परन्तु वे अपने ही ब्रह्मज्ञान की बातें ब्राह्मणों से छिपाते रहते थे, सरलतापूर्वक बतलाते नहीं थे। ऐसी परिस्थिति में भारत के केरल राज्य के कालडी ग्राम में शंकराचार्य का जन्म एक वेदाचार संपन्न तपोनिष्ठ नम्बूदरि ब्राह्मण के घर में हुआ।

एक बात और भी थी कि उपनिषद का ब्रह्म तत्व क्षत्रियों ने और ब्राह्मणों का कर्मकाण्ड ब्राह्मणों ने अपना लिया था तथा दोनों ही वेदों को अपना समर्थक बतलाती थीं। उपनिषद पंथी राजा लोग जनक विदेह जैसे यद्यपि ब्राह्मण की कर्मकाण्ड विधि पर यज्ञ करते थे, परन्तु वे अपने ही ब्रह्मज्ञान की बातें ब्राह्मणों से छिपाते रहते थे, सरलतापूर्वक बतलाते नहीं थे। ऐसी परिस्थिति में भारत के केरल राज्य के कालडी ग्राम में शंकराचार्य का जन्म एक वेदाचार संपन्न तपोनिष्ठ नम्बूदरि ब्राह्मण के घर में हुआ। उनकी मातृभाषा मलयालम थी लेकिन अलौकिक प्रतिभा के बल पर बहुत कम समय में ही उन्होंने महाभाष्य पर्यंत संस्कृत का अध्ययन कर लिया। तत्पश्चात वे अद्वैत वेदान्त के महान आचार्य गौड़पाद के शिष्य गोविन्द भगवत्पाद की तलाश में लम्बी यात्रा करते करते हिमालय के दुर्गम भाग उत्तराखण्ड आ पहुंचे। गोविन्द भगवत्पाद इस कुशाग्र अल्पव्यस्क विद्यार्थी की अद्भुत प्रतिभा को देखकर चमत्कृत रह गये तथा उन्होंने इस बालक को अद्वैत सिद्धांत का गूढ़ रहस्य बतलाया। गुरु के चरणों में तीन वर्षों तक शंकर ने अद्वैत साधना की और अद्वैत तत्व में पारंगत हो गये। वहाँ से वे काशी आये और मणिकर्णिका घाट पर आसन जमाकर अपने अद्वैत सिद्धांत का प्रवचन करने लगे। एक अल्पव्यस्क यति की ऐसी बड़ी ही रहस्य एवं प्रगल्भ वाणी को सुनकर विद्वत्मण्डली आनद से गदगद हो उठी वहाँ काशी के पंडितों में खलबली मच गई। काशी में ही शंकर के प्रथम शिष्य सनन्दन ने दीक्षा ली थी।

काशी में अपने विद्वत्बल का संतुलन कर लेने के पश्चात शंकराचार्य ने ब्रह्मसूत्र पर भाष्य बनाने का मन बनाकर व्यासाश्रम की ओर प्रस्थान किया। अपनी शिष्यमण्डली के साथ उत्तराखण्ड की ओर जाते हुए इन्हें पता चला किहृषिकेश तक समूचा उत्तराखण्ड चीनी डाकूओं के भय से आक्रान्त है तथा इन चीनी डाकूओं के आतंक से भगवान यज्ञेश्वर विष्णु की मूर्ति गंगा में डाल दी गई थी। शंकर ने यज्ञेश्वर विष्णु की मूर्ति का उद्धार किया फिर वे बद्रीनाथ की ओर चले। इस समय यह उत्तराखण्ड उत्तर भारत से विच्छिन्न था तथा चीन और तिब्बत की सीमाओं से प्रभावित था। सर्वत्र चीनी डाकूओं के झुण्ड के झुण्ड घूमते थे और यात्रियों तथा गांवों को लूटते रहते थे।

शंकर जब बद्रीनाथ क्षेत्र पहुंचे तो इन्हें ज्ञात हुआ कि डाकूओं ने मन्दिर को नष्ट कर दिया है और पुजारियों ने मूर्ति को नारद कुण्ड में छुपा रखा है तो मूर्ति को नारदकुण्ड से निकालकर शंकर ने मूल मन्दिर में प्रतिष्ठा की और स्वजातीय एक नम्बूदरि ब्राह्मण को उसकी पूजा- अर्चना के लिए नियुक्त किया। उसी ब्राह्मण के वंशधर आज तक बद्रीनाथ भगवान के पुजारी होते चले आये हैं तथा वे रावल कहलाते हैं। इसके पश्चात शंकर बद्रीनाथ के उत्तर में आगामी व्यास गुहा में जाकर रहने लगे। अगम्य व्यास गुहा में ही चार वर्ष तक रहकर ब्रह्मसूत्र, गीता, उपनिषद् तथा सनत्सजातीय पर अपने भाष्य रचे तथा शिष्यों को उन्हें पढ़ाया। उनका शिष्य सनन्दन बड़ा ही प्रतिभाशाली था। शंकर ने अपना भाष्य उसे तीन बार पढ़ाया और उसकी सेवा से प्रसन्न होकर उसका नाम पादपद्म रखा। आगे चलकर सनन्दन का वही नाम प्रसिद्द हो गया। चार वर्षों के दौरान वहीँ पर व्यासगुहा में ही रहकर प्रस्थानत्रयी पर भाष्य रचा।

और शिष्यों को पढ़ाकर वे केदारक्षेत्र आये। केदारक्षेत्र में शंकर ने तप्तकुण्ड का आविष्कार किया। फिर वे कुछ दिन गंगोत्री में रहे। तत्पश्चात वे उत्तरकाशी चले गए। इस समय तक शंकर का नाम तथा यश सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में फैल चुका था तथा बड़े- बड़े पंडित दूर- दूर देशस्थ जो वहाँ पहुंचते थे, उनसे वाद- विवाद और शास्त्रार्थ किया करते थे। इस समय उत्तर भारत में दो कथित महान पंडित वेदोद्धारक कुमारिल भट्ट और खण्डन मिश्र उपस्थित थे। शंकर ने उन दोनों की बहुत नाम और कीर्ति सुनी थी। अतः शास्त्रार्थ में पराजित कर उन दोनों को अपना अनुगत शिष्य बनाने की कामना से शंकर उत्तराखण्ड से यमुना के किनारे- किनारे प्रयाग आ पहुंचे।

कुमारिल भट्ट महान पंडित एवं संपन्न गृहस्थ थे। उनके पास अनेक धान के खेत थे। पाँच सौ दासियाँ थीं। बड़े- बड़े राजाओं नयून्हें जागीर और जायदाद प्रदान की थी। कहा जाता है कि कुमारिल भट्ट ने नालन्दा के पीठस्थविर महाप्रज्ञ धर्मपाल, जो कि प्रसिद्द विज्ञानवादी, योगाचार और शून्यवाद के दिग्गज आचार्य थे, जिन्होंने बसुबन्ध के योगाचार पर विज्ञप्तिमात्रता सिद्धिव्याख्या और आर्यदेव के शून्यवाद पर शत्शास्त्र वैषुल्य भाष्य लिखा था, से छद्मवेष में बौद्धागम पढ़ा था।पीछे कुमारिल ने इन्हीं धर्मपाल को शास्त्रार्थ में पराजित किया था। कुमारिल ने शबर स्वामी के मीमांसा भाष्य पर टिका लिखी थी, जो वार्तिक के नाम से प्रसिद्ध है। इस मीमांसा में कुमारिल ने धर्म प्रामाण्य की सूक्ष्म छान- बीनकर वेदों का स्वतः प्रामाण्य भारी परिष्कार से सिद्ध किया था। कुमारिल ने धर्म शास्त्र निर्णय की ऐसी पद्धति निकाली थी कि जिससे बारह सौ वर्षों तक पंडितगण उसी पद्धति से धर्म व्यवस्था करते रहे। सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में कुमारिल की तूती बोल रही थी और वे वैदिक यज्ञ मार्ग और स्मार्त गृहस्थ धर्म को पुनर्जीवित करने में भागीरथ प्रयत्न कर रहे थे।इसी कारण शंकर ने कुमारिल को अपने प्रभाव में लाने की इच्छा की थी। ब्रह्मसूत्र पर भाष्य उन्होंने रचा ही था उनका विचार था कि कोई असाधारण दिग्गज विद्वान उस पर वार्तिक लिखे। इस समय कुमारिल से बढ़कर महापंडित उनके दिमाघ में तथा सत्य में ही कोई दूसरा भारत में नहीं था। उतरकाशी से चलकर जब शंकर प्रयाग पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कुमारिल तुषाग्नि में जलकर अपने शरीर को भष्म कर प्रायश्चित कर रहे थे। इतने बड़े मीमांसक को इस प्रकार शरीरान्त करते देख शंकर को बड़ा ही दुःख हुआ। शंकराचार्य की कुमारिल से बहुत कम ही बात हुई। कुमारिल ने शंकराचार्य को मंडन मिश्र को अपना अनुयायी बनाने की सलाह दी। शंकर जब उत्तरकाशी में आये तब उनकी मुठभेड़ काशी के धुरन्धर पंडित मण्डन मिश्र से हुई जो पूर्वमीमांसा वादी थे। मण्डन मिश्र और उनकी पत्नी उभय भारती दोनों बड़े ही वाग्मी थे, परन्तु शंकर ने उन्हें शास्त्रार्थ में हराकर सन्यासी बना लिया। उनका नाम सुरेश्वर रखा।

## खास बात
# 2024 की चिंता

**जीवीएस शास्त्री**

राजनीति में एक कहावत है। जिस दल ने यूपी और बिहार में अपना दबदबा कायम किया तो दिल्ली में उसी की सरकार बनती है। वर्तमान में देखें तो दोनों ही राज्यों में भाजपा या फिर एनडीए की सरकार है। अगले साल उत्तर प्रदेश में विधानसभा के चुनाव होने हैं। केंद्र में अपनी मजबूती और सबसे बड़े राज्य में अपनी ताकत को बनाए रखने के लिए भाजपा पूरी तरह से राज्य में सक्रिय हो गई है। उत्तर प्रदेश को लेकर पार्टी के अंदर बेचैनी भी बढ़ रही है। सूत्रों का दावा है कि प्रदेश में एंटी इनकंबेंसी को कम करने के लिए पार्टी कई तरह के बदलाव पर विचार कर रही है। जिस तरह से राजनीतिक गलियारों में उत्तर प्रदेश को लेकर चर्चा गर्म है, उससे तो इसी बात का अंदाजा लगता है कि पार्टी राज्य में बड़े बदलाव की ओर बढ़ रही है। पार्टी की ओर से राज्य में कुछ नेताओं की सक्रियता बढ़ा दी गई है। सरकार और पार्टी के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया जा रहा है। लेकिन सवाल यह है कि उत्तर प्रदेश में मजबूत सरकार होने के बावजूद पार्टी में ऐसी स्थिति क्यों आई है?

पूरे देश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में भी कोरोना वायरस लगातार चरम पर था। लेकिन जिस तरह से देश की सबसे ज्यादा जनसंख्या वाले राज्य से खबर आ रही थी, वाकई वह सभी में बेचैनी पैदा कर रही थी। कोरोना की डराने वाली ज्यादातर खबरें उत्तर प्रदेश की ही रही। कोरोना की पहली लहर में उत्तर प्रदेश में जितना सब कुछ व्यवस्थित नजर आ रहा था, दूसरी लहर में वह चीज देखने को नहीं मिली। स्थिति ऐसी बनी कि मंत्री, विधायक और सांसदों की भी सुनवाई नहीं हो रही थी। लखनऊ, वाराणसी, इलाहाबाद, कानपुर से जो तस्वीरें आई वह वाकई हैरान करने वाली थी। हालांकि, सरकार के कुछ अच्छे कदमों की वजह से फिलहाल उत्तर प्रदेश में कोरोना पर कंट्रोल कर लिया गया है। लेकिन कहीं ना कहीं सरकार की छवि को काफी नुकसान पहुंचा है। भाजपा को यह लगने लगा है कि प्रदेश सरकार को लेकर जो धारणा एक बार राज्य में बन गई है वह अब बदल नहीं सकती है। लोगों के जेहन में अव्यवस्था हावी ना हो पाए इसलिए कई तरह के बदलाव को अपनाया जा रहा है।

# कैसा आहार

## धर्म-प्रवाह

**जग्गी वासुदेव**

**हमारी** मनोवैज्ञानिक अवस्था पर, हमारे भोजन का बहुत प्रभाव पड़ सकता है। चिकित्सा विज्ञान अब इस बात की चर्चा कर रहा है कि कैसे फलों का आहार हमारी मनोवैज्ञानिक खुशहाली को बढ़ाता है। क्या इसका कोई महत्व है? क्या अधिकांश रूप से फल आधारित भोजन उन लोगों के लिये ठीक है जो सामान्य पारिवारिक परिस्थितियों में होते हैं, तथा कामकाज और काफी शारीरिक गतिविधि करते हैं ?

किसी भी मशीन में, चाहे जिस तरह के ईंधन का उपयोग हो रहा हो, उसकी क्षमता इस बात पर निर्भर करती है कि वह कितनी आसानी से जलता है? उदाहरण के लिये एक सामान्य कार में आप जिस गैसोलीन का उपयोग करते हैं, वह रेसिंग कार या विमान के गैसोलीन से अलग होता है, और उसका कारण है ईंधन का आसानी से जलना! आपने पेट्रोल पम्पों पर अलग-अलग स्तर के ऑक्टेन वाले गैसोलीन देखे होंगे-- 87, 89, 90, 91, 93, 96.... हम जब मोटरसाइकिल चलाते थे तो 100 ऑक्टेन वाला तेल लेने के लिये तीन गुना रकम देते थे क्योंकि उससे अचानक ही हमारी मोटरसाइकिल ऐसे दौड़ती थी, जैसे दूसरी नहीं दौड़ सकतीं थीं।

फलों का आहार सुपाच्य होता है : सबसे ज्यादा आसानी से पचने वाला भोजन है - फल। पाचन का अर्थ है, जठराग्नि - पाचन अग्नियां। अगर इन अग्नियों को सबसे ज्यादा प्रभाव के साथ जलना है तो, निश्चित ही फल सबसे अच्छे हैं।

> **मेरे** एक वोट से पिछले 10 साल में 10 करोड़ से भी ज्यादा गृहणियों को सस्ती रसोई गैस मिली और अब मेरे ही वोट से हर उस रसोई तक पाइप से सस्ती गैस पहुंचेगी।
>
> **- अन्नपूर्णा देवी, सांसद**

## आपके ट्वीट

> **वैसे** ये घुसपैठिये आते कहाँ से हैं? और उस अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर चौकीदारी का जिम्मा झारखंड सरकार को कब मिला? राजनीति करने की जगह, उस सीमा को ११सील११ क्यों नहीं किया जाता? यह गलती किस की है?
>
> **- चंपई सोरेन, सीएम**





> गरीब परिवार की महिलाएं अब पढ़ाई और दवाई जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए अपने अनमोल गहने गिरवी नहीं रखेंगी।कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना से मिलने वाले 8,500 रू/महीना गरीब परिवार को ताकत और सुरक्षा देंगे।
>
> **- राहुल गांधी, कांग्रेस**

# यशस्विनी का स्वागत किया जाना चाहिए?

**मुरलीधर**

## चुनावी चर्चा

रांची लोक सभा से कांग्रेस यानी इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार सुश्री यशस्विनी सहाय चुनाव मैदान में हैं।

वैसे तो झारखंड की राजधानी रांची एक संवेदनशील लोकसभा का सीट रहा है। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के कारण यह सीट लगातार भारतीय जनता पार्टी के खाते में जा रहा है लेकिन इसी सीट से तीन बार कांग्रेस के दिग्गज नेता सुबोधकांत सहाय ने भाजपा को हराया ही नहीं केन्द्रीय मंत्रिमंडल में जगह भी बनाया जब वे केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री और खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्री के स्वतंत्र प्रभार में रहे। रांची सीट से यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे एक मात्र उम्मीदवार हैं।

यशस्विनी को टिकट दिये जाने से कई प्रकार के लोग नाराज है। कुछ इसे परिवारवाद का विभत्स चेहरा बताकर भाजपा स्टाईल में गाली दे रहें हैं तो कुछ इसे सीट गवांना भी कह रहें हैं। लेकिन भारतीय राजनीति में जयप्रकाश नारायण ने कहा था कि अगर संभ्रात वर्ग राजनीति से दूर रहा तो राजनीति को अपराधी और भ्रष्टाचार से बचाना कठिन होगा।

आज अगर ईमानदार और सुलझे चश्मे से देखें तो राजनीति को दलदल मानकर एक बड़ा वर्ग जो वा मुश्किल से वोट डाल आता है सिर्फ भाषण देता है कि ऐसा होना चाहिए वैसा होना चाहिए। लेकिन इस बात की प्रसंशा होनी चाहिए कि यशस्विनी ने अपने पिता के आग्रह को स्वीकार कर अपने बेहतरीन और व्यवस्थित करियर को छोड़कर राजनीति में कदम रखा। यह सच है कि उसे व्यक्तिगत तौर राजनीति का कोई ककहरा मालूम नहीं है लेकिन बचपन से उसे एक राजनीतिक माहौल अवश्य मिला है। आज के युवा जिस प्रकार राजनीति से दूर रहना चाहते हैं और आइटी, वित्त वाणिज्य, प्रशासनिक, जहाजरानी सहित अन्य नौकरियों की मोटी सैलरी विदेश जाकर जॉब के प्रति सक्रिय होते हैं उससे उल्ट अगर कोई राजनीति में आता है तो दिल से उसका स्वागत करना चाहिए। वह युवा अगर देश की बेटी है तो उसकी अलोचना सिर्फ उसके पिता के राजनेता होने के कारण नहीं की जा सकती है। इस बात का कोई काट है कि विगत 50 वर्षों में रांची के इतिहास में इतनी उच्च शिक्षा प्राप्त कोई राजनेता सामने आया हो। झारखंड की राजनीति में ऐसे युवाओं का आना सुखद संकेत हैं। आज जिस परिवारवाद की आलोचना हो रही है उसे परिवारिक संस्कार माना जाना चाहिए। देश की लोकतांत्रिक ढांचा में इस प्रकार के उच्च शिक्षा प्राप्त सांसद का होना गर्व की बात है। अहम सवाल है कि भारतीय राजनीति में ही परिवारवाद को ढाल बनाकर प्रतिभाओं को रोका भी नहीं जाना चाहिए। मुझे याद आ रहा है कि एक बार मैंने एक बिहार के तत्कालिन मुख्यमंत्री भागवतझा आजाद ने साक्षात्कार में कहा था कि परिवारवाद की सीमा है। मेरा बेटा क्रिकेटर है अगर बेहतर खेल नहीं खेलेगा तो क्या सिर्फ मेरा बेटा होने के कारण सफल हो जायेगा? आज का दौर एक योग्य प्रतिभावान और जुझारू युवाओं का दौर है और यशस्विनी का एक राष्ट्रीय पार्टी से चुनाव लड़ना उसके राजनीतिक जीवन की शुरुआत है।

देश भर में इस प्रकार के पढ़ें लिखे सुलझें युवाओं का राजनीतिक में स्वागत किया जाना चाहिए। उनके माता-पिता और परिजनों को भी इस लोकतंत्र के प्रति आस्था के लिये बधाई और शुभकामना देना चाहिए। व्यक्तिगत स्वार्थ से उपर देश को अच्छे युवा लीडर्स की आवश्यकता है और पूरे देश में इस प्रकार के पढ़ें लिखें और जुझारू जन प्रतिनिधियों को वगैर दल और उनके परिवार को देखें लोकतंत्र के हित में समर्थन करना चाहिए। महिलाओं के लिये संसद में 33 फीसदी आरक्षण और परिसीमन के बाद की राजनीतिक जमीन पर युवाओं का स्वागत करे देश।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडीटर

### रोकें भ्रमजाल

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं जिन्हें अपने चुनाव घोषणा-पत्र में शामिल कर राजनीतिक पार्टियां सालों से अपनी रोटियां सेंकती आ रही हैं। **- निशिकांत, रांची**

### अन्न का संरक्षण

**समर्थन** मूल्य पर गेहूं जैसी उपज की सरकारी खरीद जारी है। खबरों के मुताबिक कई केंद्रों पर उपज को सुरक्षित रखने के माकूल इंतजाम नहीं हैं। पिछले वर्ष भी जब सरकारी खरीदी की गई और बेतरतीब मौसम की बेरुखी के चलते पानी गिरने से बेशकीमती गेहूं पानी में भीगने से सड़-गल गया था। ऐसे में सरकार पिछले साल के कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए अभी से उचित उपाय करने चाहिए। **-हेमा हरि, मेदिनीनगर**

# सूरत में अलग तरह का संकट, चीन से बहुत बड़ी मात्रा में सस्ता धागा का आयात

**निवेदिता**

## वित्त बाजार

सूरत वही शहर है जहां चुनाव से पहले ही सांसद निर्विरोध चुना जा चुका है।

हितधारकों की बैठकों में आमतौर पर 500 से 1,000 कारोबारी प्रतिनिधि और स्थानीय नेता आते हैं। इंदौर के साथ देश के सबसे स्वच्छ शहर आंके गए सूरत में इनकी शुरूआत करीब एक पखवाड़ा पहले बहुत धूमधाम से की गई थी। यह अलग बात है कि सूरत और इंदौर दोनों में एक और समानता है।

दोनों संसदीय क्षेत्रों से कांग्रेस के प्रत्याशी नाटकीय ढंग से चुनाव मैदान से बाहर हो गए। कांग्रेस प्रत्याशी के सदस्यता के अयोग्य घोषित होने तथा अन्य उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद सूरत से भाजपा के मुकेश दलाल सांसद बन चुके हैं लेकिन शहर में चुनावी माहौल बदस्तूर बना हुआ है। शहर के होटल, पार्क और बाजारों में प्रचार अभियान और रैलियां जारी हैं। ऐसा इसलिए कि दो करीबी शहर नवसारी (इसे सूरत का जुड़वा शहर भी कहा जाता है) और बारडोली भी सूरत क्षेत्र में आते हैं। बारडोली मिंढोला नदी के तट पर स्थित है। सूरत से करीब 35 किलोमीटर पूर्व में स्थित इस शहर को सत्याग्रह आंदोलन के लिए जाना जाता है।

सूरत से 37 किलोमीटर दक्षिण में स्थित नवसारी शहर भी ऐतिहासिक महत्त्व रखता है। दांडी गांव इसके करीब ही स्थित है जो महात्मा गांधी के नमक सत्याग्रह के लिए प्रसिद्ध है। अतीत के मोह से जुड़े इस परिदृश्य में चीन का जिक्र गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों यानी क्यूसीओ की वजह से आ रहा है। यह आदेश केंद्र सरकार ने जारी किया है। बीते एक वर्ष में ऐसे आठ आदेश आए हैं जिनमें जियो-टेक्सटाइल, एग्रो-टेक्सटाइल और मेडिकल टेक्सटाइल जैसे तकनीकी क्षेत्रों से जुड़े संशोधन भी शामिल हैं। यह चिंता की बात है। उद्योग जगत पहले ही इस मामले को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य एवं कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल तथा स्वास्थ्य, रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया तक पहुंचा चुका है। मांडविया उन मंत्रियों में शामिल हैं जो गुजरात से लोक सभा चुनाव लड़ रहे हैं। चूंकि कपड़ों से जुड़े कुछ मुद्दे रसायनों से संबंधित होते हैं इसलिए मांडविया का नाम इसमें शामिल हो गया।क्यूसीओ का उद्देश्य जहां खराब गुणवत्ता वाले उत्पादों का आयात रोकना है, वहीं विचार यह भी है कि चीन से सस्ती दरों पर आने वाले माल को रोका जा सके तथा आपूर्ति श्रृंखला में भारत की स्थिति को मजबूत किया जा सके। यह बात करीब 13.7 लाख करोड़ रुपये के टेक्सटाइल उद्योग को परेशान कर रही है। चीन से बहुत बड़ी मात्रा में सस्ता धागा आता है। ऐसे में वहां से होने वाला आयात रोकने से धागे की कमी हो गई। उद्योग जगत के मुताबिक चीन कीमतों और गुणवत्ता दोनों में स्थिरता प्रदान करता है। इससे टेक्सटाइल उद्योग के लिए एक नई समस्या खड़ी हो गई है क्योंकि बीते कुछ समय में घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय वजहों से उसे कई प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ा है। उद्योग जगत की मांग है कि इन क्यूसीओ को हटा लिया जाए क्योंकि इनकी वजह से कारोबार बाधित हो रहा है। उनका सवाल है कि अगर चीन के उत्पादों को कुछ अन्य क्षेत्रों में आने की इजाजत है तो टेक्सटाइल क्षेत्र में ऐसा क्यों नहीं हो सकता।सूक्ष्म, लघु और मझोले उपक्रमों (टरटए) तथा छोटे बुनकरों की बात करें तो वे पहले ही परेशान हैं क्योंकि टेक्सटाइल क्षेत्र की उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना यानी पीएलआई में उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। उनका कहना है कि क्यूसीओ एक ऐसी बाधा है जिसके बिना वे काम कर सकते हैं।

गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी आदेशों की सूची में जटिल तकनीकी विशिष्टताओं की बात की गई है जिन्हें कई कपड़ा कारोबारी ठीक से नहीं समझ सकते। क्यूसीओ के तहत आने वाले उत्पादों में वाटरप्रूफिंग के काम आने वाली लैमिनेटेड उच्च घनत्व वाली पॉलिथिलीन की बनी जियोमेम्बरेन से लेकर सीमित फ्लेम स्प्रेड मटीरियल से बने कपड़ों समेत अनेक उत्पाद शामिल हैं।

देश में वातानुकूलकों से लेकर रसोई के सामान और कपड़ों तक तमाम वस्तुओं के गुणवत्ता मानकीकरण का काम भारतीय मानक ब्यूरो के पास है। केंद्र सरकार के मंत्रालय और विभाग मानक ब्यूरो के साथ मशविरा करने के बाद ही क्यूसीओ जारी करते हैं। इसके आदेश का उल्लंघन करने पर भारी भरकम जुर्माना लग सकता है और कैद भी हो

# झारखंड के पर्यावरण पर गंभीर विमर्श हो



**मनोज शर्मा**

झारखंड राज्य का आज स्थापना दिवस है। खनिज संपदा के लिये हमारा राज्य चर्चा में रहता है लेकिन इन खनिज संपदा के दोहन के क्रम में लाखों वृक्ष कटते हैं, पर्यावरण का सत्यानाश होता है इससे होने वाले नुकसान की कभी चर्चा नहीं होती है।

धनबाद सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार हो गया है। कोयला खदानों के उत्खनन के बाद की स्थिति क्या है? उन क्षेत्रों के ग्रामीणों की स्थिति खराब है। वे जल संकट से लेकर भीषण सांस की बीमारी और कठिनाई के बीच जीने को विवश है। जब बात होती भी है तो सिर्फ रॉयल्टी कोलेकर। सिडनी जैसे विकसित शहर में नल खुले रखने पर जुर्माना की बात करना एक और खतरनाक संकेत दे रहा है। अमेरिका के 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टिट्यूट' की रिपोर्ट के अनुसार भारत में वायु प्रदूषण के कारण 2017 में 12 लाख लोग मारे गए। वर्तमान में वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण दक्षिण एशिया में बच्चों की औसत जीवन प्रत्याशा में ढाई साल की कमी आएगी, जबकि नियंतण्र जीवन प्रत्याशा में 20 महीने की कमी आएगी। ये सारी बातें एक बार फिर इसलिए र्चचा के केंद्रबिंदु में हैं क्योंकि हाल ही में विविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर के विविद्यालयों में अनिवार्य रूप से पर्यावरण विषय को पढाने को कहा है।यूजीसी का यह फैसला स्वागतयोग्य है, मगर अभी भी यह निर्णय कई बिंदुओं पर अधूरा है। प्रदूषण की मार का नियंतण्र तौर पर हर आम और खास किस तरह सामना कर रहे हैं, यह सबके सामने है। सो सिर्फ रूटीन पढाई करके आप पर्यावरण को बेहतर नहीं बना सकते हैं। इसके लिए पढाई के तौर-तरीकों को बदलना होगा। उसके आयामों को 360 डिग्री बदलने की जरूरत है। इसके लिए सालों पुराने पाठ्यक्रम को नये कलेवर में लाना होगा। हमारे देश में यह कमी है कि हम अपने कोर्स में जल्दी-जल्दी बदलाव नहीं करते हैं, जबकि हमारी सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और प्रशासकीय समस्याएं गतिशील हैं। हमें इस जड़ता को खत्म करना होगा। विदेशों में सालों-साल तक चलने वाले कोर्स का कोई अस्तित्व ही नहीं है। वहां तो हर साल विषयों के कोर्स में बदलाव किए जाते हैं। वहां सेशन शुरू होने के पहले ही संक्षेप में बता दिया जाता है कि इस साल क्या-क्या पढाया जाएगा? इसके उलट हमारे यहां 15 साल 20 साल पुराने कोर्स अभी भी पढाए जाते हैं। कई कोर्स तो इतने पुराने हो गएहैं कि अब उनकी वर्तमान समय में कोई प्रासंगिकता नहीं रह गई है। इसे समझने की आवशयकता है। आशय यह है कि गैर महत्त्वपूर्ण पाठय्क्रम को खत्म करना होगा। कुल मिलाकर नये पाठ्यक्रम के लिए लचीला रुख अपनाना होगा। यह कहा जा सकता है कि प्रकृति की सुरक्षा के लिएयुवा और छात्रों की भागीदारी अत्यंत आवशयक है। नई पीढी को बोरियत से बाहर निकालना समय की मांग है। अगर इसमें व्यापक तौर पर तब्दीली नहीं लाई गई तो पठन-पाठन के जरिये बदलाव की उम्मीद करना बेमानी होगी।पिछले कई साल से यूजीसी विविद्यालयों-शिक्षण संस्थानों-कॉलेजों को पत्र लिखकर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने हुए अंडर ग्रेजुएट स्तर पर पर्यावरण विज्ञान विषय को अनिवार्य रूप से पढाने के आदेश दिए गए, लेकिन बताया जाता है कि देशभर के कुल 706 विविद्यालयों में से 306 विविद्यालयों ने इस विषय को अभी तक शुरू नहीं किया है। शैक्षणिक स्तर पर यह लापरवाही चिंता के साथ-साथ निराशा का माहौल भी पैदा करती है। ऐसा नहीं होना चाहिए। ऐसा भी देखा गया है कि कई विविद्यालयों-संस्थानों ने पर्यावरण विज्ञान विषय शुरू तो किया है, मगर वह मनमाने तरीके से इस विषय को पढ़ा रहे हैं। जबकि यूजीसी ने कहा है कि पर्यावरण अध्ययन पर मॉड्यूल को पढ़ाने का काम उन शिक्षकों को सौंपने की जरूरत है, जो यूजीसी द्वारा निर्धारित योग्यताएं पूरी करते हैं। पर्यावरण विज्ञान विषय को पढ़ाने के लिए उसी विषय में उच्च उपाधि प्राप्त शिक्षकों की नियुक्ति करना अपेक्षित है, लेकिन यह विषय दूसरे विषयों के स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त शिक्षकों से पढ़वाया जा रहा है, जिसके चलते पर्यावरण विज्ञान के उच्च उपाधि प्राप्त उम्मीदवार बेरोजगारी होकर भटक रहे हैं। कहने का तात्पर्य है कि शिक्षा से जुड़े नीतिकार और विशेषज्ञों को यह दायित्व समझना होगा और जिम्मेदारी के साथ देश की बेहतरी के लिए भविष्य के बेहतरीन छात्र तैयार करने होंगे। इसको हमारी दिन-प्रतिदिन की जो समस्या है, उससे जोड़ना होगा, कनेक्टिविटी बढ़ानी होगी।

एक और अहम सुझाव यह है कि पर्यावरण या प्रदूषण की समस्या को हमें स्वास्य से जोड़ना होगा। जब तक प्रदूषण के दुष्परिणामों की जानकारी जनता को नहीं होगी, तब तक उसमें बेहतरी की गुंजाइश नहीं के बराबर होगी। हम अक्सर देखते हैं कि किडनी/लीवर आदि गंभीर बीमारियां प्रदूषण और खराब पानी और खानपान की वजह से होती हैं। अगर प्रदूषण के बारे में लोग जागरूक होंगे तो तस्वीर निश्चित तौर पर बदल सकती है। पराली जलाने, जंगलों की अंधाधुंध कटाई के दुष्परिणामों को जनता को बताने की जरूरत है।



# गांव के लुक वाले रिजॉर्ट टूरिज्म का क्रेज, शाम की खुली हवा में समय बिता रहे लोग

## रिजॉर्ट टूरिज्म:---रांची के 20-30 किमी दायरे में विलेज टूरिज्म के लिए दूसरे राज्यों से लोग आ रहे हैं।

**मनोज कुमार सिन्हा**

रिजॉर्ट पर्यटन एक ऐसा संगठित पर्यटन उद्योग है जो विशेष रूप से पर्यावरण में आराम और मनोरंजन के लिए बनाए गए स्थलों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह आमतौर पर जल, आसमान और प्राकृतिक सुंदरता के निकट स्थित होते हैं और पर्यटकों को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने का उद्देश्य रखते हैं।

रांची के आसपास तेजी से रिजोर्ट टूरिज्म का चलन बढ़ा है, जहां विलेज व इको टूरिज्म का क्रेज देखा जा रहा है। यहां लोग शहर के शोर-शराबे से दूर फैमिली व दोस्तों के संग समय बिताने आ रहे हैं। यहां बच्चों को गांव के वातावरण से रूबरू करा रहे हैं। उन्हें खेती-बाड़ी व अन्य चीजों को दिखा रहे हैं। राजधानी रांची में ऐसे कई रिजॉर्ट खुल चुके हैं, जहां आप अपने परिवार के साथ कुछ समय गांव जैसे बातावरण में बिता सकते हैं। बढ़ती गर्मी के बीच शाम को शीतल और खुली हवा में सांस लेने के लिए ये जगह हॉट स्पॉट बन गए हैं।

एक्वा टूरिज्म के तहत गांव के तालाबों जैसा मछली पकड़ सकते हैं। रातू स्थित छोटानागपुर फन कैसल पार्क में नया रिजोर्ट तैयार किया गया है. जहां पर एडवेंचर स्पोटर्स के साथ-साथ कई वाटर एक्टिविटी का आनंद ले सकते हैं। यहां पर किंग फिशरीज की ओर से मछली पालन के विभिन्न आयामों को बताया जाता है। इच्छुक व्यक्ति फिशिंग का भी आनंद ले सकेंगे। इसके साथ ही मछली पालन के प्रति जागरूक करने का काम भी किया जा रहा है। समय-समय पर कई फन इवेंट व कल्चरल इवेंट का भी आयोजन किया जाता हैं। बच्चों के एडवेंचर स्पोट्र्स खास हैं।

## पसंद की सब्जियां खुद उखाड़ें, पारंपरिक खाना प्राकृतिक वातावरण में खाएं

द ओपन फील्ड फार्म खूंटी रोड में द ओपन फील्ड फार्म का नजारा बिल्कुल ठेठ गांव जैसा है। इसकी शुरूआत डॉ. मनीषा, अभिषेक उरांव और प्रतीक टोप्पो ने मिलकर 2018 में की थी। यहां आने वाले टूरिस्ट खेतों से अपनी पसंद की सब्जियां उखाड़कर बनवाते हैं और खाते हैं। प्राकृतिक वातावरण में पेड़- पौधों के बीच खाने का लुत्फ उठा सकते हैं। यहां दुनियाभर के हजार टूरिस्ट आ चुके हैं और झारखंड के पारंपरिक भोजन का लुत्फ उठा चुके हैं। कैंपिंग का भी आनंद उठाया जा सकता है।

हजारों पेड़-पौधों के बीच बम्बू कॉटेज-बैलगाड़ी, बच्चे सीख रहे खेती

आंगन रिजॉर्ट, ओरमांझी ओरमांझी चौक से 1 किमी दूर आनंदी गांव में बीते 1 साल से यह रिजॉर्ट लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। । कुल 10 एकड़ में फैले इस रिजॉर्ट की खासियत खेती है। यहां की संचालिका श्वेता कुमारी बताती हैं कि

हाल ही में एक एनजीओके माध्यम से 100 बच्चों का

एक ग्रुप यहां आया था, जिन्होंनेसब्जियां, केला, अमरूद, आम

की खेती को जाना। बंगाल, बिहार व ओडिशा से लोग आते हैं। ठहरने केलिए बम्बू कॉटेज है। कैंपिंग, खेल के सभी सामान हम मुहैया करा रहे हैं। इंडोर और आउटडोर खेल की सुविधा है। बैलगाड़ी सेल्फी पसंद आ रही है।

रिजॉर्ट पर्यटन के मुख्य लाभों में शांत जगहों का अनुभव, प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद और विशिष्ट वातावरण में विश्राम करने की सुविधा शामिल है। इन संसाधनों के उपयोग से, रिजॉर्ट पर्यटन क्षेत्र अनुभवों को विकसित करने और पर्यटकों को विश्राम और पुनर्जीवन देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है।

# झारखंड के विकास के लिये शिक्षाका प्रसार और स्तर भी चुनावी मुद्दा बनें



**अनुष्का चौधरी**

लोकसभा का चुनाव आधा समाप्त हो चुका है। निश्चित ही राज्य के मुददों की अंगभीरता हमें परेशान कर रही है। राज्य के संसाधनों पर बिहार का अधिकार था और झारखंड क्षेत्र इस कारण उपेक्षा का शिकार था। आज आवश्यकता राज्य में अधिक से अधिक मेडिकल, इंजीनियरिंग प्रबंधन और माध्यमिक और प्राथमिक स्तर पर बेहतरीन स्कूलों की स्थापना की जाए। आईआईएम की स्थापना भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा भारत के योजना आयोग की सिफारिश के आधार पर शुरू की गई थी। भारत में कुल 20 आईआईएम हैं, जो की देश के हर कोने में स्थित है। आईआईएम अहमदाबाद, बेंगलुरु, कलकत्ता सबसे पुराने है।

15 दिसंबर, 2009 में रांची, झारखंड में भी आईआईएम की स्थापना हुई। आईआईएम रांची उन छह नए आईआईएम में से एक है जिन्हें 27 अगस्त 2009 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी गई थी। एम.जे. जेवियर संस्थान के संस्थापक निदेशक थे। आज लगभग 14 साल बाद, आईआईएम रांची ने दुनिया भर में अपनी पहचान छोड़ी है। और ऐसी ही पहचान छोड़ी है रांची की बेटी ने। डीएवी गांधीनगर से बारहंवी उत्तीर्ण की और अब आईआईएम कोझिकोड में दाखिला हुआ।

भारतीय प्रबंधन संस्थान कोझिकोड केरल के कालीकट (कोझिकोड) में स्थित एक स्वायत्त सार्वजनिक बिजनेस स्कूल है। भारत सरकार द्वारा केरल राज्य सरकार के सहयोग से 1996 में स्थापित यह संस्थान 20 भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) में से एक है। यह स्थापित होने वाला पांचवां ककट था। सभी आईआईएम प्रबंधन में दो साल का पूर्णकालिक स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) प्रदान करते हैं, जो मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) की डिग्री के बराबर है। इस कार्यक्रम को आईआईएम का प्रमुख कार्यक्रम माना जाता है, और सफल उम्मीदवारों को मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) का पुरस्कार दिया जाता है।आईआईएम भारत के सबसे मुश्किल परीक्षाओं में से एक है और यहां पढ़ना कई छात्रों का सपना है। तो आइए बात करते हैं कि यहां प्रवेश लेने के लिए क्या प्रक्रिया है -1)) पहला चरण आईआईएम द्वारा आयोजित कॉमन एप्टीट्यूड टेस्ट या कैट परीक्षा के लिए उपस्थित होना है2) आवश्यक कट-ऑफ और समग्र स्कोर को पार करने के बाद, उम्मीदवार को लिखित परीक्षा/समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार (पीआई) के लिए बुलाया जाता है।

3) प्रत्येक श्रेणी में उम्मीदवारों के लिए प्रवेश की अंतिम पेशकश अंतिम समग्र स्कोर के आधार पर की जाएगी, जिसमें कार्य अनुभव, लिंग, स्कूल बोर्ड आदि जैसे विभिन्न भारों को ध्यान में रखा जाएगा।देश में आशा की एक किरण सामने आती है क्योंकि शिक्षा ही वो रास्ता है जिससे गरीबी और बेरोजगारी दूर हो सकती है। शिक्षा का स्तर जितना अधिक होगा, विकास की संभावना उतनी ही बेहतर होगी। शिक्षा केवल गरीबी मिटाने में नहीं, आत्मविश्वास बढ़ाने में भी मददगार है।

आज भारत देश विकासशील देश माना जाता है और यह हुआ है केवल शिक्षा से। देश भर में नई नई तकनीकियां आ गई है जिसकी शायद हमने सालों पहले कल्पना भी नहीं की होंगी - एटीएम, मेट्रो, ऑनलाइन पेमेंट के ऐप जैसे जीपे, पेटीएम आदि। प्रौद्योगिकी स्कूलों में अधिक प्रचलित हो रही है और एक अद्यतन शैक्षिक प्रणाली का मार्ग प्रशस्त कर रही है। प्रौद्योगिकी ने हमारे सीखने, संचार करने और सूचना संसाधित करने के तरीके को बदल दिया है। इसने सीखने को अधिक इंटरैक्टिव और आकर्षक बना दिया है, और सहयोग और ज्ञान साझा करने की नई संभावनाएं खोली हैं। ऑनलाइन संसाधनों और उपकरणों तक पहुंच प्रदान करने से लेकर छात्रों और शिक्षकों के बीच संचार और सहयोग को सुविधाजनक बनाने तक, शिक्षण और सीखने में सहायता के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है। इसका उपयोग आकर्षक और इंटरैक्टिव शिक्षण अनुभव बनाने के लिए भी किया जा सकता है।ये सब संभव हुआ है शिक्षा के माध्यम से। शिक्षा किसी भी देश के प्रगति के लिए बहुत जरूरी है। शिक्षा बेहतर रोजगार के अवसरों की प्रवृत्ति बढ़ाती है। शिक्षा न केवल एक स्मार्ट, सूचित आबादी बनाती है, बल्कि यह आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है और देश की जीडीपी को बढ़ाती है। यह लोगों को उच्च जीवन स्तर के साथ स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण जीवन शैली के लिये हैं।

# जब टाईटलर ने कहा था नेता मैं हूं मेरा बेटा नहीं, टिकट मुझें चाहिए मेरे बेटे को नहीं

**कैसर ईकबाल**

2014 लोक सभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के टिकट के उम्मीदवार को कांग्रेस पार्टी के भीतर चुनाव लड़ना होगा एक पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया गया। इसके लिए 16 लोक सभा का चुनाव हुआ। कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद जी पायलट प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दी गई। इसके लिए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एंव युवा कांग्रेस कि चुनाव प्रक्रिया कराने के लिये रिटर्निंग आफिसर को सभी 16 लोक सभा कि जिम्मेदारी दि गई थी।इस पायलट प्रोजेक्ट को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ₹₹ प्राइमरीज - 2014₹₹ का नाम दिया गया था। देश कि राजधानी दिल्ली मे 2 लोक सभा नई दिल्ली और नोर्थ दिल्ली के प्राइमरीज - 2014 के चुनाव के जरिए उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाया जाना था।। राज पाल विशिष्ट जी युवा कांग्रेस के इ. सी. और नेट्टा डिसूजा जी जो बाद मे महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रही हैं हम सभी रिटर्निंग आफिसर कि टीम में मैं भी इस टीम का सदस्य था। इस चुनाव के लिए उस लोक सभा मे रहने वाला मतदाता वर्तमान एवं पूर्व जो राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला और प्रखंड के कांग्रेस, अग्रणी संगठन तथा सेल के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों का मतदाता सूची बनाकर मतदान के माध्यम से उम्मीदवार का चुनाव कराया गया था। नई दिल्ली से प्रत्याशी उम्मीदवार अजय माकन निर्विरोध चुने गये लेकिन नोर्थ दिल्ली से उम्मीदवार के लिए प्रत्याशी जे.पी.अग्रवाल जी, कांग्रेस नेता जगदीश टाईटलर जी और राजेश ललोथिया जी ने उम्मीदवार हेतु आवेदन करना चाहा। कांग्रेस पार्टी नही चाहती थी कि जगदीश टाईटलर जी उम्मीदवारी करें। क्योंकि दिल्ली के सिख दंगे 1984 में हुई थी भाजपाई जगदीश टाईटलर जी को काफी दिनो सै झुठे आरोप लगा कर बदनाम कर रहे थें। उम्मीदवारी के लिए जगदीश टाईटलर जी ने अपने समर्थकों के साथ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में भाग लिया टाईटलर जी के समर्थकों में सबसे अधिक भीड़ सिख धर्म के लोग थे। वहां सिख धर्म के लोग इस आरोप को झूठ कह रहें थें। मुझे याद है कि नॉर्थ एवेन्यू दिल्ली कार्यालय में रात के 8 बजे जगदीश टाईटलर जी अपने अधिवक्ता जो सिख धर्म के थें काफी कागजात जो कोर्ट के केस के आर्डर और कापी के साथ आकर देने लगे तब राज पाल विशिष्ट जी ने मुझसे कहा कि कैसर तुम जगदीश टाईटलर जी से कहो कि वह उम्मीदवारी नहीं करें। क्योंकि भाजपा आरोप लगा कर बदनाम कर सकती है। जब मैं जगदीश टाईटलर जी को कहा आप को बदनाम कर सकती भाजपा आप इसलिए उम्मीदवारी नहीं करें। आप अपने बेटे या अपने परिवार के किसी भी सदस्य को उम्मीदवार बनाए। कांग्रेस नेता जगदीश टाईटलर जी ने तब सभी चुनाव कराने वाली टीम तथा अपने अधिवक्ता के सामने कहा जो आज भी मुझे याद आती है ₹₹कांग्रेस पार्टी का नेता मैं जगदीश टाईटलर हुं मेरा बेटा, मेरी बेटी और ना ही मेरे परिवार का कोई सदस्य कांग्रेस पार्टी का नेता नही है। कांग्रेस पार्टी मुझे उम्मीदवारी पेश करने को देती है। तब मैं उम्मीदवारी पेश करुगा अगर मना करती है तब मैं उम्मीदवारी पेश नही करुगा। नोर्थ दिल्ली लोक सभा सीट से जो भी उम्मीदवार कांग्रेस का होगा उसके लिए हम काम करेंगे। कांग्रेस पार्टी के लिए मै काम करता रहुंगा ₹₹









## अब कांग्रेसी को अपने बेटे-बेटियों और रिश्तेदार के लिये टिकट के लिये लाबिंग करते हैं

लेकिन झारखंड में आज के कांग्रेस उम्मीदवार मुझे टिकट दो या मुझे नही तो मेरे बेटे को दो, बेटी या मेरी पत्नी को टिकट की मांग करते हैं। और उन्हे टिकट मिलट भी जाती हैं। विधायक का टिकट दिया प्रदेश अध्यक्ष बनाया और 2019 में सांसद का टिकट दिया हार गए फिर भाजपा मे चले जाते है भाजपा के टिकट से विधान सभा कांग्रेस से हार कर के कांग्रेस मे आ जाते हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, विधायक दल के नेता और प्रदेश प्रभारी उसी को लोक सभा का उम्मीदवार कांग्रेस का 2024 बनाते है। कोई विधायक अपनी पत्नी को टिकट दिलाता है। कॉंग्रेस जब चाईबासा लोक सभा कॉंग्रेस के जिला अध्यक्ष सननी सिकुं और जिला कॉंग्रेस संगठन के सभी पदाधिकार पुरी मेहनत से कॉंग्रेस सीट जित सकती है तब सिटींग लोक सभा सदस्य गीता कोड़ा को कांग्रेस मे शामिल कर लोक सभा का कांग्रेस उम्मीदवार 2019 बना कर कॉंग्रेस सीट जित जाती है।लेकिन ठिक चुनाव के समय 2024 में भाजपा की उम्मीदवार बन जाती है। झारखंड में आज एक भी कांग्रेस सांसद नही है।

आज कांग्रेस को काफि मंथन करना होगा। जो 25 से 30 साल से कांग्रेस का काम कर रहे है उन्हे ही संगठन की जिम्मेदारी देनी चाहिए उन्हे ही टिकट देना चाहिए। जो कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी के रहते हुए चुनाव लड़ा हो विधान सभा या पार्टी छोडकर भाजपा या अन्य दल से लड़ा हो या दुसरे दल से ही क्यो ना आया हुआ हौ उसको पार्टी का 5 से 6 साल तक कोई भी संगठन मे बड़ा पद नही देना चाहिए और ना ही टिकट। इससे कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगा तथा कार्यकर्ता का मनोबल बढेगा। कांग्रेस पार्टी अधिक सिट जीतेगी। मैंने आज के कांग्रेस का कमजोर होना का कारण कया है अपने झारखंड के कांग्रेस का कमजोर होना पर प्रकाश डाला है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस प्राइमरीज - 2014 का नाम दिया गया था। (लेखक कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य है।)

# अस्तित्व के संकट से जूझती कम्यूनिस्ट पार्टियां

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

देश की कम्यूनिस्ट पार्टियों के सामने अस्तित्व का संकट है। साल 2004 के बाद लोकसभा में वामदलों का प्रतिनिधित्व लगातार कम होता जा रहा है। अब 18 वीं लोकसभा के चुनाव में वामदलों के सामने अस्तित्व बचाए रखने का संकट है।सरकार भले कम ही राज्यों में रही हो पर वामदल और उसके अनुशांगिक संगठन चाहे वह स्टूडेंट फेडरेशन हो या मजदूर संगठन या लेखक संघ सभी की अपनी पहचान थी।

प. बंगाल में वामदलों ने तीन दशक से भी अधिक समय तक एकछत्र राज किया। वहीं, त्रिपुरा, केरल में भी वामदलों की सरकार रही है। पर 2019 के लोकसभा के चुनाव आते-आते हालात यह हो गई कि वामदलों के गढ़ प. बंगाल में वामदलों को एक भी सीट नहीं मिली, वहीं त्रिपुरा में भी खाता खोलने में विफल रही। दरअसल, समय की मांग को समझना और उसके अनुसार समयानुकूल बदलाव करना अपने आप में बड़ी बात होती है। जनभावना को भी समझना जरूरी हो जाता है। केवल विचारधारा और एग्रेसिव होने से काम नहीं चल सकता। फिर समय पर सही निर्णय नहीं लेने का परिणाम देर-सबेर भुगतना पड़ता है। ज्योति बसु के पास तीन बार प्रधानमंत्री बनने के अवसर आये पर पोलित ब्यूरो ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने पर सहमति नहीं दी। कल्पना कीजिए कि ज्योति बसु तीन में से किसी एक अवसर पर प्रधानमंत्री बनते तो उसका लाभ अंततोगत्वा वामदलों को ही मिलता पर आपसी मतभेदों के चलते सही विकल्प नहीं चुनने का परिणाम आज सामने है।

गत 2019 के लोकसभा चुनाव की ही बात की जाए तो वामदलों को लोकसभा के लिए छह सीटें मिली। इसमें भी एक समय कम्यूनिस्टों के गढ़ रहे प. बंगाल और त्रिपुरा में तो वामदलों का खाता भी नहीं खुल सका। तमिलनाडू में गठबंधन के सहारे माकपा और भाकपा को दो-दो सीटे मिल गई। वहीं, केरल में माकपा और आरएसपी एक-एक सीटें जीतने में सफल हो सकी। जैसे-तैसे केवल माकपा राष्ट्रीय दल के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रही है।

यह भी कोई ज्यादा पुरानी बात नहीं है कि लोकसभा के इससे पहले के तीन चुनावों के पहले 2004 के चुनाव में वामदलों के पास 59 सीटें थी। कांग्रेस-भाजपा के बाद लोकसभा की तीसरी बड़ी ताकत वामदल थे। कांग्रेस के साथ गठबंधन कर वामदल सरकार में भी शामिल हुए। लोकसभा स्पीकर का पद भी वामदलों के पास ही गया। देखा जाए तो न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सरकार भी ठीक ही चली पर परमाणु समझौते के चलते बाद में वामदल सरकार से बाहर हो गए। ममता के चलते प. बंगाल में वामदल लगभग अप्रासंगिक होता जा रहा है और प. बंगाल में वामदल के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी उभर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वायनाड से राहुल गांधी का चुनाव लड़ना भी वामदल को हानि पहुंचाने वाला ही रहा है।

एक समय था जब ज्योति बसु को केन्द्र की राजनीति में लाने के प्रयास हुए पर आपसी मतभेदों के चलते वामदलों ने इसे सिरे से चढ़ने ही नहीं दिया।

# आइसीएसई परीक्षा में आकाश इंस्टीट्यूट के 10वीं-12वीं के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो



आकाश के सफल छात्र-छात्राएं अपने शिक्षकों के संग।

**जमशेदपुर।** आकाश इंस्टीट्यूट, जमशेदपुर ब्रांच के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर से अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपने संस्थान की शान बढ़ाई है। इन छात्र-छात्राओं ने न केवल अपने नाम को राज्य स्तर पर बल्कि संपूर्ण देश में भी ऊंचाई पर पहुंचाया है।

सोमवार को घोषित 10वी और 12वी आइसीएसई परीक्षा के परिणाम में, आकाश इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राओं ने राज्य में सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त किया है। यह सफलता संस्थान की योजनाबद्ध रणनीति का प्रमाण है। संस्थान एक तरफ जहाँ प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करवाती है तो दूसरी तरफ बोर्ड एग्जामिनेशन पर भी उतना ही प्रभावी एवं योजनाबद्ध तरीके से उन्हें प्रशिक्षित करती है। जिसके परिणामस्वरूप यहां के छात्र छात्राओं ने प्रत्येक वर्ष सबसे उत्टष्ट परिणाम देने में कामयाब हुए हैं।

शाम्भवी तिवारी एवं सुप्रिया कुमारी जहां 10वी आइसीएसई की परीक्षा में कुल 98. 80 प्रतिशत अंक लाकर संस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किये हैं वही कुमारी सौरभी ने 12वी आइसीएसई में कुल 9600 प्रतिशत अंक प्राप्त की है।

शाम्भवी तिवारी आगे एक सफल डॉक्टर बनना चाहती है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने स्वरुप उन्होंने आकाश इंस्टिट्यूट के तीन वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स कक्षा 8वीं से 10 वीं के साथ दो वर्षीय मेडिकल व बोर्ड परीक्षा के लिए दाखिला लिया है। शाम्भवी तिवारी शुरुआत से ही एक बहुत ही सुसंगत छात्रा रही है और उसने अपनी सभी कक्षाओं और परीक्षणों को पूरी ईमानदारी से लिया है। आकाश के शिक्षकों को पूर्ण विश्वास है कि वह आने वाले वर्षो में नीट के परीक्षा में अपनी कठिन परिश्रम से बहुत अच्छा परिणाम हासिल करेगी।

संस्थान के निदेशक राजेश प्रसाद, सह निदेशक रमन प्रसाद एवं शिक्षकगण ने छात्रों को सफलता पर बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें मोटिवेशन एवं गाइडेंस दिया, गौरतलब है कि संस्थान के कक्षा 10वी आइसीएसई में करीब 86 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक एवं 12वी आइसीएसई में करीब 67 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, परिणाम की खोज अभी भी जारी है।

# नारायणा के छात्रों का आइसीएसई (दसवीं) और आइएससी (बारहवीं) की परीक्षा में लहराया परचम

खबर मन्त्र ब्यूरो



मयंक राज।



अजितेश कुमार।



अंशु गुप्ता।



मोहम्मद रमीज।

**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आईआईटी नीट एकेडमी, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने आईसीएसई (दसवीं) एवं आईएससी (बारहवीं) बोर्ड 2024 में अपार सफलता अर्जित की है। नारायणा के नेशनल एकेडिक हेड सह जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्री श्याम भूषण ने कहा कि आईसीएसई (दसवीं) एवं आईएससी (बारहवीं) बोर्ड 2024 के रिजल्ट जिसमें नारायणा जमशेदपुर सेन्टर से 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की संख्या 112 है। यद्यपि गणना अभी भी जारी है जिसमें और अधिक छात्रों के 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर होने की संभावना है। ज्ञात हो कि नारायणा जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं का इंजँनियरिंग एवं मेडिकल के रिजल्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ-साथ बोर्ड के रिजल्ट में भी प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अव्बल प्रदर्शन रहा।

**खास बातें :** नारायणा जमशेदपुर से आईसीएसई.एवं आईएससी. बोर्ड के रिजल्ट में 90% से अधिक स्कोर करने वाले कुछ सफल छात्रों के नाम : आईसीएसई.10वीं में नारायणा जमशेदपुर के छात्र मयंज राज (99%), अजितेश कुमार (986%), आयुष (986%), अयान सिंह (982%), मुकुल महता (978 %), प्रांजल प्रिया (978%), सेजल जयसवाल (974%), कबीर शरण (974 %), ध्रुव कात्यायन (97 %), मो. बिलाल (97%), अयान करम (97 %), मनसवी रंजन (966 %), रिषब कुमार शाह (966 %), शांभवी (964%) सॅवनिरम मंडल (96%), शौर्या प्रकाश (958%), आदित्य कुमार (956%), हर्षराज सिंह (954%), प्रणय रंजन (952%), इशिता दत्ता रय (942%), आरूष तुंगाना (946%), सजल (94%), प्रांजल सिंह (938%), श्रेयाश पाल (928%), स्निग्धा महतो (928%), लौकिक कुण्डु (926%), इसमिता दास (918%), श्रीनिक (90%)।

आईएससी12वीं परीक्षा में नारायणा जमशेदपुर का छात्र नव्या कोठारी (96%), प्रियांशु शर्मा (9525%), मो. रमीज (9425%), अंशु गुप्ता (9375%), रिषभ श्रीवास्वत (935%), समिया आफताब (9275%), सुमित कुमार चौधरी (9225%), अयान मजुमदार (92 प्रतिशत), मो. फैजान आरिफ (92%), अखिल कुमार (9175 प्रतिशत), रौनक पांडेय (905%), अमिष रहमान (9025 प्रतिशत), मैरा हसन (90%) श्री भूषण ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए बताया कि ये छात्र-छात्राएं आगामी जेईई.(जेईई.एडवांस) एवं नीट - 2024 की परीक्षा में भी शहर के टॉपर होंगे। नारायणा आईआईटी एकेडमी न केवल अपने बेहतर शिक्षक, कोर्स मेटेरियल्स के लिए विख्यात है, बल्कि बेहतर अनुशासित शैक्षणिक वातावरण एवं एक पूर्ण लाईब्रेरी के अलावा सबसे महत्वपूर्ण कि नारायणा द्वारा पूरे भारत स्तर पर एक एकेडेमिक कैलेंडर के तहत योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करायी जाती है।

## स्पीड न्यूज

### मंत्री के पीएस के पास इतना धन, तो मंत्री के पास कितना : मुंडा

**जमशेदपुर/रांची।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम के पी एस के घर ईडी की छापेमारी में बरामद करोड़ों रुपए पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री के के पी एस के घर से 25-30 करोड़ रुपया मिल रहा है , तो सोचिए मंत्री जी के पास कितना होगा..क्या ऐसे लोग राष्ट्र निर्माण के बारे में सोच सकते हैं? ये जनता की गाढ़ी कमाई की लूट है।

### पीएस के ठिकाने पर करोड़ों मिलना लूट का प्रमाण : डॉ दिनेशानंद



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि राज्य सरकार के एक मंत्री के सहायक के ठिकाने से 35 करोड़ रुपए की बरामद्गी ने झामुमो गठबंधन सरकार की भ्रष्टाचार की कलई खोल दी। उन्होंने कहा कि झामुमो – कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने विगत साढ़े 4 वर्षों से जनता की गाढ़ी कमाई को लूटा है। राज्य में मंत्री, ईंजीनियर तथा बिचौलिओं के नापाक गठजोड़ ने झारखंड को खोखला कर दिया है।

### महाराणा प्रताप जयंती में करणी सेना निकालेगी शौर्य यात्रा

**जमशेदपुर।** क्षत्रिय करणी सेना परिवार के नेतृत्व में डिमना स्थित एक होटल में बैठक का आयोजन किया गया जहां शहर के प्रमुख क्षत्रिय समाज के लोगों के साथ अगामी 9 मई को होने वाली महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम की रूप रेखा निर्धारित की गई,जिसमे ये तय हुआ कि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर साकची स्थित बोधि मैदान से महाराणा प्रताप चौक तक शौर्य यात्रा निकाला जाएगा।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# पोस्टल बैलेट से मतदान के पहले दिन 121 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

- एसडीओ, धालभूम कार्यालय मतदान केंद्र में 88 तथा आईटीडीए कार्यालय मतदान केंद्र में 33 लोगों ने किया मतदान
- डीसी ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण, सुचारू मतदान संपन्न कराने को लेकर दिये दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो




पोस्टल बैलेट से जिले में मतदान करने वाले पहले मतदाता।

**जमशेदपुर।** चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त मतदाता तथा आवश्यक सेवाओं के मतदाता जिनके लोकसभा क्षेत्र में चौथे चरण में लोकसभा चुनाव होना है उनके मतदान के लिए बनाये गए अलग-अलग मतदान केन्द्र में पहले दिन कुल 121 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया।

धालभूम एसडीओ कार्यालय में बनाये गए मतदान केंद्र में पोस्टल बैलेट के पहले मतदाता ने मतदान किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर सुगम चुनाव सम्पन्न कराने एवं पूरी चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी बनाये रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर पहले मतदाता को फूल देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त मतदाताओं (टवजमत वद म्समबजपवद क्रूजल) के लिए एसडीओ कार्यालय धालभूम में बनाये गए मतदान केन्द्र में पलामू संसदीय क्षेत्र के 47 तथा लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के 41 मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं आवश्यक सेवाओं के मतदाताओं के लिए आईटीडीए कार्यालय में बनाये गए मतदान केन्द्र में सिंहभूम के 31, लोहरदगा के 1 तथा पलामू संसदीय क्षेत्र के 1 मतदाता ने मतदान किया।

मतदान के पहले दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल ने दोनों मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने बूथ पर मतदाताओं की सुविधा के लिए व्हील चेयर, शेड निर्माण, पेयजल, शौचालय, बूथ को आकर्षक बनाने आदि को लेकर पदाधिकारियों को निर्देशित किया। 06-10 मई तक संचालित मतदान प्रक्रिया को सुगमतापूर्वक संपन्न करायें।

## सामान्य प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक ने निष्पक्ष और भयमुक्त वोट के दिये निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में सामान्य प्रेक्षक श्री किल्लु शिव कुमार नायडू एवं पुलिस प्रेक्षक जलिंदर डी.सुपेकर द्वारा लोकसभा चुनाव के तैयारियों की समीक्षा बैठक जिले के पदाधिकारियों के साथ की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी आईडीटीए दीपांकर चौधरी, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, ग्रामीण एसपी श्री ऋषभ गर्ग समेत सभी एआरओ व सभी कोषांगों के वरीय तथा प्रभारी पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि गाइडलाइन का भलीभांति अध्ययन कर लें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानी व कार्यवाही का निर्धारण किया गया है।

## सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र : भाजपा की पथसभा शुरू, गीता कोड़ा का जन संपर्क अभियान तेज

खबर मन्त्र ब्यूरो



सरायकेला में मतदाताओं से संपर्क करती सिंहभूम सीट पर भाजपा प्रत्याशी और मौजूदा सांसद गीता कोड़ा।

**जमशेदपुर।** सिंहभूम लोकसभा सीट पर दुबारा विजय हासिल करने के लिए भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने एड़ी-चोटी एक कर दिया है। वे बड़े स्तर पर कड़ी धूप के बावजूद जन संपर्क अभियान जारी रखे हुए हैं। आज इसी क्रम में वे सरायकेला में थी और मतदाताओं से उन्होंने संपर्क कर कमल छाप पर 13 मई को वोट देने की अपील की। इसके साथ ही भाजपा ने 332 पथ सभाओं को आज से लांच कर दिया है। भाजपा हाटगम्हरिया मंडल द्वारा पथसभा कार्यक्रम का आयोजन कोचड़ा पंचायत ग्राम कोचडा में किया गया, जिसमें पंचायत स्तर पर निवास करने वाले सभी कार्यकर्ता एवं आम जनों को पथसभा के माध्यम से जोड़ा गया। जिसका संचालन ब्रजमोहन चातोम्बा के द्वारा किया गया। पथसभा को अभिजीत गागराई, देवेंद्र कुमार जीझंसु बेहेरा ने संबोधित किया। मुख्य वक्ता चुमरू चातोंबा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा प्रचंड मतों से जीत रही है जिससे विपक्षी दल को घबराहट हो गया है कि हमारी इतने विधायक और सरकार में रहते हुए हम जीत नहीं पा रहे हैं, इंडी गठबंधन जीत नहीं रही है।

## सीतारामडेरा मंडल में खुला चुनावी कार्यालय

### सांसद विद्युतवरण महतो ने किया उद्घाटन, मौजूद रहे पार्टी के वरीय नेतागण

खबर मन्त्र ब्यूरो



चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते भाजपा प्रत्याशी व सांसद विद्युतवरण महतो।

**जमशेदपुर।** सोमवार को जमशेदपुर लोकसभा के पुर्वी विधानसभा अंतर्गत सीतारामडेरा मंडल में भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। भालूबासा मेन रोड स्थित होटल मिष्टी इन में बनाये गए सीतारामडेरा मंडल के चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन जमशेदपुर के सांसद सह प्रत्याशी विद्युत बरण महतो ने किया। इस दौरान पुर्वी विधानसभा के प्रभारी देवेंद्र सिंह, संयोजक मिथिलेश सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव एवं मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा समेत पार्टी के अन्य वरीय नेतागण मौजूद रहे। उद्घाटन के पश्चात सांसद बिद्युत महतो ने कार्यकर्ताओं के संग बैठक कर चुनावी मंथन किया। वहीं, उपस्थित कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में मंडल अधीन सभी बूथों पर प्रत्याशी बिद्युत महतो को बड़े अंतर से विजयी बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## चुनाव में धनबल-बाहुबल के प्रयोग पर जिला प्रशासन की पैनी नजर

- शिकायतों की सुनवाई एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए टोल फ्री नंबर तथा हेल्पलाइन नंबर जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत ''भारतीय दण्ड संहिता की धारा-171 ख'' के अनुसार कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उनके निर्वाचन अधिकार का प्रयोग करने के लिये उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु रूप में कोई परितोष देता है या लेता है वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनो से दण्डनीय होगा । इसके अतिरिक्त भारतीय दण्ड संहिता के धारा 171 के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी का निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट लगाने की धमकी देता है वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय है । रिश्वत देने वाले और लेने वाले दोनों के विरूद्ध मामले दर्ज करने के लिये और ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिये जो निर्वाचकों को डराने और धमकाने में लिप्त हैं उनके लिये उड़न दस्ता गठित किये गये हैं।

# हाटगम्हरिया में झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के पक्ष में निकली रैली

### जनता से मांगा समर्थन

खबर मन्त्र ब्यूरो



झामुमो प्रत्याशी के समर्थन में निकली रैली में शामिल जनसमूह।


**हाट गम्हरिया/जमशेदपुर।** झामुमो पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को चाईबासा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की झामुमो प्रत्याशी श्रीमती जोबा मांझी के पक्ष में हाटगम्हारिया में रैली निकालते हुए जनता से समर्थन मांगा। रैली हाटगम्हरिया प्रखंड झामुमो कार्यालय से निकल कर सरकारी तालाब, मुख्य बाजार, फरेस्ट कलोनी, शिव मंदिर होते हुए मेन रोड, पुराना स्टेट बैंक, थाना परिसर होते हुए पुनः झामुमो कार्यालय वापस लौटे। इस दौरान हजारों की संख्या में शामिल झामुमो कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने जोबा मांझी जिंदाबाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, इंडिया गठबंधन जिंदाबाद आदि के जोरदार नारे लगाए। रैली में शामिल कार्यकर्ता व समर्थकों ने इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी श्रीमती जोबा माझी के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने केंद्र के भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के दस साल के शासन में महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार सहित कई अनियमितताएं हुई है। भाजपा झूठ की राजनीति करती है। जनता भाजपा के झूठे वादों से त्रस्त है। अब भाजपा वाले 400 पार का नारा लगाते हुए देश की संविधान बदलने एवं आरक्षण को समाप्त करने की बात कह रहे हैं। ऐसा कभी नहीं होने दिया जाएगा। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बलवंत गोप, सचिव गोपाल हेंब्रम, प्रमिला पिंगुआ, एलिजाबेथ गागराई, राजेश सिंकु, राजेंद्र गागराई, जीवनी सिंकु, नंदू सिंकु, राजेश्वर चातोंबा, हरिचरण बिरूवा, प्रदीप बिरुवा, किशोर गागराई, कुलदीप गागराई, मंगल बिरूवा, प्रेम सुरीन, दंपा, माटू, सुनील बिरुवा समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल थे।

## एक नजर में

### पत्नी की वो... के चक्कर में पति की आत्महत्या

**चांडिल।** नीमडीह थाना क्षेत्र के बामनी गांव में पत्नी का किसी और के साथ प्रेम संबंध से पति ने तंग आकर आत्महत्या कर लिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बामनी गांव के पतितपावन दास 45 की पत्नी आलोमनी दास 40 की गांव के ही एक 40 वर्षीय व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध था। इसे लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर लड़ाई झगड़ा होती रहती थी। शनिवार दोपहर भी दोनों के बिच लड़ाई हुई। जिसके बाद पति पतितपावन दास ने शाम को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सुचना मिलने पर नीमडीह पुलिस गांव पहुंच मामले की छानबीन कर शव को कब्जे में लिया। घटना की कुछ ही घंटों बाद रविवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे पत्नी आलोमनी दास ने भी शरीर पर आग लगाकर जान दे दी। दंपती का 22 साल का एक बेटा है। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। रविवार शाम को दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना के बाद गांव का माहौल गमगीन रहा।

### नरेंद्र मोदी यूथ ब्रिगेड ने विभिन्न लोकसभा प्रभारियों की घोषणा की



**जमशेदपुर।** सोमवार को नरेंद्र मोदी यूथ ब्रिगेड के कोर कमेटी की बैठक राष्ट्रीय संयोजक सतीश सिंह के द्वारा ली गई। इस बैठक में झारखंड में नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करने के लिए लोकसभा सीट पर प्रभारी नियुक्त किया गया। जिसमें जमशेदपुर में पप्पू राव, कोल्हान में रामप्रसाद जायसवाल, खूंटी में सुदामा जी, धनबाद व गिरिडीह के लिए राकेश कुमार मधु सह प्रभारी राजेश सिंह राजू , रांची में नवनीत कुमार गुड्डू और चतरा में रामष्ण दुबे को प्रभारी बनाए गया। नरेंद्र मोदी युथ विग्रेड 2013 से नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का काम कर रही है। राष्ट्रीय संयोजक सतीश सिंह ने आवाहन किया है कि जनता जात पात से उपर उठकर देश की एकता और अखंडता के लिए राष्ट्र हित को चुनें ओर नरेंद्र मोदी को चुनें।

### पहाड़पुर चड़क मेला में शामिल हुए जमशेदपुर के झामुमो प्रत्याशी समीर महंती



**पटमदा।** बोड़ाम प्रखंड की पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत आमझोर गांव स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर परिसर में आयोजित वार्षिक चड़क मेला के दूसरे दिन सोमवार को जमशेदपुर लोकसभा के महागठबंधन प्रत्याशी समीर मोहंती व जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल होकर बाबा भोलेनाथ की मंदिर में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना किये। इस दौरान नेताद्वय ने पहाड़पुर पंचायत के स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और चुनाव में उनसे समर्थन मांगा। प्रत्याशी ने विधायक के साथ बोड़ाम बाजार में कार्यकर्ताओं से साथ मुलाकात करते हुए पटमदा प्रखंड के बांगुड़दा गांव पहुंचकर दिवंगत झारखंड आंदोलनकारी श्यामापद महतो की शोकाकुल परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, अश्विनी महतो, हिमांशु महतो, मंटू महतो, काजल सिंह, रामु कुंभकार समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### आम बगान मैदान में डिजनीलैंड मेला आठ से



**जमशेदपुर।** भारत का मशहूर फन वर्ल्ड डिजनीलैंड प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी साकची स्थित आमबगान मैदान, जमशेदपुर में दिनांक 08 मई 2024 से प्रारंभ होने जा रहा है। मेले का उद्घाटन 08 मई 2024 को संध्या 7:15 बजे जुना अखाड़ा पारडीह काली मंदिर के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत श्री विद्यानन्द सरस्वती के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। उक्त जानकारी संवाददाता सम्मेलन देते हुए फन वर्ल्ड के आयोजक श्री चन्द्रशेखर पर्वत ने बताया कि इस वर्ष कई नये तरह के स्टल एवं मनोरंजन के नये-नये साधन उपलब्ध होंगे जिसमें शहर में पहली बार अंडर वाटर एक्युरियम देखने को मिलेगा। पून: उन्होंने कहा कि फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन हेतु जो झुले लगाये जा रहें हैं उनमें वाटर बोट, हेलीकप्टर, टोरा-टोरा, ड्रैगन ट्रेन, आदि लगया जा रहा है। इसके साथ ही बड़ों (वयस्क) को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बिजली झूला उपलब्ध होंगे जो जमशेदपुर शहर में हमेशा से मांग रही है। इसके अतिरिक्त मेले में हेन्डलूम एवं हेन्डी क्राफ्ट की अनेक तरह की दुकानों के अलावा हैंडलुम के साड़ी, बेड शीट, नाईटी के परिधान विभिन्न राज्यों से आये मनमोहक रंगों एवं डिजाईनों में उपलब्ध होंगे जिसकी गुणवत्ता काफी अच्छी एवं कीमत काफी प्रतिस्पर्द्धात्मक होंगी। कहने का तातपर्य यह है कि गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के साथ-साथ व्यस्क भी खरीददारी करने के पश्चात् जायकेदार नाश्ते एवं विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ भी उठा सकेंगे।

# सूर्या के तूफान में उड़ा हैदराबाद, मुंबई की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बरकरा

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव के शतक की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। एमआई की इस जीत में तिलक वर्मा ने भी अहम योगदान दिया। दोनों के बीच 143 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में हैदराबाद के गेंदबाजों को संघर्ष करते देखा गया। मुंबई के बल्लेबाजों ने उनकी जमकर पिटाई की। आइपीएल 2024 के 55वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 174 रन बनाए और सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। मुंबई इस जीत के साथ अंक तालिका में 10वें से नौवें पायदान पर पहुंच गई है। अब टीम के खाते में आठ अंक हो गए हैं। वहीं, नेट रनरेट -0.212 का हो गया है। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद 12 अंकों के साथ चौथे स्थान पर बरकरार है।



### सूर्या-तिलक ने दिलाई जीत

मुंबई इंडियंस की इस मैच में झटके के साथ शुरूआत हुई। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे ईशान किशन 26 रन के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद टीम को 31 रन के स्कोर पर दो झटे लगे। कमिंस ने रोहित को आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने नमन धीर को आउट किया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने संभाला। दोनों ने हैदराबाद के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। सूर्या ने इस मुकाबले में 51 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। वहीं, तिलक वर्मा ने 37 रनों की पारी खेली। हैदराबाद के लिए भुवनेश्वर, जानसेन और कमिंस ने एक-एक विकेट चटकाया।

### हैदराबाद की पारी

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने अच्छी शुरूआत की। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 56 रनों की साझेदारी हुई। हैदराबाद को पहला झटका बुमराह ने दिया। उन्होंने अभिषेक को आउट किया। वह सिर्फ 11 रन बना सके। तीसरा झटका मयंक अग्रवाल के रूप में लगा। वह सिर्फ पांच रन बना सके। इसके बाद हेड को पीयूष चावला ने पवेलियन भेजा। सलामी बल्लेबाज ने सात चौकों और एक छक्के की मदद से 48 रन बनाए। इस मैच में नीतिश 20, क्लासेन दो, जानसेन 17, शाहबाज 10, अब्दुल तीन रन बना सके। वहीं, कमिंस 35 और सनवीर आठ रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई के लिए हार्दिक पांड्या और पीयूष चावला ने तीन-तीन विकेट चटकाए। वहीं, अंशुल कंबोज और जसप्रीत बुमराह को एक-एक सफलता मिली। सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ टॉस गंवाकर 8 विकेट पर 173 रन बनाए थे। सनराइजर्स की टीम ने 17वें ओवर में 136 रन पर 8वां विकेट गंवा दिया था। लेकिन कमिंस ने दो चौके और दो छक्के जड़ने के साथ नौवें विकेट के लिए सनवीर सिंह (नाबाद 8 रन) के साथ 19 गेंद में 37 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। कमिंस ने 200 के ज्यादा के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 35 रन बनाए।हेड ने 30 गेंद की पारी में 7 चौके और 1 छक्का लगाया।

**हैदराबाद 178/8 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| हेड कै. तिलक बोल्ड पीयूष | 48 | 30 | 07 | 01 |
| अभिषेक कै. ईशान बो. बुमराह | 11 | 16 | 00 | 01 |
| मयंक अग्रवाल बो. अंशुल | 05 | 06 | 01 | 00 |
| नीतीश कै. रेड्डी बो. हार्दिक | 20 | 15 | 02 | 00 |
| क्लासेन बो. पीयूष चावला | 02 | 04 | 00 | 00 |
| मार्को येन्सन बो, हार्दिक | 17 | 12 | 01 | 01 |
| शाहबाज कै. सूर्यकुमार बो. हार्दिक | 10 | 12 | 00 | 00 |
| समद एलबीडब्ल्यू पीयूष | 03 | 04 | 00 | 00 |
| पैट कमिंस नाबाद | 35 | 17 | 02 | 02 |

**अतिरिक्त** : 14

**विकेट पतन** : 56-1, 68-2, 90-3, 92-4, 96-5, 120-6, 124-7, 136-8 .

**गेंदबाज** : नुवान तुषारा : 4-0-42-0, अंशुल कंबोज : 4-0-42-1, जसप्रीत बुमराह : 4-0-23-1, हार्दिक पंड्या : 4-0-31-3, पीयूष चावला : 4-0-33-3.

**मुंबई 174/3 (17.2 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| किशन कै. अग्रवाल बो. येन्सन | 09 | 07 | 02 | 00 |
| रोहित कै. क्लासेन बो. कमिंस | 04 | 05 | 01 | 00 |
| धीर कै. म्येन्सन बो. भुवनेश्वर | 00 | 09 | 00 | 00 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 102 | 51 | 12 | 06 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 37 | 32 | 06 | 00 |

**अतिरिक्त** : 22

**विकेट पतन** :26-1, 31-2, 31-3.

**गेंदबाज** : भुवनेश्वर कुमार : 4-1-22-1, मार्को येन्सन : 3-0-45-1, पैट कमिंस : 4-1-35-1, टी नटराजन : 3.2-0-31-0, नीतीश कुमार रेड्डी : 2-0 16-0, शाहबाज अहमद : 1-0-11-0.

मुंबई के लिए अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला (33 रन पर तीन विकेट) और कप्तान हार्दिक पंड्या (31 रन पर तीन विकेट) ने शानदार गेंदबाजी की। जसप्रीत बुमराह (23 रन पर एक विकेट) एक बार फिर किफायती रहे तो वहीं अपने डेब्यू मैच में अंशुल कंबोज (42 रन पर एक विकेट) ने प्रभावित किया। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा (11) ने एक बार फिर से सनराइजर्स को आक्रामक शुरूआत दिलाई थी।

## आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 08 | 03 | 00 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 10 | 08 | 02 | 00 | 16 | +0.622 |
| चेन्नई | 11 | 06 | 05 | 00 | 12 | +0.700 |
| हैदराबाद | 11 | 06 | 05 | 00 | 12 | +0.065 |
| लखनऊ | 11 | 06 | 05 | 00 | 12 | -0.371 |
| दिल्ली | 11 | 05 | 06 | 00 | 10 | -0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 04 | 07 | 00 | 08 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 04 | 07 | 00 | 08 | -0.187 |
| मुंबई | 12 | 04 | 08 | 00 | 08 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 04 | 07 | 00 | 08 | -1.320 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 542 |
| गायकबाड | चेन्नई | 541 |
| नरेन | कोलकाता | 461 |
| हेड | हैदराबाद | 444 |
| राहुल | लखनऊ | 431 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| बुमराह | मुंबई | 17 |
| हर्षल | पंजाब | 17 |
| वरूण | कोलकाता | 16 |
| नटराजन | हैदराहाद | 15 |
| अर्शदीप | पंजाब | 15 |

## राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली के लिए करो या मरो का मुकाबला

**नयी दिल्ली।** आइपीएल प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को हर हालत में राजस्थान रॉयल्स जैसी जबर्दस्त फॉर्म में चल रही टीम को हराना होगा और नजरें कप्तान ऋषभ पंत तथा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के बल्ले पर लगी होंगी। दिल्ली ने अभी तक 11 में से पांच मैच जीते और छह हारे हैं। बाकी तीन मैच दिल्ली को हर हालत में जीतने होंगे हालांकि उसके बाद भी उसके 16 ही अंक रहेंगे जो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए शायद काफी नहीं हों। केकेआर (11 मैचों में 16 अंक) और रॉयल्स (10 मैचों में 16 अंक) के अलावा चेन्नई सुपर किंग्स (11 मैचों में 12 अंक), सनराइजर्स हैदराबाद (दस मैचों में 12 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (11 मैचों में 12 अंक) 16 अंक के पार जा सकती हैं। ऐसे में दिल्ली शायद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर सके लेकिन पंत का भरोसा महेंद्र सिंह धोनी की उस नीति पर है कि जिस पर नियंत्रण किया जा सकता है, उसी पर किया जाए। अरूण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच पर पंत के लिए दोहरी चुनौती होगी। वह चाहेंगे कि खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव जैसे उनके गेंदबाज यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन और रियान पराग को सस्ते में आउट कर दे लेकिन सिर्फ 60 मीटर की सीमारेखा होने से ऐसा करना कठिन होगा। अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके पंत पर एक बार फिर अच्छे प्रदर्शन का दारोमदार होगा। उनके पास ऑस्ट्रेलिया के युवा फ्रेसर मैकगुर्क जैसा आक्रामक बल्लेबाज है। ये दोनों मिलकर मैच का नक्शा पलट सकते हैं। दिल्ली को हालांकि रॉयल्स के गेंदबाजी आक्रमण से कड़ी चुनौती मिलेगी।

## भारतीय महिला टीम ने डीएलएस पद्धति से बांग्लादेश को 56 रनों से हराया



एजेंसी

**सिलहट।** कप्तान हरमनप्रीत कौर (39) रन और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने सोमवार को वर्षा बाधित चौथे टी-20 मुकाबले में डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस पद्धति) से बांग्लादेश को 56 रनों से हरा दिया है। इस जीत के साथ भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 4-0 बढ़त बना ली है। वर्षा के कारण बांग्लादेश को 14 ओवर में जीत लिये 125 रनों के लक्ष्य मिला था। बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में मुशीर्दा खातून (1) का विकेट गवां दिया। इसके बाद आठवें ओवर में दिलारा अख्तर (21) रन बनाकर पवेलियन लौट गयी। रुबिया हैदर (13), कप्तान निगार सुल्ताना (1), शोरना अख्तर (5), ऋतु मोनी (1) राबेया खान (8) रन बनाकर आउट हुई। शोरिफा खातून 11 और नाहिदा अख्तर दो रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय गेंदबाजों के आगे बांग्लादेश का कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं खेल सका। बांग्लादेश की टीम 14 ओवर में सात विकेट पर 68 रन ही बना सकी और मुकाबला 56 रनों से हरा गयी।

## टी-20 विश्वकप के दौरान आतंकवादी हमले की मिली धमकी

**नयी दिल्ली।** अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप के दौरान आतंकवादी हमले की धमकी मिली है। ट्रिनिडैड के प्रधानमंत्री डॉ. कीथ रॉली ने बताया कि टी-20 विश्वकप के दौरान आतंकवादी हमले की धमकी मिली है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) खबर की पुष्टि करते हुए कहा है कि उनके पास ऐसे किसी भी खतरे से निपटने के लिए व्यापक सुरक्षा योजना है। डॉ रॉली ने कहा, 21वीं सदी में भी आतंकवाद का खतरा कई रूपों में बना हुआ है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। टी-20 विश्वकप पर भी आतंकवादी हमले की धमकी मिली है। हालांकि रॉली ने इस धमकी के पीछे किसी संगठन का नाम नहीं लिया है। आइसीसी ने कहा है, सबकी सुरक्षा और रक्षा हमारी प्राथमिकता है और हमारे पास इससे निपटने के लिए एक व्यापक योजना है। हम मेजबान देश और स्थानीय प्रशासन के साथ बहुत नजदीक से काम कर रहे हैं और हमारी नजर किसी भी जोखिम को हटाने पर है।

## भारतीय पुरुष और महिला 4X400 मीटर रिले टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की पुरुष एवं महिला वर्ग की रिले टीम ने क्वालीफाई कर लिया है। 4 गुणा 400 मीटर रिले टीमों (महिला और पुरुष दोनों) ने सोमवार को बहामास के नासाऊ में आयोजित विश्व एथलेटिक्स रिले में अपने-अपने दूसरे दौर की हीट में दूसरा स्थान हासिल कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। महिलाओं के टूनामेंट की हीट नंबर एक में जमैका (3:28.54) पहले स्थान पर रही, जबकि रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और सुभा वेंकटेशन दूसरे स्थान पर रहीं और पेरिस खेलों के लिए टिकट हासिल किया। पुरुषों की टीम, जिसमें मुहम्मद अनस याहिया, मुहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोज जैकब शामिल हैं, 3 मिनट और 3.23 सेकंड के संयुक्त समय के साथ अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रही। पहले स्थान पर यूएसए (2:59.95) की टीम रही। दूसरे दौर के दौरान तीनों हीट में सर्वोच्च स्थान पाने वाली दो टीमें ओलंपिक में प्रवेश करेंगी, जो 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलेगा। रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में भारतीय महिला टीम 3 मिनट और 29.74 सेकंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रही। पुरुष टीम पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट पूरी नहीं कर पाई, क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजेश रमेश बीच में ऐंठन के कारण हट गए। इसके साथ भारत के 19 ट्रैक और फील्ड प्रतियोगी पेरिस जा रहे हैं, जिनमें भाला फेंक के मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक की एथलेटिक्स स्पधाएँ एक अगस्त से शुरू होंगी।

## भारतीय शतरंज इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए 65 करोड़ का बजट

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआइसीएफ) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नारंग ने भारतीय शतरंज को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाने और देश में शतरंज इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए 65 करोड़ रुपये का बजट तैयार किया है। एआइसीएफ की आम सभा में इस पर चर्चा की गयी जिनका उद्देश्य पेशेवर और जमीनी स्तर के खिलाड़ियों के लिए वित्तीय और संस्थागत सहायता प्रदान करके भारतीय शतरंज इकोसिस्टम को मजबूत करना है। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए एआईसीएफ प्रो और एआईसीएफ पॉपुलर जैसे कार्यक्रमों का शुभारंभ, हर घर शतरंज के दृष्टिकोण को घरों में वास्तविकता प्रदान करेगा।

## सरकार के फैसले पर ही चैंपियंस ट्राफी के लिए भारतीय टीम पाकिस्तान जायेंगी: शुक्ला

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआइ के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि सरकार की अनुमति के बाद ही भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान में अगले वर्ष होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भेजा जायेगा। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने यहां कहा, चैंपियन ट्रॉफी के मामले में हम वही करेंगे जो सरकार हमसे करने को कहेगी। हम अपनी टीम तभी भेजते हैं जब सरकार हमें इसकी इजाजत देती है। हम सरकार के निर्णय के अनुसार चलेंगे।

## कोहली सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक, उसके खिलाफ रणनीति बनाएंगे : बाबर आजम

**लाहौर।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि विराट कोहली भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से हैं और अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिये रणनीति जरूर बनाई जाएगी। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में आमने सामने होंगे। यहां प्रेस कांफ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या वह शानदार फॉर्म में चल रहे कोहली के खिलाफ रणनीति बनाएंगे, इस पर उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में विरोधी के टीम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाई ही जाती है। उन्होंने कहा, हम दूसरी टीमों के सभी 11 खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाते हैं। हमें न्यूयॉर्क के हालात के बारे में ज्यादा पता नहीं है लेकिन वह (कोहली) सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है और हम उसके खिलाफ भी रणनीति बनाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि गैरी कर्स्टन को सफेद गेंद के प्रारूप का मुख्य कोच बनाये जाने से पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर जाएगा। कर्स्टन को पिछले महीने दो साल के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच बनाया गया है। उनके कोच रहते भारत ने 2011 वनडे विश्व कप जीता था। वह 2008 से 2011 तक भारत के और 2011 से 2013 तक दक्षिण अफ्रीका के कोच रहे हैं। बाबर ने कहा, वह काफी अनुभवी कोच है। उनकी मौजूदगी से हमें फायदा मिलेगा। वह विश्व कप की रणनीति बनाने में काफी रूचि ले रहे हैं और टीम प्रबंधन के साथ रणनीति पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि टीम में कप्तानी को लेकर कोई मतभेद नहीं हैं और वह दूसरी बार कमान संभालकर रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, मैंने बतौर कप्तान पहले भी अपने खिलाड़ियों के दम पर कामयाबी पाई और इस बार भी यही सत्य है।

## मुझे बल्लेबाजी बेहतर बनाने के लिए रोहित शर्मा से टिप्स मिले : कुलदीप यादव

**नयी दिल्ली।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा ने इस साल जनवरी से मार्च तक घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान उनके बल्लेबाजी कौशल को बेहतर बनाने में मदद की। कुलदीप दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ अपनी इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी के दिल्ली कैपिटल्स मैच से पहले दिल्ली में एक प्रेस कार्यक्रम में बोल रहे थे। घरेलू मैदान पर इंग्लैंड पर भारत की 4-1 की जीत में, कुलदीप ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, न केवल उम्मीद के मुताबिक गेंद से, बल्कि आश्चर्यजनक रूप से बल्ले से भी। उन्होंने न केवल चार मैचों में 19 विकेट लिए, जिसमें पांच विकेट भी शामिल थे, बल्कि उन्होंने छह पारियों में 19.40 की औसत से 97 रन भी बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 30 था। भारत के लिए मैच तोड़ो. एक ठोस बचाव के साथ, वह अपना अंत स्थिर रखेगा और दूसरे बल्लेबाज को मैच बचाने वाले कुल या मैच जीतने वाले लक्ष्य की खोज में आक्रमण करने की अनुमति देगा।

# हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम घोषित



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जो 21 से 29 मई 2024 के बीच यूरोप का दौरा करेगी। टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड की दो क्लब टीमों ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश और ओरांजे रूड के खिलाफ तीन देशों में छह मैच खेलेगी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में मैच खेलेगी। भारतीय टीम अपना पहला मैच 21 मई को ब्रेडा में ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ खेलेगी और उसके बाद 22 मई को उसी स्थान पर बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम दूसरी बार बेल्जियम के साथ खेलेगी, लेकिन इस बार बेल्जियम 24 मई को मेजबान के तौर पर खेलेगा। इसके बाद 26 मई को ब्रेडा में और 27 मई को जर्मनी के खिलाफ क्रमशः लगातार मैच होंगे। इसके बाद टीम 29 मई को ओरांजे रूड के खिलाफ दौरे का अपना अंतिम मैच खेलने के लिए ब्रेडा लौटेगी। टीम की कमान डिफेंडर ज्योति सिंह संभालेंगी जबकि मिडफील्डर साक्षी राणा को उनकी डिप्टी बनाया गया है। अदिति माहेश्वरी और निधि गोलकीपिंग विभाग संभालेंगी जबकि ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी, अंजलि बरवा, पूजा साहू, ममिता ओरम और नीरू कुल्लू डिफेंस की जिम्मेदारी संभालेंगी। कप्तान ज्योति सिंह ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, टीम में बहुत अच्छा तालमेल है। हम सभी ने शिविर के दौरान एक-दूसरे को अच्छी तरह से जाना है। यहां हर कोई बहुत कुशल और प्रतिभाशाली है। विदेश में अन्य शीर्ष-गुणवत्ता वाली टीमों के खिलाफ खेलना मजेदार और सीखने का अच्छा अनुभव होगा। उप-कप्तान साक्षी राणा ने कहा, अन्य देशों की अच्छी टीमों के खिलाफ खेलने से खेल के विभिन्न तरीकों की समझ विकसित करने में मदद मिलती है। इस तरह का एक्सपोजर टूर हम सभी को अपने खेल को अगले स्तर पर ले जाने का शानदार अवसर प्रदान करता है।

### भारतीय जूनियर वीमेंस हॉकी टीम में झारखंड की नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान और संजना शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय हॉकी ने सोमवार को जूनियर वीमेंस हॉकी टीम की घोषणा की जो यूरोपियन टूर पर जाएगी। 21 से 29 मई के दौरान भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड (ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश और ऑरेंज रूड) के साथ छह मैच खेलेगी। 21 मई से टीम अभियान की शुरूआत करेगी। घोषित की गयी 22 सदस्यीय भारतीय महिला (जूनियर टीम) टीम में झारखंड की भी चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इनमें नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान और संजना होरो शामिल हैं। रजनी केरकेट्टा और नीरू कुल्लू सिमडेगा जिला की तथा बिनिमा धान और संजना होरो खूंटी जिले की रहने वाली हैं। ज्योति सिंह (डिफेंडर) इस टीम को लीड करेंगी। साक्षी राणा उप कप्तान होंगी। भारतीय टीम में झारखंड के चार खिलाड़ियों के चयन पर हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी हैं।

**गोलकीपर**: अदिति माहेश्वरी, निधि।

**डिफेंडर**: ज्योति सिंह (कप्तान), लालथंतलुआंगी, अंजलि बरवा, पूजा साहू, ममिता ओरम, निरुकुल्लू।

**मिडफील्डर**: क्षेत्रीमयुम सोनिया देवी, रजनी केरकेट्टा, प्रियंका यादव, खैदेम शिलेइमा चानू, साक्षी राणा (उपकप्तान), अनिशा साहू, सुप्रिया कुजूर।

फॉरवर्ड : बिनिमा धान, हिना बानो, लालरिनपुई, इशिका, संजना होरो, सोनम, कनिका सिवाच।

# लालू यादव घोटाले में जेल जा चुके और उनके साथी भ्रष्टाचार कर रहे : अमित शाह

## अमित शाह की आज बिहार के उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा

**पटना।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज बिहार में उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के सरायरंजन स्थित नरघोघी हाई स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। वो केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के समर्थन में लोगों से वोट की अपील करेंगे। प्रदेश भाजपा कार्यालय के अनुसार, शाह अपराह्न 3:45 बजे पटना हवाई अड्डा पहुंचेंगे। यहां से वे उजियारपुर के लिए हेलिकॉप्टर से रवाना होंगे। उजियारपुर में सरायरंजन विधानसभा में महंथ रामरक्षा दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरघोघी में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उजियारपुर से गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय चुनाव मैदान में हैं। उनकी टक्कर राजद के आलोक मेहता से है। समस्तीपुर से राजग उम्मीदवार शांभवी चौधरी है। उनकी टक्कर कांग्रेस के सन्नी हजारी से है। 26 दिन के भीतर शाह का चौथा बिहार दौरा है। समस्तीपुर भाजपा जिलाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि गृहमंत्री के सभा की तैयारी पूरी की जा चुकी है। इसमें उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के 50,000 से अधिक लोग शिरकत करेंगे। इस सभा को राज्य के कई वरिष्ठ नेता भी संबोधित करेंगे। भीषण गर्मी को देखते हुए सभा स्थल पर हैंगर पंडाल लगाया गया है। विधान पार्षद डॉ. तरुण चौधरी ने कहा कि उजियारपुर की जनता केंद्रीय गृहमंत्री की सभा को लेकर उत्सुक है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह चौथी बार बिहार आ रहे हैं।

एजेंसी

**पटना (बिहार)।** राज्य में समस्तीपुर जिले के उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के नरघोघी में नित्यानंद राय के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लालू प्रसाद यादव पर हमला करते हुए कहा कि सत्ता के स्वार्थ के कारण लालू यादव कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ गए हैं। वो चारा घोटाले, अलकतरा घोटाले और जमीन के बदेल नौकरी देने के मामले में जेल जा चुके हैं जबकि उनके सभी साथी भी भ्रष्टाचार करने में लगे हुए हैं। अमित शाह ने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन के मंत्री के सचिव के नौकर के पास से 30 करोड़ रुपये मिले। इससे दो महीने पहले कांग्रेस सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये मिले थे। इससे कुछ देर पहले ही ममता बनर्जी के मंत्री के घर से 51 करोड़ रुपये मिले थे। मैं लालू



यादव को कहना चाहता हूं कि इसी कांग्रेस ने पिछड़ों का विरोध किया। मंडल कमीशन का विरोध किया। पिछड़ा समाज के विरोधी कांग्रेस की गोद में लालू व इनके बेटे बैठे हैं। भाजपा ने सबसे पहले पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग का प्रधानमंत्री बनाया है। गरीब चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री बनाया है। अमित शाह ने कहा कि लालू के लालटेन व पंजे के साथ अन्याय, भूखमरी, गरीबी तो एनडीए के साथ आने पर डबल इंजन सरकार मिलेगी जो बिहार को आगे बढ़ाएगी। आज केंद्र सरकार में 27 पिछड़े वर्ग के मंत्री हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछड़ा समाज की सबसे विरोधी पार्टी कांग्रेस पार्टी है। बिहार के वंचितों, पिछड़ों और दलितों के नेता कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें जननायक भारत रत्न बनाने का काम किया। मोदी ने नीट, मेडिकल और एम्स दाखिले में पिछड़े और अति पिछड़े समाज को आरक्षण दिया। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पिछड़े समाज के आरक्षण पर डाका डालने का काम किया है।

कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी और रातों-रात पूरे मुस्लिम समुदाय को बिना पिछड़ेपन का सर्वेक्षण कराए पिछड़ा घोषित कर दिया गया और पिछड़े समुदाय का पांच प्रतिशत आरक्षण काटकर मुसलमानों को दे दिया गया। हमारी सरकार कर्नाटक में बनी तो उसे समाप्त कर पिछड़ों को फिर से उसका लाभ दिया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि कपूर्री ठाकुर ने जीवन की अंतिम सांस तक गरीबों और पिछड़ों के लिए काम किया। कपूर्री ठाकुर ने मैथिली भाषा को सम्मान देने की मांग की थी और अटल ने मैथिली भाषा को आठवीं अनुसूची में जगह दी थी।

## हाईवे से कुचलकर अधेड़ की मौत, मचा कोहराम

**नवादा।** जिले में सिरदला थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंघौल गांव में बालू लदे एक हाईवा ने सोमवार को घर के बाहर सो रहे एक अधेड़ को कुचल डाला । जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। अवैध बालू का उठाव हो रहा है। जिस कारण इन इलाकों में हाईवा की रफ्तार तेज हो गई है। मृतक की पहचान हरि प्रसाद के रूप में की गई है। हरि प्रसाद अपने घर के बाहर सो रहे थे। तभी वहां से गुजर रहे अनियंत्रित हाईवा ने सोए हुए अधेड़ को कुचल डाला। जिससे उसकी मौत हुई। घटना घटित होते ही आसपास के ग्रामीण की भीड़ वहां जुट गई। तभी उसकी नजर वहां से हाईवा लेकर भाग रहे चालक पर पड़ी। ग्रामीणों ने उसका पीछा कर हाईवा और चालक को पकड़कर स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया। दूसरी ओर, मृतक के परिवार आनन-फानन में हरि प्रसाद को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिए। उक्त घटना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। वहीं घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बेहद बुरा हाल है। परिजनों के विलाप से माहौल काफी गमगीन रहा।गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया।

## किड्स एथलेटिक्स डे पर प्रतियोगिता का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** किड्स एथलेटिक्स डे पर गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावान में सात मई को स्थानीय रामासाहू स्टेडियम में शाम चार बजे से किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में किसी भी सरकारी और निजी विद्यालय के अंडर 12 और अंडर 14 वर्ग के छात्र-छात्रा भाग ले सकते है।

अंडर 12 आयु वर्ग में जिसकी जन्म तिथि अप्रैल 2012 के बाद का हो तथा अंडर 14 आयु वर्ग जिसकी जन्म तिथि अप्रैल 2010 के बाद का हो वह प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव आलोक मिश्र ने बताया कि झारखंड एथलेटिक्स संघ और एथलेटिक्स फेडरेशन अफ इंडिया के निर्देशानुसार पूरे भारत में किड्स एथलेटिक्स डे पर किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। श्री मिश्र ने बताया कि अंडर 12 आयु वर्ग में 30 मी.रेस, अंडर 14 आयु वर्ग में 60 मीटर रेस, शॉर्ट पुट, जेवलिन थ्रो का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र के साथ प्रतियोगिता स्थल पर आना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए अजय कांत मोबाइल नं. 7461906890 तथा रमाशंकर सिंह प्रशिक्षक एथलेटिक्स से संपर्क कर सकते हैं।

## स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए अभिभावकों को किया जागरूक

**सहरसा।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज स्थानीय हटिया गाछी स्थित सहरसा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने वोट इंडिया की श्रृंखला बनाई और वोट क्यों आवश्यक परिचर्चा में भाग लिया।वर्ग 5से वर्ग 8 तक के बच्चों ने परिचर्चा में भाग लिया तथा श्रृंखला निर्माण में छोटे बड़े सभी बच्चे एवं शिक्षिकाओ का सराहनीय योगदान रहा। परिचर्चा में बच्चों ने वोट देना आवश्यक क्यों मुद्दे पर विभिन्न राय दिए।

## टीएमबीयू कुलपति के खिलाफ एबीवीपी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

एजेंसी

**भागलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं के द्वारा सोमवार को तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। कुलपति पर लगातार लग रहे भ्रष्टाचार के आरोपों एवं अन्य मुद्दों को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने कुलपति से इस्तीफे की मांग की है। जगह-जगह पर पोस्टर भी लगाया गया है। पोस्टर में कुलपति के खिलाफ स्लोगन लिखे गए हैं। प्रदेश सह मंत्री हैप्पी आनंद एवं जिला संयोजक रोहित राज ने कहा कि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति पर लगातार वित्तीय अनियमित के आरोप सामने आ रहे हैं। अब तो मुंगेर विश्वविद्यालय में प्रतिकूलपति रहते हुए जो आईफोन और लैपटॉप की सुविधा सरकारी कर्मचारी होने के नाते उन्हें उपलब्ध कराया गया था। वह तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति बनने के बाद लैपटॉप और फोन को अपने व्यक्तिगत इस्तेमाल के रख लिया है। यह पूर्ण रूप से चोरी ही नहीं यह खुले आम डकैती का मामला बनाया जा सकता है। आज कुलपति के आवास से



लैपटॉप और आईफोन प्राप्त हुआ है जो मुंगेर विश्वविद्यालय का ऐसे कुलपति छात्रों के लिए क्या सीख देना चाहते हैं।

विश्वविद्यालय में कुलपति आने के बाद वह अपने आप को संविधान निमार्ता से भी ऊपर समझने की भूल कर रहे हैं। कई पदों का सृजन विश्वविद्यालय में आने के बाद उन्होंने किया है जो गैर संवैधानिक है। मीटिंग ऑफिसर, पीआरओ एवं अन्य कई ऐसे पदों का उन्होंने सृजन किया है। यह संवैधानिक नहीं है। इस पर कुलपति को जवाब देना पड़ेगा। अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए अपने परिवार के लोगों की ही नियुक्ति क्यों इस पर भी कुलपति को जवाब देना पड़ेगा। विश्वविद्यालय के छात्र नेता कुणाल पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति छात्रों का आर्थिक एवं मानसिक रूप से पर शोषण करने में लगे हुए हैं। स्नातक के सभी खण्डों में छात्रों को परीक्षा देने के बाद भी अनुपस्थित कर दिया जाता है। जब हम लोगों ने इसके लिए आवाज उठाई तो उन्होंने कहा था 7 दिन में सभी मामला को ठीक कर लिया जाएगा। 4 महीने से अधिक हो चुके हैं लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नहीं किया गया जो की दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्ट थर्ड की परीक्षा परिणाम आने से 6 महीने बीत चुके हैं लेकिन विश्वविद्यालय उन छात्रों का अंक पत्र उपलब्ध नहीं कर पाई है। प्रदर्शन में प्रदेश कार्यकरणी सदस्य सौरव शर्मा, कोमल शर्मा, रोजी सिंह, सनी चौधरी, प्रांजल बाजपेई, सृष्टि भारती, नीरज, शिवसागर, मयंक, आशीष, प्रत्यूष आनंद एवं अन्य छात्र उपस्थित थे।

## विकास से कोसों दूर अररिया जिले का मधुबनी गांव, शिक्षा-स्वास्थ्य के लिए नेपाल का सहारा

खबर मन्त्र संवाददाता

**फारबिसगंज/अररिया।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बिहार के अररिया जिले का मधुबनी गांव आज भी विकास से कोसों दूर है। यहां बच्चों को पढ़ने के लिए ना तो स्कूल है, ना ही अच्छी सड़कें हैं और ना ही अस्पताल। ऐसे में रहने वाले बच्चे शिक्षा के लिए नेपाल जाते हैं। लोगों को भी इलाज के लिए नेपाल का सहारा है। हालत यह है कि यहां के बच्चों को देश का राष्ट्रगान तक नहीं आता। इस गांव के छात्र-छात्राओं का कहना है कि हम लोग इंडिया में नहीं पढ़ते हैं तो 'जन गण मन' कहां से याद रहेगा? हमारे गांव में स्कूल नहीं है। इसलिए हम लोग नेपाल में पढ़ने जाते हैं। हम लोगों को नेपाल की पढ़ाई काम भी नहीं देगी। क्योंकि, पढ़ाई करने के बाद भी वहां हमें सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा। वहां आधार कार्ड से एडमिशन मिलता है। बच्चों ने कहा कि नेपाल में नेपाल का बर्थ सर्टिफिकेट मांगा जाता है। यदि हम नेपाल का बर्थ सर्टिफिकेट नहीं देंगे तो हमें पढ़ाई करने के बाद भी सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा। विद्यार्थियों का कहना है कि इस गांव में ना ही सांसद आते हैं और ना ही विधायक लेकिन चुनाव के समय उनके लोग वोट मांगते हैं और ले भी लेते हैं। गांव के लिए कुछ भी नहीं करते है। हम चाहते हैं कि हमारे गांव में रोड, स्कूल और हॉस्पिटल हो। इस गांव की मनीषा नेपाल के स्कूल में पढ़ने जाती है। वो कहती है कि हम पढ़ाई तो नेपाल के स्कूल में कर रहे हैं लेकिन उसका कोई वैल्यू नहीं है। हमारा तो भविष्य खराब हो रहा है। हमारे गांव में तो हॉस्पिटल भी नहीं है। इमरजेंसी में इलाज कराने गांव के लोग नेपाल ही जाते हैं। बाढ़ के समय घरों में पानी घुस जाता है। उस वक्त भी बचने के लिए नेपाल ही जाते हैं। हम इंडिया में रहते हैं, फिर भी कोई सुविधा नहीं मिलती है। इस गांव की छात्रा सपना भी नेपाल के स्कूल में पढ़ने जाती है। वो कहती है कि भारत में जो स्कूल है वो बहुत दूर है। वहां जाना संभव नहीं है। वहां तक जाने के लिए सही रास्ता नहीं है। नदी पर पुल भी नहीं है। नेपाल के स्कूल जाने के लिए अच्छी सड़क है। हमसे नेपाली स्कूल के टीचर भी पूछते हैं कि अपने यहां के स्कूल में क्यों नहीं पढ़ती हो? हम चुप हो जाते हैं। हम अपने देश की बुराई नहीं कर सकते हैं इस गांव के रहने वाले वरिष्ठ चौथी महतो ने कहा कि उनका बेटा भी नेपाल के स्कूल में पढ़ने जाता है। पूरे गांव के बच्चे पढ़ाई करने के लिए नेपाल के स्कूल में जाते हैं।

## टेम्पो और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन घायल



घायल का इलाज करते चिकित्सक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के अधौरा चार मुहान पर बरडीहा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही टेम्पो ने पृथ्वीपुर की ओर जा रहे मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मारते हुए मेन रोड पर ही पलट गई। इस दुर्घटना में अपने ससुराल पृथ्वीपुर आ रहे मोटरसाइकिल सवार खरसोता गांव निवासी स्व. बनारसी राम का पुत्र श्याम देव राम गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं टेम्पो सवार घुरुआ गांव निवासी शेख माजिद के 37 वर्षीय पुत्र शेख ईल्फाज एवं ग्राम औरा निवासी 60 वर्षीय सरजू राम सहित कई अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घायलों को पंचायत मुखिया महताब आलम एवं ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस के माध्यम से मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया।

## स्कार्पियो चलाना सीख रहे युवक ने दादा-पोता को रौदा, दादा की हुई मौत

**पूर्वी चंपारण।** जिले में बंजरिया थाना क्षेत्र के अजगरी पंचायत के चूरिहरवा टोला गांव में स्कॉर्पियो सीखे रहे एक युवक ने सड़क किनारे खड़े दादा व पोता को ठोकर मार दी। जिसमें दादा की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि घायल पोते का गंभीर स्थिति में इलाज चल रहा है। घटना के बाद स्कार्पियो सीख रहे युवक व चालक घटनास्थल पर गाड़ी छोड़ फरार हो गया। घटना में मृतक की पहचान अजगरी पंचायत के चूरिहरवा टोला निवासी 55 वर्षीय महंगू मियां के रूप में हुई। जबकि घायल बच्चा मृतक का दो वर्षीय पोता मोहम्मद अली बताया गया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चैलाहां-फुलवार मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। साथ उक्त स्कार्पियो को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। स्कॉर्पियो सीख रहे युवक के पिता शेख मुमताज को पकड़ कर जमकर पिटाई कर दी।

### मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

## रंगोली का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



रंगोली का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** स्वीप कोषांग गढ़वा द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए समाहरणालय परिसर में सोमवार को मतदाता जागरूकता सह नैतिक मतदान विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गोपीनाथ सिंह महिला कॉलेज, सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज, तेतरी चंद्रवंशी बीएड कॉलेज, इंदिरा सिंह बीएड कॉलेज एवं एसएसजेएस नामारी कॉलेज गढ़वा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सभी ने मतदाता जागरूकता विषय पर आकर्षक, मनमोहक एवं संदेशात्मक रंगोली बनाई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने सभी प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए रंगोली का निरीक्षण किया। श्री जमुआर ने विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए रंगोली की सराहना की। ज्ञात हो कि सभी प्रतिभागियों ने पहले कॉलेज स्तर पर रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वहां से सर्वश्रेष्ठ रंगोली बनाने वाले प्रतिभागियों को जिला स्तर पर रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए रंगोली का अंतिम निरीक्षण के बाद प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सात मई को जिला स्तर पर डीसी के द्वारा पुरस्त किया जाएगा। मौके पर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रमेश कुमार कुशवाहा, परियोजना अर्थशास्त्री क्षमा प्रिया, सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह एवं नेहा नूतन लकड़ा उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### कीटनाशक खाकर आत्महत्या

**कांडी।** थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत देवडीह गांव निवासी लगभग 62 वर्षीय जय किशुन मिस्त्री ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर लिया। घटना सोमवार 3 बजे सुबह की है। परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए गढ़वा लेकर गए। जहां से डॉक्टर ने गंभीर स्थिति देखते हुए मेदिनीनगर रेफर कर दिया। गंभीर रूप से घायल जयकिशुन ने अस्पताल में अंतिम सांसे ली। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी में वे घरेलू विवाद के तनाव में आकर कीटनाशक दवा पी लिया। मृतक अपने पीछे पत्नी, पांच पुत्र व दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार को छोड़ गया है।

### ईवीएम वीवीपैट डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टी चुनाव के लिए रवाना

**अररिया।** अररिया में मंगलवार को होने वाले मतदान को लेकर बनाए गए 2004 मतदान केंद्र के लिए पोलिंग पार्टी के साथ ईवीएम डिस्पैच किया जा रहा है।जिले में कुल 2004 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमे 735 बूथ क्रिटिकल है।चुनाव के लिए 8 हजार 908 कर्मियों की तैनाती की गई है। लोकसभा चुनाव की सफलता को लेकर विधानसभावार पोलिंग पार्टी का एवं वीवीपैट डिस्पैच सेंटर बनाया गया।

### फर्जी लूटकांड दर्ज कराने वाला सीएसपी संचालक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के दरपा थाना पुलिस ने फर्जी लूटकांड दर्ज कराने वाला सीएसपी संचालक को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि दरपा थाना क्षेत्र स्थित पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक गौतम कुमार सिंह ने लिखित आवेदन देते हुए तीन अज्ञात अपराधी द्वारा चाकू एवं पिस्टल का भय दिखाकर ग्राहक सेवा केन्द्र से पचास हजार रुपये लूट का मामला दर्ज कराया गया था। आवेदन के आलोक एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर डीएसपी रक्सौल धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व लूट की तहकीकात की गयी। इस दौरान पाया गया कि आवेदक द्वारा रुपये को गबन करने की नियत से पुलिस को दिग्भ्रमित करते हुए फर्जी कांड दर्ज कराया गया है। अनुसंधान में आये तथ्यों के आधार पर फर्जी लूट मामला दर्ज कराने वाले ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक लखौरा थाना क्षेत्र निवासी गौतम कुमार सिंह को दरपा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई में जुटी है।

### एसपी ने अंतर जिला चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**पूर्वी चंपारण।** आसन्न लोकसभा चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में सम्पन्न कराने के लिए सोमवार को एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने जिले के अरेराज अनुमंडल अन्तर्गत पहाड़पुर थानाक्षेत्र के मटियरवा अन्तर जिला चेकपोस्ट एवं निमार्णाधीन स्थायी अन्तर जिला चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। उक्त चेकपोस्ट का निर्माण पूरा होने से भविष्य में इन क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण में काफी मदद मिलेगी। निरीक्षण के दौरान एसपी ने चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सघन जॉच करने एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। मौके पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार अरेराज व पहाड़पुर थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

### अंग्रेजी शराब बरामद , दो पर एफआईआर

**बेतिया।** गन्ना के खेत में 81 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने कारोबारी को गिरफ्तार किया है। हालांकि इस कारोबार में संलिप्त दो लोग पर एफआईआर पुलिस ने दर्ज की है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर नगर पंचायत के नूनियाटोला के वार्ड नं 2 में स्थित सरेह में एक गन्ना के खेत में छुपाकर रखे गये शराब की तलाशी में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान खेत में छुपाकर रखे गए शराबों को जप्त कर पुलिस स्थानीय थाना लेकर पहुंची। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस शराब कारोबारियों के धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र के बाखरपुर गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शंकर मिश्रा के घर छापामारी कर हथियार बरामद किया है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि विजय शंकर मिश्र ने अपने घर पर भारी मात्रा में हथियार छुपा कर रखा है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विजय शंकर मिश्रा के घर से जब तलाशी लिया तो उसके घर से अवैध हथियार के साथ चाकू जब्त किया गया।

### किशोरी का दुपट्टा ही बना फांसी का फंदा

**नवादा।** नवादा जिले में 13 वर्षीय एक किशोरी का शव दुपट्टे से फांसी लगाकर झूलता हुआ पुलिस ने सोमवार को बरामद किया है। जिसे पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं परिजन ने कहा कि यह एक दुर्घटना,जिसमें किशोरी को उसी के दुप्पटा से फांसी लगा और मौत हो गई। हालांकि पूरा मामला जांच का विषय है। नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र के गारो बीघा गांव में फांसी के फंदे से लटका एक किशोरी का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव मिलते ही इलाके सनसनी फैल गई। मृतका जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र के छोटकी अम्मा गांव निवासी धर्मेंद्र पांडेय की बेटी है। बहरहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। परिजन के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पूरे मामले की जांच की जाएगी।

### जिले के सभी राजस्व ग्राम में होगी मिट्टी की जांच

**पूर्वी चंपारण।** जलवायु परिवर्त्तन और रसायनिद खादो के अत्यधिक प्रयोग से लगातार गिर रही मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कृषि विभाग ने मिट्टी की जांच कराने का निर्णय लिया है।मिट्टी की जांच कराने के लिए किसानों को जागरूक करने के लिए सभी कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, एटीएम व बीटीएम को विभागीय स्तर पर जिम्मेवारी सौंपी गई है। साथ ही विभाग द्वारा एक लक्ष्य निर्धारित कर इन्हे सभी प्रखंड के राजस्व गांव से मिट्टी नमूनों के संग्रहण करने का भी टास्क दिया गया है।कार्य को समय पर पूरा कराने के लिए विभाग द्वारा नोडल अधिकारी भी बनाए गए हैं। विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार आदापुर प्रखंड में 1071, चकिया 1134, अरेराज 868, बंजरिया 793, बनकटवा 6, छौड़ादानो 930, चिरैया 1495, ढाका 1495,घोड़ासहन 868, हरसिद्धि 1197, कल्याणपुर 1560, केसरिया 1071, कोटवा 992, मधुबन 793, मेहसी 793, मोतिहारी 10, पहाड़पुर 992, पकड़ीदयाल 540, पताही 930, फेनहरा 360, पिपरा कोठी 360, रामगढवा 992, रक्सौल 793, संग्रामपुर 868, सुगौली 992, तेतरिया 540 व तुरकौलिया ब्लॉक में 992 मिट्टी नमूनों के संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### बिहार में अगले पांच दिन तक अधिकतर इलाकों में तेज आंधी-बारिश के आसार

**पटना।** बिहार में मौसम का मिजाज बदल गया है। सोमवार से अगले पांच दिनों तक बिहार के अधिकतर इलाकों में तेज आंधी और बारिश के आसार हैं। जिससे अधिकतम तापमान में 5 से 6 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, सोमवार को उत्तर बिहार के कुछ जगहों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। मंगलवार को पटना समेत राज्य के ज्यादातर जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है। इसको लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आंधी और बारिश की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। इसके साथ ही किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसल को सुरक्षित कर लें। प्रबंधन द्वारा जारी निदेर्शों का पालन करें।

स्पीड न्यूज

## चाकू की नोक पर नाबालिग से दुष्कर्म

**हमीरपुर।** एक दबंग युवक ने मां बाप को जान से मारने की धमकी देकर चाकू की नोक पर नाबालिग से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। सोमवार को पुलिस ने मामले की जांच की बात कही है। मौदहा कस्बे के निवासी एक पिता जो एक किसान है। वह नलकूप में परिवार के साथ रहता है। उसने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि कस्बे में रहने वाले नरायच निवासी अनिल ने पहले उसकी नाबालिग लड़की को जबरदस्ती चाकू की नोक पर नलकूप में दुष्कर्म किया। इससे पहले उसने मोबाइल फोन देकर उससे बात करने का दबाव बनाया था। पीड़ित पिता ने नाबालिग का मेडिकल परीक्षण करा मामला दर्ज करने की गुहार लगाई है।

## भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व चलाया गया।

## हथियार एवं बम बनाने के उपकरण बरामद, दो गिरफ्तार

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता के गरिया 51 पल्ली स्थित आशुतोष कॉलेज के एक छात्र के घर से असलहा बरामद हुआ। रविवार रात उनके घर से एक वन-शटर, दो 7 एमएम पिस्तौल, 30 राउंड कारतूस, पांच किलो बारूद बरामद किये गये। इसके अलावा पुलिस ने सुतली के 25 बंडल भी बरामद किये। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान विजय हलदर उर्फ भूटम एवं हिरण्मय नस्कर उर्फ राणा के रूप में हुई है।

## पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** जिगना पुलिस और एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम ने सोमवार को 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को मछहा बंधा के पास से मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ओपी सिंह ने बताय कि विंध्याचल थाना क्षेत्र के ढ़ेबुआ गांव निवासी आकाश बिन्द को मछहा बन्धा के पास से वाहन चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। आरोपित ने पुलिस से बचने के लिए भागने के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग की थी, जबाबी कार्रवाई में आरोपित के पैर में गोली लगी। पुलिस अभिरक्षा में घायल को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोई भिजवाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के उपरान्त उसे मंडलीय चिकित्सालय रेफर किया गया।

## चलती कार में लगी आग, झुलसा ड्राइवर

**पूर्वी चंपारण।** जिले के केसरिया-कल्याणपुर मार्ग पर चलती एक कार में आग लग गई, जिसमें ड्राइवर गंभीर रूप से झुलस गया और कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना केसरिया कल्याणपुर पथ के बहुआरा सुजान गांव के अवध पेट्रोल पंप के समीप की है। घायल ड्राइवर केसरिया थाना क्षेत्र की दरमाहा पंचायत के भुसौलवा के शैलेंद्र सिंह का 23 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार है।

## ग्रामीणों के साथ बिजली ऑफिस में धरना देंगे पिंकू

**कांडी।** स्थानीय स्तर पर बिजली के सुलगते सवाल को लेकर कांडी प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय ग्रामीणों के साथ गढ़वा के बिजली ऑफिस पर बेमियादी धरना प्रदर्शन करेंगे। इस पर एसई ने कहा कि आपलोगों का उक्त प्रखंड दूर पड़ता है। इसलिए दिक्कत होती है। प्रमुख पिंकू पांडेय ने कहा कि कांडी, मझिआंव व बरडीहा भी भारत के ही अभिन्न अंग हैं। यहां के लोगों को भी उनका वाजिब हक हर हाल में मिलना चाहिए। इसकी पूरी जवाबदेही बिजली विभाग व प्रशासन की होगी।

# अहमदाबाद के 23 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी, 11 में हैं मतदान बूथ

### बम स्क्वॉड और पुलिस टीम जांच में जुटी, सभी स्कूलों को एक जैसा ई-मेल मिले

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की तरह ही कई स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया है। अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने का ई-मेल भेजा गया है। अहमदाबाद पुलिस बम स्क्वॉड के साथ इन सभी स्कूलों में बारीकी से जांच में जुटी है। ई-मेल सुबह 7 बजे एक के बाद एक स्कूलों में भेजे गए।

सभी ई-मेल में दिल्ली जैसे ही कंटेंट हैं। मेल की लिपि रोमन (अंग्रेजी) में है, लेकिन भाषा हिंदी है। इन स्कूलों में से 11 स्कूल में मंगलवार को मतदान किया जाएगा। इस वजह से पुलिस विशेष सावधानी बरत रही है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के डीसीपी अजित राजियाण ने बताया कि स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। ट्रूमेल




डॉट आईओ चेक करने पर धमकी भरे ई-मेल मिलने की जानकारी हुई। मेल फेक ई-मेल आईडी से भेजा गए हैं।

ट्रूमेल डॉट आईओ एक वैरिफाइ प्लेटफॉर्म है, जैसा कि ट्रू कॉलर मोबाइल में फोन करने वाले के नंबर की जानकारी मिलती है, उसी तरह ट्रूमेल डॉट आईओ ईमेल एड्रेस किसका है, इसकी जानकारी देता है। अहमदाबाद शहर के डीईओ रोहित चौधरी ने बताया कि सकूलों को अज्ञात ई-मेल से धमकी मिली थी। जिसके बाद स्कूल की ओर से डीईओ कार्यालय और समीप के पुलिस थाने को जानकारी दी गई। पुलिस ने तुरंत ही डॉग स्क्वॉड, बम स्क्वॉड लेकर जांच शुरू कर दी। हालांकि अभी तक किसी भी स्कूल में किसी तरह की संदिग्ध वस्तु मिलने की जानकारी नहीं है। पुलिस के अनुसार ई-मेल तौहिद वॉरियर के नाम से की गई है। सुबह 7 बजे के बाद एक के बाद एक कर 17 स्कूलों को ईमेल मेल भेजे गए हैं। ई-मेल में लिखा गया है, "इस्तीशादी पूरे शहर में फैल गए हैं और हमला करने को तैयार हैं। तौहिद के योद्धा प्रतिकार करने वाले सभी लोगों को मार डालेंगे। हमारा ध्येय शरिया कानून स्थापित करना है। हमारे शरण आओ या हमारे द्वेष से मर जाओ। हम तुम्हारे जीवन को खून की नदियों में बदल देंगे।"

**इन स्कूलों को मिली धमकी :** ओएनजीसी केन्द्रीय विद्यालय चांदखेड़ा जोन-2, एशिया इंग्लिश स्कूल वस्त्रापुर जोन-1, अमृता विद्यालय घाटलोडिया जोन-1, केलोरेक्ष स्कूल घाटलोडिया जोन-1, न्यू नोबल स्कूल व्यासवाडी नरोडा, डीपीएस बोपल, आनंद निकेतन सेटेलाइट, उदगम स्कूल, जेबर स्कूल, आर्मी केंटोंमेंट केन्द्रीय विद्यालय एयरपोर्ट रोड, नारायणगुरु, एचबीके स्कूल, टर्फ स्कूल नारणपुरा, कुमकुम विद्यालय घोडासर, केन्द्रीय विद्यालय साबरमती, ग्रीनलॉन्स स्कूल वटवा, ग्लोबल इंटरनेशनल बोपल, एलआरडी इंटरनेशनल स्कूल बोपल, त्रिपदा स्कूल घाटलोडिया, जेम्स जीनेनीस स्कूल गोता, साबरमती कन्या विद्यालय साबरमती, स्वामीनारायण विद्यालय मणीनगर और विद्यानगर प्राथमिक स्कूल बापूनगर के नाम शामिल हैं।

**इन स्कूलों में हैं मतदान बूथ :** अमृता विद्यालय घाटलोडिया जोन-1, केलोरेक्ष स्कूल घाटलोडिया जोन-1, न्यू नोबल स्कूल व्यासवाडी नरोडा, आनंद निकेतन सेटेलाइट, उदगम स्कूल, जेबर स्कूल, नारायणगुरु, एचबीके स्कूल, टर्फ स्कूल नारणपुरा, कुमकुम विद्यालय घोडासर, त्रिपदा स्कूल घाटलोडिया।

# गुजरात में 25 लोकसभा और 5 विधान सभा सीटों पर आज डाले जाएंगे वोट

### 1.20 लाख पुलिसकर्मियों की तैनाती, 13,600 मतदान केन्द्र संवेदनशील

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात के सूरत लोकसभा सीट को छोड़कर बाकी की सभी 25 लोकसभा सीटों पर 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे। इसके साथ ही 5 विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए भी वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयोग ने मतदान को लेकर विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तैयारी पूरी की है। सोमवार शाम तक सभी मतदान केन्द्रों पर ईवीएम मशीन और स्टाफ पहुंच जाएंगे।

**6.85 लाख मतदाता बढ़े**

गुजरात में वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार 6.58 लाख नए वोटर जुड़े हैं। गुजरात में कुल मतदाताओं की संख्या 4 करोड़ 96 लाख 22 हजार 162 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 55 लाख 43 लाख और 670 है। महिला मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 40 लाख 76 हजार 974 है। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 1518 है।

**182 आदर्श मतदान केन्द्र:** गुजरात की मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी. भारती ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपेट की कमिशनिंग का काम पूरा कर लिया गया है। वोटर इन्फारर्मेशन स्लिप के वितरण का भी काम पूरा कर लिया गया है। गुजरात के 50,787 मतदान केन्द्र पर वोटिंग होगी। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में 33,475 और शहरी क्षेत्र में 17,202 मतदान केन्द्र हैं। राज्य के 110 मतदान केन्द्र ऐसे हैं, जहां मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है। राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक मतदान केन्द्र को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। राज्य भर में आदर्श मतदान केन्द्रों की संख्या 182 है।

**हीटवेव को लेकर पूर्व तैयारी :** मतदान के दिन गुजरात भर में हीटवेव का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जताया है। इसे लेकर चुनाव आयोग ने भी तैयारी की है। मतदान के लिए राज्य भर में पारा 40 डिग्री के आसपास रहने की बात कही गई है।

## अमित शाह का दावा, बंगाल में जीतेंगे कम से कम 30 सीटें

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने सोमवार को दावा किया कि इस बार राज्य में कम से कम 30 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत पक्की है। अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार अमृता रॉय के समर्थन में पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में रोड शो के बाद मीडिया से कहा, "हमें कम से कम 30 सीटों पर अपनी जीत का भरोसा है। यह भी संभव है कि इस बार राज्य से भाजपा की कुल सीटें 35 तक पहुंच जाए।" रोड शो के दौरान शाह ने कहा, "इस रोड शो में विशाल जनसमूह की उत्साहपूर्ण भागीदारी से मैं अभिभूत हूं।

## लोस चुनाव : तीसरे चरण में 7 मई को यूपी की 10 सीटों पर होगा मतदान


**लखनऊ।** लोक सभा चुनाव के तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश के 10 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मंगलवार को सुबह सात बजे से मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सोमवार को लोक सभा के तीसरे चरण के मतदान की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों सम्भल, हाथरस (सुरक्षित), आगरा (सुरक्षित), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला तथा बरेली में 07 मई को मतदान होगा।

# मप्र की नौ सीटों पर आज मतदान

### 127 उम्मीदवार के भाग्य का फैसला करेंगे 1.77 करोड़ मतदाता

एजेंसी

**भोपाल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तीसरे चरण में मध्यप्रदेश के नौ संसदीय क्षेत्रों में मंगलवार (7 मई) को मतदान होना है। इन क्षेत्रों में 20 हजार 456 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां 81 हजार से अधिक कर्मचारी मतदान संपन्न कराएंगे।




तीसरे चरण की इन नौ लोकसभा सीटों पर 127 उम्मीदवार मैदान में हैं।

इनमें केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और दिग्विजय सिंह भी शामिल हैं। इन नौ संसदीय क्षेत्रों में एक करोड़ 77 लाख 52 हजार 583 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

# ब्राह्मण और दलितों को जोड़कर सीट जीतने की बसपा ने की तैयारी

### सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर दशकों बाद ब्राह्मण चेहरे पर मायावती ने लगाया है दांव

एजेंसी

**हमीरपुर।** हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी संसदीय क्षेत्र में बसपा ने अब ब्राह्मण और दलितों को जोड़कर सीट जीतने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए पार्टी ने जातीय समीकरणों को साधने के लिए चुनावी सभाएं कराए जाने का फैसला किया है। सोशल इंजीनियरिंग का कार्ड एक बार फिर फेंके जाने से यहां चुनावी दंगल में भाजपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। बुंदेलखंड के हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी संसदीय सीट के लिए सिटी एमपी व भाजपा प्रत्याशी पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल यहां हैट्रिक लगाने के लिए बड़ी जद्दोजहद कर रहे है। वहीं उन्हें घेरने के लिए कांग्रेस के समर्थन से सपा प्रत्याशी अजेन्द्र सिंह राजपूत जातीय समीकरण अपने पक्ष में करने में जुटे है। इस बार मायावती



ने कई दशकों यहां की सीट पर पहली बार ब्राह्मण समाज से निर्दोष दीक्षित को प्रत्याशी घोषित किया है जिससे संसदीय क्षेत्र में चुनावी समीकरण तेजी से बदलने लगे है। चुनावी घमासान के बीच तीनों ही प्रत्याशी एक दूसरे पर भारी पड़ते दिख रहे है। संसदीय क्षेत्र में 22.63 फीसदी के करीब अनुसूचित जाति के मतदाता है जिसे बसपा का आधार वोट माना जाता है।

## शाहगढ़ से ब्रजेश पाठक का अमेठी के मतदाताओं को संदेश

**लखनऊ।** अमेठी लोकसभा क्षेत्र के गौरीगंज विधानसभा में ब्राह्मण बहुल्य क्षेत्र शाहगढ़ से उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अमेठी के मतदाताओं को चुनावी संदेश दिया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गाँव, गरीब, किसान, युवाओं, महिलाओं एवं शोषित, वंचितों के हित के लिए समर्पित भाजपा सरकार को प्रचंड व ऐतिहासिक जीत दिलाने का आह्वान किया। अमेठी से भाजपा की प्रत्याशी स्मृति ईरानी के समर्थन में आयोजित जनसभा में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया गया है।

## इजरायल ने राफा पर शुरू किया हवाई हमला

**तेल अवीव।** इजरायली सेना ने गाजा पट्टी के राफा पर हवाई हमला शुरू कर दिया है। राफा के कई इलाकों में विस्फोट की आवाजें सुनी गई हैं। हमले से पहले इजरायली सेना ने फिलिस्तीनियों को राफा को खाली करने को कहा था। इजरायली सेना के प्रवक्ता ने कहा था कि वह राफा से 1 लाख लोगों को निकालने के लिए तैयार हैं। इजरायली सेना के आदेश के बाद बड़ी संख्या में फिलिस्तीनियों को अपना घर-बार छोड़कर जाते हुए भी देखा गया।

# भारत-नेपाल सीमा हुआ सील, अररिया में मतदाता मतदान के लिए पूरी तरह तैयार

एजेंसी

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया लोकसभा सीट पर मंगलवार को मतदान होना है। मतदाता मतदान के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। आसमान में उमड़े बादल के कारण मौसम में थोड़ी नमी आयी है। इससे जिला प्रशासन को इस बात का भरोसा है कि पिछले चुनाव से मतदान का प्रतिशत कम नहीं होगा। प्रत्याशियों के दिलों की धड़कन भी तेज हो गयी है। ऐसे में एक प्रतिशत भी कम मतदान प्रतिशत किसके लिये नुकसानदायक होगा कहना मुश्किल है। बहरहाल 07 मई को तीसरे चरण के लिए जिले के तीन मुख्य दलों समेत छह निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह, राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम व बहुजन समाज पार्टी के गौसूल आजम के अलावा मो इस्माइल, जावेद अख्तर,



अखिलेश कुमार, मुस्ताक आलम, मो मोबिनुल हक, शत्रुध्न प्रसाद सुमन शामिल है। लोकसभा चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा 48 घंटे पूर्व भारत-नेपाल सीमा को कस्टम के अधिकारियों ने जोगबनी थानाध्यक्ष राजीव कुमार आजाद व जोगबनी एसएसबी कैंप प्रभारी आनंद सिंह भंडारी की उपस्थिति में सील कर दिया। वही, सीमा सील होने के बाद लोगों की आवाजाही पर पूर्णतः रोक लगा दी गयी है। भारतीय पक्ष द्वारा सीमा सील किये जाने के बाद नेपाल ने भी अपनी सीमा को सील कर दिया है। सीमा सील होने के बाद दर्जनों गाड़ियां, जो नेपाल सैर-सपाटे अथवा किसी कार्य से गयी थीं फंसी रह गयीं। इस संबंध में जोगबनी एसएसबी कैंप प्रभारी आनंद सिंह भंडारी ने कहा कि सीमा सील होने के बाद लोगों की आवाजाही पर पूरी तरह से रोक लगा दी गयी है। जो लोग सीमा सील होने के बाद नेपाल में या भारत में फंस गये हैं, सिर्फ उन्हें ही पहचान पत्र दिखाने के बाद आने-जाने दिया जायेगा। जो भी लोग नेपाल से भारत यात्रा करने जानेवाले हैं, उन्हें यात्रा टिकट दिखाने के बाद ही भारतीय क्षेत्र में प्रवेश दिया जाएगा।

एक नजर में

## मुरादाबाद बस अड्डे के पास मिला शव संभल की शशिबाला का

**मुरादाबाद।** महानगर के थाना गलशहीद क्षेत्र में रोडवेज बस स्टैंड के पास बीती शनिवार सुबह जिस महिला की लाश मिली थी, सोमवार को उसकी शिनाख्त कर ली गई है। मृतक महिला की पहचान जनपद संभल के कुढ़फतेहगढ़ निवासी शशिबाला के रूप में हुई है। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मल्टी ऑर्गन फेलियर से महिला की मृत्यु की पुष्टि हुई। गलशहीद थाना के प्रभारी निरीक्षक सौरभ त्यागी ने बताया कि शनिवार की सुबह पुराना रोडवेज बस स्टैंड के पास एक महिला का शव पड़ा मिला था। महिला के पास से एक पर्ची मिली, जिस पर लिखे नम्बर पर कई बार फोन किया गया, लेकिन उठा नहीं। रविवार की रात्रि में उस नम्बर पर बात हुई तो वह मृतक महिला के बेटे दीपक का निकला। सूचना पर दीपक ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंच कर महिला के शव की शिनाख्त अपनी मां शशिबाला के रूप में की। बेटे दीपक ने बताया कि उसकी मां पिछले कई माह से अस्वस्थ चल रही थी। शनिवार को गाजियाबाद से दवा लेने की बात कहकर घर से गई थी। इसके बाद से उनका कुछ पता नहीं चल रहा था।

## जौनपुर में महिला की गला रेतकर हत्या

**जौनपुर।** नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के बलुआ घाट मोहल्ले में सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बलुआ घाट निवासी मोहम्मद इसाक के पुत्र मोहम्मद इरफान क्षेत्र में ही सैलून चलाता है। उसकी पत्नी शबीना (28) अपने घर पर सुबह से अकेली थी। उसके परिजन रिश्तेदारी में एक वलीमा (प्रीतिभोज) में शामिल होने गए थे। सोमवार दोपहर को इरफान का भांजा इश्तियाक जब घर पर हेलमेट लेने पहुंचा तो देखा कि शबीना बेड के नीचे पड़ी है। उसकी गर्दन धारदार हथियार से कटी हुई थी, नीचे पहुंचकर उसने मोहल्ले वालों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूना ले लिया है। मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है, जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा। परिवार से जानकारी मिली है कि शबीना की शादी को 10 वर्ष बीत चुकी है। उसका मायका भदोही जिले में है। फिलहाल लड़की के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## यूपी बोर्ड : इम्प्रूवमेंट व कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन 31 मई तक

**प्रयागराज।** हाईस्कूल परीक्षा-2024 में इम्प्रूवमेंट-कम्पार्टमेंट तथा इण्टरमीडिएट में कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए अर्ह परीक्षार्थियों का ऑनलाइन आवेदन परिषद् की वेबसाइट 'यूपीएमएसपी.ईडीयू.इन' पर 07 से 31 मई तक स्वीकार किया जायेगा। यह जानकारी यूपी बोर्ड के सचिव दिव्य कान्त शुक्ल ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट परीक्षा के अंतर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुए विषय में तथा कम्पार्टमेंट के अंतर्गत अनुत्तीर्ण हुए दो विषयों में से केवल किसी एक विषय में ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। परीक्षा शुल्क 256.50 निर्धारित है। सचिव ने बताया कि इसी प्रकार इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षा में मानविकी, वैज्ञानिक एवं वाणिज्य वर्ग से सम्मिलित परीक्षार्थी किसी एक विषय में, कृषि निर्धारित विषयों में किसी एक प्रश्नपत्र में एवं व्यावसायिक वर्ग के ट्रेड विषय के किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी कम्पार्टमेंट परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अर्ह माने जायेंगे।

## कृषि क्षेत्र में क्रांति ला सकता है मॉलीक्युलर इंटरनेशन : डॉ. रवि गुप्ता

मेरठ। कूकमिन विश्वविद्यालय दक्षिण कोरिया के सहायक प्रोफेसर डॉ. रवि गुप्ता ने कहा कि एमएसपीआई सेक्रेटेड प्रोटीन चावल में संकेतिक पथों को प्रेरित करता है, जो अंततः बीमारी प्रतिरोधकता की ओर ले जाता है। यह मोलेक्युलर इंटरेक्शन की नई समझ, धान की फंगल बीमारियों के खिलाफ निश्चित रणनीतियों के लिए रास्ता बता सकती है, जो कृषि क्षेत्र में क्रांति ला सकती है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग द्वारा सोमवार को डॉ. नॉर्मन बोरलॉग लेक्चर सीरीज के अंतर्गत स्पेशल लेक्चर का आयोजन किया। मुख्य वक्ता डॉ. रवि गुप्ता ने मॉलिक्यूलर मैकेनिज्म ऑफ मगनपार्थे ओरीजै सेक्रेटेड प्रोटीन एमएसपीआई -इंडूसड़ इन राइस विषय की व्याख्या की।

## उप्र में बूंदाबांदी की संभावना, कानपुर में 41 के पार पहुंचा तापमान

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में लू के थपेड़ों से जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोग दोपहर में घरों से बाहर निकलने से कतराते हैं। कानपुर में तो तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। भीषण गर्मी और लू के बीच एक बार फिर उत्तर प्रदेश के मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग का आगामी दो दिन पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश के कुछ जनपदों में स्थानीय स्तर पर बूंदाबांदी की संभावना है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ निचली और मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ हवाओं में एक गर्त के रूप में अपनी धुरी के साथ समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर है, जो लगभग 67 डिग्री पूर्व देशांतर के साथ 32 डिग्री उत्तर अक्षांश के उत्तर में चल रहा है। पूर्वोत्तर बिहार और आसपास के इलाकों पर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। एक ट्रफ रेखा पूर्वोत्तर बिहार पर चक्रवाती परिसंचरण से निचले स्तर पर गंगीय पश्चिम बंगाल से होते हुए ओडिशा तक फैली हुई है। मराठवाड़ा और आसपास के इलाकों पर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। पूर्वोत्तर असम और आसपास के क्षेत्रों पर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !